राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-131
लखनऊ, शुक्रवार 29 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सभी जिले डायलिसिस यूनिट से लैस : ब्रजेश पाठक 03

लग्जरी होटल को भी मात दे रही अयोध्या की आधुनिक टेंट सिटी 12

## यूपी : टीचर भर्ती में अब नए फॉर्मूले से तैयार होगी मेरिट लिस्ट

### यूपीएसईएसएसबी ने टीजीटी, पीजीटी और पीआरटी टीचर भर्ती की प्रक्रिया में किया बदलाव

▸ शिक्षक भर्ती में अब लिखित परीक्षा के साथ जोड़ा गया इंटरव्यू

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में टीचर भर्ती की प्रक्रिया में परिवर्तन हो रहा है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जल्द जारी होने वाला है।

उत्तर प्रदेश सेकेंडरी एजुकेशन सर्विस सेलेक्शन बोर्ड यानि यूपीएसईएसएसबी की तरफ से टीजीटी, पीजीटी और पीआरटी टीचर भर्ती की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। यूपी में प्राथमिक स्कूलों से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक शिक्षकों की भर्तियां होने वाली हैं। अब शिक्षक भर्ती में लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरव्यू जोड़ा गया है। प्राथमिक स्कूलों, उच्च प्राथमिक स्कूलों, माध्यमिक स्कूलों, डिग्री कालेजों, अल्पसंख्यक स्कूल और कालेजों में शिक्षकों के साथ-साथ अनुदेशकों की भर्तियां होंगी। इससे पहले साल 2021 में टीजीटी, पीआरटी और पीजीटी टीचर की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ था। शिक्षकों की भर्ती से सबसे बड़ा फेरबदल प्राथमिक स्कूलों व उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों के चयन में होगा। पिछले भर्ती प्रक्रिया में अभी तक 60 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा और 40 प्रतिशत अंक शैक्षिक गुणांक के होते थे। नए आयोग के अनुसार एग्जाम पैटर्न में बदलाव किया जा रहा है।

**अब यह होगी चयन प्रक्रिया**

यूपीएसईएसएसबी की तरफसे जल्द ही इस भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी होगा। यूपी शिक्षक भर्ती में 90 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा के और 10 प्रतिशत अंक इंटरव्यू के जोड़कर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। सेलेक्शन प्रोसेस में पारदर्शिता के लिए इंटरव्यू में न्यूनतम 40 प्रतिशत और अधिकतम 90 प्रतिशत तक अंक दिए जा सकेंगे। जहां इंटरव्यू नहीं होगा वहां लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर ही भर्ती की जाएगी। यह उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग तय करेगा कि कहां सिर्फ लिखित परीक्षा से भर्तियां होंगी और कहां इंटरव्यू की जरूरत है। परीक्षा दो घंटे की होगी और इसमें वस्तुनिष्ठ प्रश्न यानि ऑब्जेक्टिव क्वेश्चन पूछे जाएंगे। परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई जाएगी। ऑफलाइन ही परीक्षा होगी।

## वकालत का लाइसेंस देने से पहले आवेदक का पुलिस सत्यापन करें सुनिश्चित : हाईकोर्ट

▸ न्यायाधीशों की खंडपीठ ने रिट याचिका निस्तारित करते हुए की टिप्पणी

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अधिवक्ताओं के वकालत करने पर चिंता व्यक्त करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि ऐसे लोग समाज को, विशेषकर कानून बिरादरी को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

पवन कुमार दूबे नाम के एक व्यक्ति द्वारा दायर रिट याचिका निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार और उत्तर प्रदेश राज्य विधिज्ञ परिषद को तत्काल प्रभाव से आवश्यक निर्देश जारी कर लाइसेंस के सभी लंबित और नए आवेदनों के संबंध में संबंधित पुलिस थानों से उचित सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। अदालत ने कहा, इस तरह की जांच पड़ताल प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होगा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को लाइसेंस प्राप्त करने के मामले में विधिज्ञ परिषद को गुमराह करने से रोका जा सकता है क्योंकि ऐसा व्यक्ति जानकारी छिपा सकता है। मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता ने 14 आपराधिक मामलों के लंबित रहने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना छिपाने के लिए एक व्यक्ति के खिलाफ शिकायत की थी। इन 14 मामलों में से चार मामलों में उस व्यक्ति को दोषी करार दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुना हादसे में कार्रवाई डीएम-एसपी हटाए गए

**भोपाल।** गुना बस हादसे में मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। गुना कलेक्टर तरुण राठी और एसपी विजय कुमार खत्री के साथ ही परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा को हटा दिया है। कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार जिला पंचायत सीईओ प्रथम कौशिक को सौंपा गया है। आरटीओ रवि बरेलिया को सस्पेंड कर दिया गया है। फायर ब्रिगेड देर से पहुंचने के कारण सीएमओ बीडी कतरोलिया को भी सस्पेंड कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दुर्घटना के मामले में लापरवाही के चलते जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी और नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया और नगर पालिका गुना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी डी कतरोलिया को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**लखनऊ।** राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। काशी के संतों ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन देश भर में सार्वजनिक अवकाश करने की मांग की है। अखिल भारतीय संत समिति ने केंद सरकार को पत्र लिखकर 22 जनवरी का अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने पत्र में कहा है कि भारत सरकार को 22 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करना चाहिए। काशी के सभी संतों ने इस मांग का समर्थन किया है। 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन उत्साह मनाए जाने और प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल को लाइव देखने की अपील करते हुये कहा कि 22 जनवरी का दिन सनातन धर्म को मानने वालों के लिए ऐतिहासिक दिन है।

### खंभे से टकराकर पलटी कार, चार युवकों की मौत

**रांची।** झारखंड के रांची जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया है, जिसमें 4 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के सदर थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ से डुमरदगा जाने वाले रूट का है। चालक कार को काफी तेज रफ्तार में चला रहा था और वह कार पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिस वजह ओवरस्पीड कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई और टकराने के बाद कार पलट गई। हादसे में कार में सवार 4 युवकों की मौत हो गई।

### आरोपियों की पॉलीग्राफ़ जांच के लिए अदालत से गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोप में गिरफ्तार सभी छह लोगों की पॉलीग्राफ़ जांच की अनुमति के लिए गुरुवार को अदालत से गुहार लगाई। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर की अदालत ने दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के बाद कहा की वह इस मामले में दो जनवरी को विचार करेगी। सभी अभियुक्तों के वकील के उपस्थित नहीं होने के कारण इस मामले में वह दो जनवरी को सुनवाई करेगी। तेरह दिसंबर को हुई घटना के मामले में गिरफ्तार सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत अदालती आदेश पर पांच जनवरी 2024 तक दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत में हैं।

## भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अफसरों को नहीं होगी फांसी

एजेंसी



▸ भारत सरकार की अपील के बाद कतर की अदालत ने दहरा ग्लोबल मामले में मौत की सजा पर दी राहत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कहा कि कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में पिछले महीने आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को दी गई मौत की सजा को कम कर दिया है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि कतर की अपील अदालत ने दहरा ग्लोबल मामले में मौत की सजा कम कर दी है। हालांकि, यह निर्दिष्ट नहीं किया गया कि अदालत ने क्या कहा, यह कहते हुए कि मामले में विस्तृत निर्णय की प्रतीक्षा है। यह घटनाक्रम कतर की प्रथम दृष्ट्या अदालत द्वारा नौसेना के दिग्गजों को दी गई मौत की सजा के खिलाफ भारत सरकार द्वारा दायर अपील को स्वीकार करने के कुछ सप्ताह बाद आया है।

विशेष रूप से भारतीय अधिकारी अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ निकट संपर्क में हैं। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि हमने दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपील अदालत के आज के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजा कम कर दी गई है। विस्तृत फैसले का इंतजार है। कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ आज अपील अदालत में उपस्थित थे। हम मामले की शुरुआत से ही उनके साथ खड़े हैं, और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे।

**पूर्व नौसैनिकों पर यह है आरोप**

कतर के अधिकारियों ने आरोप लगाया कि ये पूर्व नौसैनिक अधिकारी इजरायल के लिए कतर के गुप्त पनडुब्बी कार्यक्रम की जासूसी कर रहे थे। वहीं कतर के स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय पूर्व नौसैनिक की गिरफ्तारी इजरायल को संवेदनशील और गोपनीय जानकारी लीक करने के शक में की गई थी। सभी पूर्व अधिकारियों को कतर की खुफिया एजेंसी ने हिरासत में लिया था। भारतीय दूतावास को पिछले साल सितंबर के मध्य में पूर्व नौसेना अधिकारियों की गिरफ्तारी के बारे में पता चला।

### जयपुर और दिल्ली समेत सात एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजधानी जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट अधिकारियों को ईमेल पर एयरपोर्ट और प्लेन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार्यालय कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल मिलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। पुलिस को अब तक की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ईमेल किसने भेजा और कहां से आया, अधिकारी इसका पता लगा रहे हैं। दरअसल, बुधवार देर रात को राजधानी जयपुर सहित आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट अधिकारियों की कस्टमर केयर की आईडी पर ईमेल आया कि जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़, मुंबई, चेन्नई और अहमदाबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि सर्च के दौरान कुछ नहीं मिलने पर सीआईएसएफ की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने को लिखित में शिकायत दी।

## शूटर अरमान का मकान कुर्क हत्याकांड के बाद से है फरार

समृद्धि न्यूज

▸ उमेश पाल हत्याकांड में पांच लाख का इनामी आरोपी है अरमान

**प्रयागराज।** प्रयागराज के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में वांछित और पांच लाख रुपए के इनामी आरोपी अरमान का सिविल लाइंस स्थित मकान बृहस्पतिवार को पुलिस ने कुर्क कर दिया।

एसीपी (धूमनगंज) वरुण कुमार ने बताया कि उमेश पाल हत्याकांड में वांछित अरमान पुत्र मोहम्मद शमीम का सिविल लाइंस स्थित मकान कुर्क किया गया। वह इस हत्याकांड के बाद से ही फरार है। उन्होंने बताया कि मकान में रखे सामान को सीआरपीसी की धारा 83 के तहत पुलिस द्वारा आज कुर्क किया गया। इस मामले में छह आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से कुर्की का आदेश प्राप्त किया गया था जिसमें से पांच लोगों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जा चुकी है और शाइस्ता परवीन (अतीक अहमद की पत्नी) के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई बाकी है। इससे पूर्व प्रयागराज पुलिस गुड्डू मुस्लिम उर्फगुड्डू बमबाज, अशरफकी पत्नी जैनब फातिमा, साबिर, मेरठ में आइशा नूरी (अतीक की बहन) के मकान की कुर्की कर चुकी है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक राजू पाल की हत्या मामले में मुख्य गवाह उमेश पाल की 25 फरवरी, 2023 को दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की तहरीर पर धूमनगंज थाना में माफिया अतीक अहमद, भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, अतीक के दो बेटों, अतीक के साथ गुड्डू मुस्लिम और गुलाम, नौ अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की इसी वर्ष 15 अप्रैल को प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### मनी लॉन्ड्रिंग में पीएफआई के 5 पदाधिकारी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पांच प्रमुख पदाधिकारियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इन आरोपितों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। पीएफआई के संस्थापक सदस्यों में से एक एएस इस्माइल, पीएफआई के कर्नाटक के अध्यक्ष मोहम्मद शकीफ, 2020 तक पीएफआई के राष्ट्रीय सचिव रहे अनीस अहमद, पीएफआई को प्रतिबंधित किये जाने तक राष्ट्रीय सचिव रहे अफसर पाशा और पीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे ईएम अब्दुल रहीमान को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। ये सभी प्रतिबंधित संगठन सिमी से भी जुड़े हुए थे। कोर्ट ने 22 दिसंबर को इन आरोपितों को आज तक की ईडी की हिरासत में भेजा था।

## कोलकाता में छापेमारी के दौरान ईडी ने बरामद किए दो करोड़ रुपए

एजेंसी



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को यहां एक आवास पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में नकदी जब्त की गई । सूत्रों के मुताबिक, बरामदगी दो करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है, लेकिन सही रकम गिनती की प्रक्रिया खत्म होने के बाद ही पता चलेगी। ये घर रॉबिन यादव का है जिसने कोलकाता के केस्टोपुर इलाके के रवीन्द्र पल्ली में इस घर को किराए पर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि रॉबिन फिलहाल फरार है।

सूत्रों के मुताबिक, घर के मालिक ने ईडी अधिकारियों को बताया कि यादव कुछ समय पहले घर में ताला लगाकर चला गया और तब से नहीं आया है। यह पता चला है कि यादव ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिल कर घर किराए पर लिया था, जिसे उसने घर के मालिक को अपने दोस्त के रूप में पेश किया था। दूसरा व्यक्ति भी फरार है। हालांकि, सूत्रों ने पुष्टि की कि यह बरामदगी पश्चिम बंगाल में किसी मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले से संबंधित नहीं है, जिसकी ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पहले से अलग-अलग जांच कर रहे हैं। पता चला है कि यादव बिहार के पटना में स्थित करोड़ों रुपये की साइबर जालसाजी के संबंध में वांटेड है। गुरुवार सुबह से ही ईडी की अलग-अलग टीमें पश्चिम बंगाल में स्कूल और नगर पालिकाओं में नौकरियों के लिए नकद के दो केस की जांच के संबंध में कोलकाता के विभिन्न इलाकों में नौ स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

### 24 घंटे में आए कोविड के 702 नए मामले, छह मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 702 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ कर 4,097 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 से महाराष्ट्र में दो जबकि कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में एक-एक मरीज की मौत हुई है। देश में 22 दिसंबर को संक्रमण के 752 नए मामले दर्ज किए गए थे। ठंड और कोरोना वायरस के नए उपस्वरूप के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी।

## आर्थिक सहयोग को विस्तार देंगे भारत-रूस

▸ पुतिन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से की मुलाकात

एजेंसी



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने विश्व में जारी उथल-पुथल के बावजूद भारत रूस संबंधों में प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को विस्तार देने की आवश्यकता जताई है।

श्री पुतिन ने कल देर शाम भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से क्रेमलिन में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही। बैठक में रूसी पक्ष से, विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर अंतर सरकारी रूसी-भारतीय आयोग के रूसी पक्ष के अध्यक्ष डेनिस मंटुरोव तथा राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने भाग लिया। डॉ जयशंकर ने श्री पुतिन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक विशेष पत्र भी सौंपा। क्रेमलिन के अनुसार श्री पुतिन ने कहा कि हमारा व्यापार लगातार दूसरे वर्ष और आत्मविश्वासपूर्ण गति से बढ़ रहा है। इस वर्ष, विकास दर पिछले वर्ष से भी अधिक थी। यह सामान्य ज्ञान है कि यह मुख्य रूप से ऊर्जा संसाधन हैं - तेल, तेल उत्पाद और कोयला, लेकिन यह सिर्फ इतना ही नहीं है। हम हाई-टेक क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक मित्रों, भारत और भारतीय लोगों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं। मैं श्री मोदी की स्थिति जानता हूं और हम इस बारे में एक से अधिक बार बात कर चुके हैं। मैं उनकी स्थिति, हॉट स्पॉट, यूक्रेन की स्थिति सहित जटिल प्रक्रियाओं के प्रति उनके रवैये की बात कर रहा हूं। मैंने उन्हें इस संघर्ष के आसपास की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है। मैं शांतिपूर्ण तरीकों से इस समस्या को हल करने के उनके प्रयास के बारे में जानता हूं। उन्होंने कहा, हमें अपने मित्र श्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी। हमें वर्तमान मुद्दों पर चर्चा करने और रूस-भारत संबंधों के विकास की संभावनाओं के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा।

समीक्षा बैठक

**सीएम योगी ने मंत्री, अफसरों व स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक में की तैयारियों की समीक्षा**

## पीएम के आगमन से धर्मनगरी में होगा विकास के युग का सूत्रपात

▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 को आएंगे अयोध्या

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को अविस्मरणीय समारोह बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वर्ष 2023 की विदा वेला पर धर्मनगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग' के प्रारंभ करने वाली होगी। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं के उपहार भी मिलेगा। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह अयोध्या दौरा अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है, इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब बिक्री पर प्रतिबंध**

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब की बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। परिक्रमा क्षेत्र में स्थित सभी शराब की दुकानें हटाई जाएंगी। ये शराब बंदी सिर्फ 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रहेगी। श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराब बंदी लागू हो चुकी है। राज्य के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बुधवार शाम को पत्रकारों को बताया कि श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराबबंदी लागू हो चुकी है। अब 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में भी शराब नहीं बिकेगी। इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब की दुकानों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ दुकानें हटा भी दी गई हैं। 84 कोसी परिक्रमा पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर गुजरती है। परिक्रमा पथ पर एनएच-28, एनएच-27, एनएच-135 और एनएच-330 पड़ते हैं। इस क्षेत्र में 600 से ज्यादा शराब की दुकानें हैं जिन्हें अब हटाया जाएगा। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

### नीलम आजाद को हाईकोर्ट से झटका, याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में गिरफ्तार नीलम आजाद की याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। नीलम ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उसकी पुलिस हिरासत अवैध है और उसे उसकी पंसद के वकील से विचार-विमर्श करने की अनुमति नहीं दी जा रही है जो अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान उसका पक्ष रख सके। आरोपी के वकील ने न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्ण एवं न्यायमूर्ति शैलिन्दर कौर की अवकाश पीठ के समक्ष मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा कि मामले में जल्दबाजी की जरूरत नहीं है। पीठ ने कहा, ''इसे तीन जनवरी को लिया जाएगा। कोई ऐसी आवश्यकता नहीं है।

# छह दिवसीय सर्कस का हुआ समापन

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कस्बे के मोहल्ला चमरहिया के पास छह दिवसीय सर्कस का आज समापन पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद द्वारा किया गया। वहीं हर दिल अजीज चेयरमैन रियाज अहमद का मोहल्ले के लोगों व कमेटी के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत भी किया।

बताते चले कि कानपुर के नामचिंह कलाकारों द्वारा कस्बे के चमरहिया पछली मे छे दीवसीय सर्कस का बुधवार को रात में समापन पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद साथियों की मौजूदगी में किया गया।

इस सर्कस में जलते हुये बेल्चे राड को जुबान से चाटकर ठंडा करने व शीशे के ट्यूब लाईट को अपने सर व जिस्म पर कर चकनाचूर करना तथा साईकिल पर चढकर विभिन्न प्रकार के आश्चर्यजनक खेल का प्रदर्शन समशाद,राजू, रम्पत, लड्डन व अंय कलाकारों द्वारा किया गया।



इन कलाकारों की कला की सूचना मिलने पर कस्बे सहित आस पास के तमाम लोगों की भीड़ लग गयी।

इस मौके पर चेयरमैन रियाज अहमद ने कहा कि जान को जोखिम में डालकर पेट के लिए तमाम कलाओं का प्रदर्शन करने वाले इन कलाकारों की जितनी भी सराहना की जाये कम है। ऐसे खेल बड़े बड़े सर्कस में भी देखने को नही मिलते हैं। जो आज हमारे कस्बे में दिखाया गया है। लगातार इनाम एकराम के साथ गिफ्ट आदि देकर कलाकारों की होस्ला अफजाई होती रही। इस मौके पर हुसैन अली खान महमूद मूर्लीगंज, आलम राईन चुन्ना मोहरमली राईन इकराम पूर्व सभासद, सभासद शारूख गुड्डू फल, शमीम, गामा आतिशबाज, शेरू, बाबा ढोलक वाले सहित अंय लोगों द्वारा पुरस्कार गिफ्ट आदि देकर कलाकारों को सम्मान पुर्वक बिदाई दी गयी। जबकि दूर से आये कलाकारों ने भी कस्बे की एक्ता मेहमान नवाजी को कबिले तारीफ बताते हुये कमेटी के लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# परीक्षा देने जा रहे भाई-बहन को ट्रक ने रौंदा

**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में कोहरे में तेजगति ने भाई बहन को असमय काल के गाल में भेज दिया। धौरहरा-सिसैया मार्ग पर बबुरी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार होकर बीएससी की परीक्षा देने चौधरी बेंचेलाल महाविद्यालय रसूलपुर जा रहे भाई बहन को रौंद डाला जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के बबुरी मोड़ पर सिसैया की तरफ से आ रहे तेजगति ट्रक ने बाइक सवार कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव अभयपुर निवासी पंकज मौर्या( 22) पुत्र धर्मेन्द्र मौर्या और उसकी बहन सुषमा मौर्या (20) को रौद दिया जिसमें दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।





इस दौरान पिता धर्मेन्द्र मौर्या ने बताया कि दोनों भाई बहन बीएससी की परीक्षा देने चौधरी बेचे लाल महाविद्यालय रसूलपुर जा रहे थे। वही घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है। वही अचानक घटित हुई घटना में भाई बहन की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मची हुई है।

## मोदी के अभिनंदन के लिए जनता में गजब का उत्साहः अवनीश सिंह

**बाराबंकी।** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अयोध्या में शनिवार को होने वाली रैली को लेकर जिले में गजब का उत्साह है। समर्थको की भारी संख्या को रैली स्थल पर ले जाने के लिए भाजपा ने एक हजार से अधिक बड़ी बसें तथा हजारों चौपहिया वाहनों की व्यवस्था की है। जिला प्रभारी गुरुवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राम देश के मर्यादा पुरुषोत्तम है। राष्ट्रीय एकता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। पांच सौ साल से अधिक के संघर्ष के बाद रामलला अपने विराट गर्भ गृह में विराजने वाले है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों को जाता है।

# धनुष यज्ञ मेले के समापन पर बोले पूर्व सांसद

**जन कल्याणकारी योजना का सीधा लाभ जनता को लगातार मिल रहा है**

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मेले में आना तो सिर्फ एक बहाना है इस आयोजन के माध्यम से आपका दुख दर्द सुनकर उसे दूर करने का हर संभव प्रयास करना और आपका आशीर्वाद लेना ही मेरा उद्देश्य है। उक्त उद्गार भाजपा की प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने विधानसभा हैदरगढ़ के ग्राम शिवनाम में आयोजित धनुष यज्ञ मेले के समापन अवसर पर पहुंचकर व्यक्त किये।



रावत ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय वह था जब सरकारों द्वारा जन कल्याण के लिए भेजे जाने वाले धन का नाम मात्र हिस्सा जनता तक पहुंचता था परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चाहे किसान सम्मान निधि हो या फिर कोई भी जन कल्याणकारी योजना इसका सीधा लाभ जनता को लगातार मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह भाजपा नेता अरुण शुक्ला जिला पंचायत सदस्य अंबरशरण जायसवाल मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा संतोष कुमार आर्य मंडल महामंत्री अरविंद वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष उत्तम वर्मा राकेश रावत पूर्व प्रधान विमल रावत सुनील रावत लवकुश पांडे ललित वर्मा रामदेव रावत जसवंत वर्मा अखिलेश पांडे सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिरौलीगौसपुर में नवागत एसडीएम ने कार्यभार संभाला

**लेखपालों को गरीब असहांय लोगों को नियमानुसार कम्बल देने के निर्देश**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को तहसील सिरौलीगौसपुर में तैनात एसडीएम को उपजिलाधिकारी न्यायिक पद पर तैनात किया गया है। उनके स्थान पर आईएएस आर जगत साई को एसडीएम बनाया गया। नवागत उपजिलाधिकारी आर जगत साई ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सिरौलीगौसपुर में कार्यभार संभाल लिया है। गुरुवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी ने सिरौलीगौसपुर तहसील का कार्यभार संभाल कर पत्रकारों से कहा कि क्षेत्र की जनता को शासन की मंशानुसार न्याय प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र के नागरिकों को ठंण्ड से बचाव के लिए पूर्व से चिन्हित स्थानों पर अलाव जलवाने तथा राजस्व निरीक्षकों एंव लेखपालों को गरीब असहांय लोगों को नियमानुसार कम्बल देने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी का स्वागत किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

अज्ञात कारणों के चलते एक 19 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर स्थित आम के पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

घटना लोनी कटरा थाना क्षेत्र के करमेंमऊ मजरे लखौरा गांव की है। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी स्वर्गीय शिवकेश का 19 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार गुरुवार सुबह लखनऊ में मजदूरी करने के उद्देश्य से जाने के लिए तैयार हो रहा था, बताया जाता है कि तभी मां ने मौसम खराब होने की वजह से काम पर नहीं जाने की सलाह दी। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे अपनी मां से लकड़ी तोड़ने की बात कह कर चला गया काफी देर बीतने के बाद जब अरविंद वापस नहीं आया तो उसकी मां मृतक की तलाश में बाग में पहुंच गई । वहां अपने पिता के समाधि स्थल के निकट आम के पेड़ से अरविंद अपने गमछे के सहारे लटक रहा था मां के की चीख पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ग्राम प्रधान सहित पुलिस को दिए गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जरूरी जांच पड़ताल के बाद शव को नीचे उतारा और पंचनामा के बाद लाश पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। लोनी कटरा थाना के अंतर्गत स्थित छबील चौकी इंचार्ज राजेश कुमार पटेल ने बताया कि यह युवक शायद किसी कारणों के चलते आत्महत्या की है परिजन खुद नहीं बता पा रहे हैं कि मृतक अरविंद ने ऐसा कदम क्यों उठाया। शव का पीएम कराया जा रहा है रिपोर्ट आने पर वैधानिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## दिशा की बैठक 6 जनवरी को होगी

**बाराबंकी।** आगामी 6 जनवरी को अपरान्ह ढाई बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक का एजेंडा जारी करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को एजेंडा प्रेषित करके सम्बंधित विभागों की समस्त कार्ययोजना व क्रियान्वित उपलब्धियों की रिपोर्ट के साथ बैठक में उपस्थित होंने का निर्देश दिया है।

## खबरें एक नजर में

### फर्मो के नाम पर चल रहा है,बड़ी तादात में फर्जीवाड़ा

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।** फर्म संचालकों की दुकान का पता नहीं सिर्फ खानापूर्ति होती हुई देखी जा सकती है। बताते चलें ग्रामपंचायतो में कराए जाने वाले कार्यों के लिए रजिस्टर्ड फर्म से सामग्री की खरीदारी की जाती है। फर्मों के संचालकों के द्वारा सामग्री के साथ-साथ निर्माण कार्य का भी ठेका ले लिया जाता है। विकासखण्ड मोहम्मदी में लगातार कार्यो को होते हुए देखा जा सकता है। यदि फर्मो की जांच कर ली जाए तो बहुत सी फर्मो के संचालकों की फर्मो का खुलासा हो जाएगा। कमीशन खोरी का काला कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है। कराए गए कार्यों की अगर जांच करा ली जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। गुणवत्ता युक्त सामग्री की जांच करा ली जाए तो बड़ा खुलासा हो सकता है। ग्राम पंचायत में आम चर्चा का विषय बना हुआ है की सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं हो पा रहा है। सिर्फ ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं जांच के नाम पर होती है सिर्फखानापूर्ति।

### एसपी ने किया गौरीफन्टा क्षेत्रांतर्गत नेपाल बार्डर की चेकिंग

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 28 दिसंबर 2023 को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना गौरीफन्टा क्षेत्रांतर्गत नेपाल बार्डर की चेकिंग व निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। बॉर्डर क्षेत्र के कवचआउट पोस्ट समस्त बैरियर चेक पोस्ट तथा एसएसबी चेकपोस्ट पर सतर्क व मुस्तैद रहकर आगामी नववर्ष के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना के विरुद्ध सतत निगरानी व संदिग्ध गतिविधियों पर ड्रोन कैमरे तथा डॉग स्क्वॉड की सहायता से सतत् दृष्टि बनाए रखते हुए सघन चेकिंग हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही आवागमन करने वाले समस्त व्यक्तियों की रजिस्टर में एंट्री करने व उनकी पहचान मुस्तैद करने तथा अवैध तस्करी एवं मानव तस्करी की रोकथाम हेतु पुलिस टीम व एसएसबी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### डीएम ने आरआई अनंगपाल सिंह को किया सस्पेंड

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** तहसील मोहम्मदी में राजस्व निरीक्षक ;क्षेत्र कार्य अनंगपाल सिंह के विरूद्ध डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विभागीय कार्यवाही शुरू करते हुये तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया और धौरहरा तहसील के भूलेख अनुभाग से अटैच किया।

### चल रहा हैं लाखों का जुआ

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** नीमगांव थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में प्रति दिन लाखो का हो रहा जुआ मिर्जापुर गांव के जुआ से आखिर जिम्मेदार क्यों है अनजान मिर्जापुर गांव में दोपहर के बाद रात तक रहता है जुए का गुलजार कारोबार नीमगांव थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में क्षेत्र के बड़े बड़े जुआरियों का दोपहर के बाद लग जाता है जमावड़ा। नीमगांव थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में हो रहे तास के पत्तो पे लाखो का खेल। आखिर इस काले खेल की खबर क्यों नहीं पहुंची जिम्मेदारों के कानो तक खबर।

### वन विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू ने किया बैठक

**सिद्धौर बाराबंकी।** वन विभाग में फैले भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर संज्ञान न लेने पर गुरुवार को वन विभाग कार्यालय पर भाकियू ने धरना प्रदर्शन आयोजन किया था। लेकिन जिला वनराज अधिकारी बाराबंकी द्वारा यूनियन के नेता की मांग स्वीकार कर लेने पर जिला अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य रामबरन वर्मा ने आयोजित धरना समाप्त कर दिया। सुनिश्चित था लेकिन आज संगठन के पत पर सुबह ही जिला वन अधिकारी ने जिला अध्यक्ष रामबरन की किसानों की समीक्षा करते हुए तुरंत आयोजित धरने को संज्ञान में लेते हुए जिला वनराज अधिकारी ने किसानों की सभी समस्याओं को निस्तारण करते हुए तुरंत क्षेत्र में टीम को भेजा जिस पर 15 सदस्य के साथ वन विभाग कार्यालय पर वार्ता की गई। जिसमें सभी मांगों का निस्तारण करने का आश्वासन जिला अध्यक्ष को मिलने के बाद धरना समाप्त कर दिया।आयोजित धरने पर मंडल अध्यक्ष अयोध्या कपिल वर्मा मंडल सचिव आलोक वर्मा मंडल मिडिया प्रभारी अयोध्या योगेश अम्बुज, माता फेर यादव सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता वन विभाग कार्यालय पर मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहद्दीपुर व बरौलिया गांव में पहुंची। जहां इस यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मनोज सोनी,मण्डल अध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय, अमित भैया रामजी, प्रहलाद विमल ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।



सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि हमारी सरकार इस यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में पहुंचकर योजनाओं से वंचित लोगों का चिन्हांकन कर उन्हें जोड़ने का पुनः प्रयास कर रही हैं।इस अवसर पर स्वास्थ्य, पूर्ति, कृषि, एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर दर्जनों ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा गया । वहीं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ ही नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन भी कराया गया। इस मौके पर सीडीपीओ अर्चना वर्मा प्रहलाद कुमार विमल,प्रधान केदार वर्मा, बरौलिया प्रधान जय प्रकाश वर्मा,प्रधानाध्यापक आनंद सिंह,संजय मिश्रा,ग्राम पंचायत वीरेंद्र तिवारी,सचिव सुरेश यादव,कुलदीप श्रीवास्तव राजेश कुमार, विवेक कुमार, कुलदीप वर्मा, सतीश वर्मा,मनीष शुक्ला,धर्मेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्युत पोल पर लगाया जा रहा सोलर पैनल सीसीटीवी कैमरा विभाग से नहीं ली गई एनओसी

**ग्राम प्रधानों को पत्र भेज कर मांगा जा रहा है स्पष्टीकरण**

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड हैदरगढ़ की ग्राम पंचायत में ऑपरेशन त्रिनेत्र योजना से सीसीटीवी कैमरा व सोलर पैनल विद्युत पोल पर लगाए जा रहे हैं इसके लिए विभाग से एनओसी भी नहीं ली गई है। उल्लेखनीय है कि हैदरगढ़ विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत में अपराध नियंत्रण के लिए त्रिनेत्र योजना से सीसीटीवी कैमरा सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं सूत्र बताते हैं कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाई जा रहे सीसीटीवी सोलर पैनल के साथ अलग से पोल भी लगाया जाना चाहिए था लेकिन ग्राम पंचायत जासेपुर में विद्युत पोल पर ही सोलर पैनल और सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं जब संबंध में खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पोल लगवाने का कोई प्रावधान नहीं है जहां पर विद्युत विभाग के खंभे नहीं मौजूद हैं वहां पर किसी अन्य तरीके से कैमरे लगाए जा रहे हैं। जब भी संबंध में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है बिना विद्युत विभाग की अनुमति के कैमरे पोल पर लगा दिए गए हैं ऐसे समय में फाल्ट आने पर उसे दुरुस्त करने में लाइनमैन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने यह भी बताया कि अब हमारे विद्युत विभाग द्वारा उन सभी ग्राम प्रधानों को पत्र भेज कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है कि किसकी परमिशन से विद्युत पोल पर कैमरे लगवाए जा रहे हैं।

# दो दिन पूर्व गायब हुआ किशोर सकुशल बरामद

**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**

मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज पुलिस चौकी के बांकेगंज कस्बे से मगंलवार को बारह वर्षीय राज मधेशिया पुत्र उमेश कुमार गायब हो गया था। जो गुरुवार को परिजनों को मिल गया है। परिजनों ने पुलिस कर्मियों व उन समस्त लोगों का आभार प्रकट किया जिन्होंने राज को तलाशने में सहयोग किया। गायब किशोर राज मधेशिया के पिता उमेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को बच्चे के गायब होने की जानकारी मिलते ही दिल्ली से चल दिए थे। बुधवार की सुबह आने के बाद उन्हें बच्चे के सेरामउ स्टेशन के पास ट्रेन में देखे जानें की जानकारी मिली थीं जिससे वे तत्काल मैलानी, सेरामऊ,



पूरनपुर स्टेशनों पर बच्चे को तलाशते रहे। उसका पता नहीं चल पाया जिससे वह थक हार कर रात को घर लौट आए। पत्नी अर्चना देवी ने मंगलवार को ही स्थानीय पुलिस चौकी बांकेगंज में राज के गायब होने की जानकारी दे दी थी। जिससे पुलिस ने भी सतर्कता दिखाते हुए बच्चे का फोटो और जानकारी वायरल की थी। बुधवार को बांकेगंज चौकी प्रभारी ने अपनी गाड़ी में हॉर्न बांधकर पूरे चौकी क्षेत्र में लोगों को जानकारी दी थी। पत्रकारों ने भी सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिससे बच्चों के गायब होने की सूचना तमाम अधिकारियों तक पहुंच चुकी थी। रात करीब 12 बजे मैंलानी जी आर पी के जवानों ने उन्हें फोन द्वारा जानकारी दी कि उन्हें स्टेशन पर एक लड़का मिला है। जो बोल नहीं पा रहा है और अपना नाम राज लिख रहा है, आकर ले जाओ। उसके बाद रात मे ही चौपहिया वाहन से मैलानी जाकर ले आए। सुबह मैलानी थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार चौकी प्रभारी बांकेगंज श्री कृष्णपाल ने भी बच्चे का हाल जाना। परिजनों ने पुलिस कर्मियों तथा उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने बच्चों को खोजने में मदद की।

# जिलाधिकारी की जन सुनवाई में आए वृद्ध

**लोगों को कम्बल दिलवाए, फिर सुनी समस्याएं**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार नित्य की भांति आज भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान आए हुए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे कि उन्होंने देखा कि एक वृद्ध पुरुष श्री नान्हू, पुत्र लखई, निवासी, सहायपुर, बबुरी इस ठंड में ठिठुरते हुए आए हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल पहले उन्हें कम्बल दिलवाया। जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल बुजुर्ग को एक कम्बल ओढ़ाया गया। उसके बाद उन्होंने उन बुजुर्ग से उनकी समस्या के बारे में पूछा तो



बताया कि वो मुकदमे की पेशी पर आए हैं।

जिलाधिकारी ने उनके मुक़दमे की स्थिति का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित को निर्देश दिए कि उक्त मुक़दमे का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी तरह एक वृद्ध महिला श्रीमती लखाना, पत्नी श्री बाबूलाल, ग्राम खजुरी, तहसील नवाबगंज भी जब जिलाधिकारी कार्यालय आईं तो सबसे पहले जिलाधिकारी ने उन्हें कम्बल उढ़वाया ताकि सर्दी से बचाव हो सके। इसके बाद उनकी समस्या सुनी और सम्बंधित को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

# सिपाही ने टोपा व मोजा बांट मनाया बेटे का जन्मदिन

**क्षेत्रवासियों ने कांस्टेबल की पहल की सराहना की, कांस्टेबल ने बच्चे को गरीबों की दुवाएं मिलने की बात कही**

**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**

मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज पुलिस चौकी में तैनात कांस्टेबल ने अपने बेटे का जन्मदिन जरुरतमंदों को कम्बल तथा गरीब बच्चों को गोमा, जूता व मोजा बांटकर मनाया। क्षेत्र के लोगों ने सिपाही के इस पहल की सराहना की। बांकेगंज पुलिस चौकी पर तैनात कांस्टेबल अनुज गुर्जर अपने परिवार



के साथ बांकेगंज में ही निवास करते हैं। उनका बेटा समर्थ एक वर्ष का हो गया है। अपने बेटे समर्थ के जन्मदिन के मौके को यादगार बनाने के लिए उन्होंने जरूरतमंदों को उपहार स्वरूप गरम कंबल वितरित किए और छोटे-छोटे बच्चों को गोमा, टोपा एवं मोजे वितरित किया तथा चॉकलेट दी। कांस्टेबल अनुज गुर्जर ने बताया कि जितना मैं जन्मदिन मनाने के लिए खर्च करता उतने ही पैसों को खर्च करके मैंने गरीब बच्चों की और जरूरतमंदों की मदद की इसका उद्देश्य महज इतना था कि हमारे बच्चे को गरीबों की दुआएं मिल सके और वह प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

बांकेगंज क्षेत्र के तमाम लोगों ने कांस्टेबल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लोगों को इसे अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है इससे गरीब बच्चों का भी भला होता रहेगा।

**दहशत** | रतजगा करके जानवरों की रक्षा करने के लिए मजबूर

# गन्ने के खेत में दिखा तेंदुआ, वन विभाग की काम्बिंग टीम कर रही औपचारिकता

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली क्षेत्र के बमरौली गांव में बुधवार को हमला कर बकरी को मार डालने वाला तेंदुआ दूसरे दिन गुरुवार को भी गांव के बाहर गन्ने के खेत में मौजूद देखा गया दूसरे दिन भी तेंदुए को पकड़ने खाली हाथ पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा कांबिंग की औपचारिकता निभाई जा रही है तेंदुए की आमद से बम्हरौली सहित आसपास के गांव में दहशत का माहौल है एवं रतजगा करके जानवरों की रक्षा करने के लिए मजबूर हैं। सउल्लेखनीय है कि बुधवार को ब्रम्हरौली गांव निवासी सुल्तान की पत्नी शाम 4 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड लोधे सिंह पुरवा के निकट बकरी चरा रही थी कि तभी तेंदुए ने बकरी पर हमला कर मार डाला। दहशत में आई महिला के चिल्लाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तो पूर्वांचल एक्सप्रेस के नीचे डाले गए 200 फीट लंबे ढोले में तेंदुआ घुस गया ग्रामीणों ने ढोले को दोनों तरफ से घेर कर जानकारी किसान नेता हरिराम पाल को दी जिसकी सूचना डॉ पाल ने तुरंत एसडीएम को दी उप जिलाधिकारी द्वारा इसकी सूचना पुलिस क्षेत्राधिकारी जे एस अस्थाना व कोतवाली प्रभारी व वन विभाग को देते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिसके डेढ़ घंटा बाद शाम साढ़े 5 बजे के बाद वन विभाग की टीम खाली हाथ प्राइवेट वाहन से बिना किसी तैयारी के वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पहुंची। ग्रामीणों द्वारा किए गए सवाल के जवाब में अपने को विशेषज्ञ बताते हुए ढोल के दोनों तरफ से किसानों को हटा दिया और टार्च मार दी जिससे तेंदुआ घबराकर छलांग मार कर भाग निकला। मौके पर मौजूद श्री पाल ने बताया कि अगर वन विभाग की टीम पूरी तैयारी के साथ आती तो तेंदुए को जिंदा पकड़ा जा सकता था। तेंदुआ की मौजूदगी से आतंकित ग्रामीण आज सुबह सामूहिक रूप से संसारा गांव की तरफ जा रहे थे कि तभी गांव निवासी नागर महाराज के खेत के पास तेंदुवा फिर दिखाई पड़ गया । जिसके बाद किसान नेता हरि राम पाल ने एक बार फिर तहसील जाकर उप जिला अधिकारी को जानकारी दी उप जिलाधिकारी ने तत्काल इस गंभीर विषय को लेकर डीएफओ से वार्ता की। डी एफ ओ द्वारा बताया गया कि बहराइच से एक्सपर्ट टीम को बुलाया गया है जो कल तक क्षेत्र में पहुंच जाएगी।

## गांव में है दहशत का माहौल

पिछले दो दिनों से तेंदुए की क्षेत्र में आमद होने के बाद बम्हरौली, गंगापुर संसारा तथा पास पड़ोस के गांव में दहशत का माहौल है बच्चों को लोग घरों से निकलने दे नहीं दे रहे हैं कोचिंग के लिए जाने वाले बच्चे भी गांव से बाहर नहीं निकल रहे हैं यही नहीं बुधवार की रात तेंदुए की दहशत के चलते ग्रामीण रोग को नींद नहीं आई जगह-जगह लोगों को घरों के बाहर अलाव जलाकर सामूहिक रूप से अपने जानवरों की सुरक्षा करते हुए देखा गया।

# शासनादेश : यूपी के शिलापटों पर नहीं होंगे अफसरों के नाम

**प्रमुख सचिव नगर विकास ने जारी किया आदेश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने शिलापटों पर अफसरों के नाम लिखे जाने पर रोक लगा दी है। प्रदेश में किए गए विकास कार्यों के लिए लगने वाले शिलापटों पर अब सिर्फ मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री और क्षेत्रीय विधायक का नाम लिखा जाएगा। साथ ही, मेयर और चेयरमैन के नाम भी समान फॉन्ट साइज में लिखे जाएंगे।

अब तक प्रदेश में होने वाले सभी विकास कार्यों में लगने वाले शिलापटों में जनप्रतिनिधियों के साथ संबंधित अधिकारियों के नाम भी होते थे जिस पर रोक लगाते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास ने शासनादेश जारी कर दिया। उन्होंने सभी डीएम और नगर निकायों के प्रमुखों को भी निर्देश दिए हैं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि नगर विकास विभाग की धनराशि से होने वाले काम में अनिवार्य रूप से इसका पालन किया जाए। वरीयता क्रम में पहले मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और क्षेत्रीय विधायक का नाम होगा। नगर निगम है तो मेयर और नगरपालिका परिषद व पंचायत में अध्यक्षों का नाम लिखा जाएगा। इनका फॉन्ट साइज समान होगा। इन पर नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी या अन्य अधिकारियों का नाम नहीं लिखा जाएगा।

# उपकेंद्र लाटघाट के 60 गावों को मिली अतिरिक्त ऊर्जा, लो वोल्टेज से मुक्ति

**ऊर्जा मंत्री के प्रयासों से विद्युत व्यवस्था में हो रहा व्यापक सुधार**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के प्रयासों से सूबे की विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा। सभी क्षेत्रों में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति की जा रही। प्रदेश में विद्युत मांग को पूरा करने के लिए तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत के वर्षो पुराने ढाचें में सुधार के लिए केन्द्र की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत सभी डिस्कॉम में 17 हजार करोड़ रूपये के लागत से कार्य कराये जा रहे। इसमें जर्जर तारों व खम्भों को बदला जा रहा। खुली तारों के स्थान पर एबी केवल लगाई जा रही। ट्रांसफार्मर, फीडर और उपकेन्द्रों की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। बिजनेस प्लान के तहत 05 हजार करोड़ रूपये की लागत से विद्युत व्यवस्था में सुधार के कार्य किये जा रहे हैं।

आजमगढ़ जनपद में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, लाटघाट के अंतर्गत 05 एमवीए के पावर परिवर्तक की क्षमता को बढ़ाकर 10एमवीए कर दिया गया है जिससे इस उपकेन्द्र के अंतर्गत लगभग 60 गांव की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और लो-वोल्टेज की समस्या से भी लोगों को मुक्ति मिलेगी। उपकेन्द्र की क्षमता वृद्धि से इस क्षेत्र के सभी गॉवों के विद्युत उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल है और वे ऊर्जा मंत्री सहित विद्युत कार्मिकों की प्रशंसा कर उन्हें शुभकामनायें दे रहे। आजमगढ़ के लाटघाट विद्युत उपकेन्द्र के निवासी डॉ अजय कुमार शर्मा ने ऊर्जा मंत्री को उनके कैम्प कार्यालय में फोन कर इस कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। ककभर के संजय राय भी आजमगढ़ में विद्युत अपूर्ती को बेहतर बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों को लेकर ऊर्जा मंत्री की तारीफकी है। लुचुई के अधिवक्ता राजेश राय ने ग्रामीणों की ओर से मंत्री जी को धन्यवाद दिया और कहा कि मंत्री के प्रयासों से क्षेत्र में नये खम्भे लगाए जा रहे हैं, जर्जर तार बदले जा रहे हैं। ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाना तो सपना जैसा था, उसे आज आसानी से किया जा रहा। पहले ट्रांसफार्मर खराब हो जाने पर बिजली घरों के महीनों चक्कर काटने पड़ते थे आज शहरों में 24 घंटे में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे में बदले जा रहे, जो कि बहुत ही सराहनीय है। सभी ग्रामवासियों ने ऊर्जा मंत्री के साथ ही विद्युतकर्मियों को भी धन्यवाद और शुभकामनायें दी।

## दिव्यांगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अत्योदय राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने से नाराज सैकड़ों की संख्या में दिव्यांग ने गुरुवार को मोहनलालगंज तहसील में कूच किया तो स्थानीय प्रशासन व पुलिस के हाथ पांव फूल गये। जिसके बाद आनन-फानन एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व एसीपी राधा रमण सिंह ने भारी पुलिस फोर्स के साथ ब्लाक मुख्यालय के पास दिव्यांगों को रोककर समझाने बुझाने के साथ उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देकर शांत कराया। जिसके बाद दिव्यांग विकास सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार व प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार ने एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। दिव्यांग विकास सोसाइटी के ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया दिव्यांगों को अत्योदय राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, आयुष्मान कार्ड समेत ठंड से बचाव के लिये कम्बल दिलाये जाने को लेकर बीते दो महीनो में तहसील व ब्लाक अफसरों को कई ज्ञापन दिये जिसके बाद भी दिव्यांगों को किसी भी सरकारी योजना का लाभ आज तक नही मिल सका। ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार ने प्रशासन को चेतावनी देते हुये कहा अब आश्वासन नहीं काम चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में खड़ी दो सीएनजी बस में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा बस डिपो की खड़ी दो सीएनजी बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात आग की घटना हुई। इसमें दो वाहन पूरी तरह से जल गए। हालांकि आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। रात को आग लगने की वजह से दकमल को सूचना भी समय से नहीं दिया जा सका। विभागीय लोगों को भी जानकारी लेट से हुई। ऐसे में दोनों वाहन में लगी आग को कंट्रोल करने में काफी समय लग गया। कोहरे की वजह से बचाव काम में भी समय लग रहा था। हालांकि रात के समय लगी आग की वजह से कोई हताहत नहीं हुआ। बड़ी घटना होने से बच गई। मौके पर रात को पहुंचे लोगों ने बताया कि पहले एक बस में आग लगी। उसके बाद आग दूसरी बस तक पहुंच गई।

### घने कोहरे के कारण नहर में पलटी बोलेरो, चालक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार देर रात निगोहा थाना क्षेत्र के रामपुर गढ़ी से लगी छोटी नहर में बोलेरो नगराम से निगोहा की तरफ आ रही थी। कोहरा होने के कारण अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर चालक की बाहर निकलवा कर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक चालक की पहचान सुशील कुमार (26) पुत्र रघुराज वर्मा वर्ष निवासी छंदौली थाना लोनी कटरा बाराबंकी के रूप में हुई हैं। परिजनों को सूचना दे दी गई हैं। गाड़ी को क्रेन के माध्यम से नहर से निकलवा कर थाने लाया जा रहा है।

### पीटकर युवक की हत्या, बदमाशों ने पेट में घोपी सरिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मूलरूप से बलिया निवासी 28 वर्षीय अभिनंदन आलमबाग में किराए पर रह कर रिलायंस कंपनी में सेल्स का काम करता था। बुधवार रात करीब दस बजे आफिस से लौटते वक्त स्टेशन रोड पर केकेसी के पास कुछ लोगों से विवाद हो गया। जिसके बाद उन लोगों ने सरिया से पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान एक ने पेट व पीठ में सरिया घोंप दी। राहगीरों की मदद से पुलिस ने अभिनंदन को ट्रामा पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अभी तक की जांच में मोहसिन नाम के युवक से युवती को लेकर अभिनंदन का विवाद की बात सामने आई है। मोहसिन व उसके साथी पर नामजद एफआईआर दर्ज की है। उसको हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### गुटखा प्रचार पर कपिल, सहवाग और गावस्कर से मांगा जवाब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पान मसाला और गुटखा का प्रचार करने वाले क्रिकेटर्स को गुरुवार को लखनऊ के एडवोकेट मोती लाल यादव ने नोटिस भेजा है। वकील ने जवाब भी मांगा कि आखिर क्यों? आप बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रचार करके आप इसको बढ़ावा दे रहे हैं। इसका सामाजिक स्तर पर बहुत असर पड़ता है। क्रिकेटर्स कपिल देव, सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग को लीगल नोटिस भेजकर 15 दिन में जवाब मांगा है। वकील के अनुसार, पद्मश्री, पद्मभूषण, लेने वाले फिल्म स्टार्स के द्वारा पान मसाला और गुटखा का प्रचार करने पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दायर करने वाले ने अब क्रिकेटर्स को लीगल नोटिस भेजा है। इससे पहले क्रिकेटर्स के साथ-साथ सलमान खान, टाइगर श्रॉफ और रितिक रोशन को भी लीगल नोटिस भेजा गया था। नोटिस भेजने के 15 दिन बाद जवाब नहीं देने पर लखनऊ बेंच में दायर याचिका में क्रिकेटर्स व अन्य फिल्म स्टार्स को भी पार्टी बनाया जाएगा।

### निगोहां-नंदौली मार्ग पर आज वाहनों की आवाजाही रहेगी बाधित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां व श्रीराजनगर रेलवे स्टेशन के मध्य निगोहां-नन्दौली मार्ग पर स्थित समपार रेल पथ ओवरहालिंग के चलते आज छोटे व भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। उक्त जानकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर रजनीश कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि श्रीराजनगर व निगोहां के मध्य रेलखंड पर बने समपार संख्या 183 पर सुरक्षा संरक्षा के तहत बीसीएम मशीनों द्वारा लाइन में ओवरहालिंग का काम किया जायेगा जिसके चलते निगोहां-नन्दौली मार्ग शेरपुर लवल फाटक को 29 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बन्द रखा जाएगा उक्त मार्ग से गुजरने वाले सभी हल्के व भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान श्रीराजनगर व निगोहा के बीच गेट न0 182 सी मीरकनगर- निगोहां वाया बैरीसालपुर होते हुए लखनऊ रायबरेली हाइवे पर जाया जा सकता है। कार्यावधि के दौरान कोई जोर जबरदस्ती करे इसके लिए निगोहां व रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे रायबरेली की पुलिस को भी अवगत कराया जा चुका है।

### दृष्टिबाधित विद्यालय में कंबल वितरित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट के साथ ही गलन बढ़ गई है। सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा जनहित एवं शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत प्रारंभ हुआ कंबल वितरण महाभियान अब जनकल्याणकारी अभियान बन चुका है। बढ़ती ठंड के साथ ही हर जरूरतमंद तक कंबल की राहत पहुंचाने का काम तेज कर दिया गया है। निरंतर जारी इस महाभियान में डॉ. राजेश्वर सिंह के संकल्पों के अनुरूप हर जरूरतमंद तक कंबल पहुंच रहा है। कंबल वितरण महाभियान के अंतर्गत गुरुवार को मोहान रोड स्थित दिव्यांगजन कल्याण द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विद्यालय में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के 125 दृष्टि बाधित बच्चों को कंबल दिए गए। इस महाभियान की चर्चा हर ओर हो रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े पैमाने में निरंतर कंबल वितरण महाभियान चलाया है जिसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

# सभी जिले डायलिसिस यूनिट से लैस

## ब्रजेश पाठक ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ, कोरोना टेस्टिंग बढ़ाने के दिए निर्देश

**बहराइच, औरैया और बदायूं में शुरू हुई डायलिसिस सुविधा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी के सभी जिले अब डायलिसिस यूनिट से लैस हो गए हैं। किडनी के मरीजों को अब उनके ही जिलों में इलाज मिल सकेगा। गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बहराइच, औरैया और बदायूं में इन यूनिटों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। गुरुवार को एनेक्सी भवन में बैठक के दौरान उन्होंने इन 3 जिलों के चिकित्साधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद भी किया।

इस दौरान कोरोना के नए वैरिएंट और बढ़ते संक्रमण पर ब्रजेश पाठक ने पैनिक न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि यूपी में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैं और लगातार सतर्कता बरती जा रही हैं। साथ ही जरूरत के अनुसार कोविड जांच बढ़ाने के भी निर्देश दिये। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि अब प्रदेश के हर जिले में डायलिसिस यूनिट स्थापित हो गई है। यह आप सभी चिकित्सा कार्मिकों की मेहनत का परिणाम है। औरैया के सीएमओ डॉ. सुनील वर्मा, विधायका गुड़िया कठेरिया, बहराइच के सीएमओ डॉ. संजय खत्री, विधायका अनुपमा जैसवाल, बदायूं के सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह, विधायक प्रतिनिधि विश्वजीत गुप्ता व एनेक्सी के बैठक कक्ष में वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों की उपस्थित में इन यूनिटों का शुभारंभ हुआ। वर्चुअल बैठक के दौरान कोरोना का मुद्दा भी सामने आया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि कोरोना से घबराने की आवश्यता नहीं है। यह सब वैरिएंट है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड का नया सब वेरिएंट पूरी तरह से काबू में है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से तैयार है। गाइडलाइंस के अनुसार कार्य चल रहा है। प्रदेश में व्यापक स्तर पर टेस्ट कराए जा रहे हैं। पॉजिटिव मरीजों की संख्या ना के बराबर है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ का अयोध्या दौरा कैंसिल, कोहरे की वजह से लखनऊ से टेक ऑफ नहीं हो पाया हेलिकॉप्टर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज होने वाला अयोध्या दौरा कैंसल हो गया है। कोहरे के चलते उनका हेलीकॉप्टर लखनऊ से टेक ऑफ नहीं पाया, जिसके कारण आज का उनका अयोध्या दोरा कैंसिल कर दिया गया। अब सीएम योगी आदित्यनाथ 29 दिसंबर को राम नगरी अयोध्या जाएंगे। बताया जा रहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले तमाम तैयारियों का जायजा लेने के लिए सीएम योगी को आज अयोध्या जाना था। इसके अलावा ही उनके कई और कार्यक्रम भी प्रस्तावित थे। लेकिन घने कोहरे आर कम विजिबिलिटी के कारण लखनऊ से ही उनका उड़ान नहीं भर सका। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यहां पहुंचने के बाद वह सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर जाएंगे और भगवान हनुमान के दर्शन करेंगे। इसके बाद वह रामलला के दर्शन करेंगे और फिर राम मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी रमेश दास ने कहा कि हमें सूचना मिली है कि वह हनुमानजी के दर्शन के लिए मंदिर आएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी गणमान्य व्यक्ति शहर में आने के बाद सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर जाता है। मान्यता है कि अयोध्या में जाने से पहले हनुमागढ़ी में हनुमान जी के दर्शन करना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री अयोध्या के नवनिर्मित हवाई अड्डे का भी निरीक्षण कर सकते हैं। हालांकि, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। प्रधानमंत्री मोदी पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के लिए 30 दिसंबर को इस मंदिर नगरी का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने पहले बताया था कि वह एक रैली को भी संबोधित करेंगे। राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा।

# एलडीए के प्रवर्तन जोन-2 में तैनात जेई के संरक्षण में हो रही अवैध प्लाटिंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश देने के बाद भी प्रवर्तन जोन 2 में तैनात प्रभावशाली अवर अभियंता नागेंद्र मिश्रा के द्वारा एलडीए उपाध्यक्ष को दिए गए पत्र के बाद भी शिकायती पत्र पर कोई कार्यवाही न करके अवैध प्लाटिंग कर्ता प्रॉपर्टी डीलर के हिमायती बनाकर अवैध प्लाटिंग करवाई जा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी द्वारा प्रवर्तन जोनों में तैनात जोनल अधिकारियों से लेकर सहायक और अवर अभियंताओं को अवैध निर्माणों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई करने के निर्देशों के बाद भी जोन-2 में तैनात प्रभावशाली एवं महा ईमानदार अवर अभियंता नागेंद्र मिश्रा के संरक्षण के चलते प्रॉपर्टी डीलर इरशाद अंसारी द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है।

एलडीए प्रवर्तन जोन-2 मोहनलालगंज ग्राम डलौना में पांच डिसमिल सरकारी जमीन पर इरशाद अहमद अंसारी के द्वारा अवैध कब्जा करके एक कमरा बनाने के मामले में कई पूर्व मुख्यमंत्री के लोकप्रिय आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई। लेकिन एलडीए अधिकारियों द्वारा लगभग एक वर्ष में कोई कार्यवाही नहीं की गयी। उसी हौसला बुलंन्दगी के चलते प्रॉपर्टी डीलर इरशाद के द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करके प्लाटिंग कर विक्रय करने का कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि एलडीए अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त शातिर दिमाग प्रॉपर्टी डीलर इरशाद अंसारी द्वारा योजना बद्ध तरीके से श्रीपाल से पांच बिस्वा जमीन रजिस्ट्री भी कराई थी।

इरशाद अंसारी व रामकरन व रामफेर आदि द्वारा गाटा संख्या 20 भूमि खरीदने के साथ ही पास में पड़ी पांच डिसमिल सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए, नियम विरुद्ध प्लाटिंग की जा रही है। इरशाद अहमद अंसारी स्वयं को प्रभावशाली प्रॉपर्टी डीलर बताने के साथ ही मुख्तार अंसारी का करीबी बताता है। शिकायत कर्ताओ द्वारा मुख्यमंत्री योगी के आइजीआरएस पोर्टल पर दो बार व स्पीड पोस्ट से वरिष्ठ अधिकारियों तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष को दिये गये पत्रो के बाद भी अवर अभियंता नागेंद्र मिश्रा एवं सहायक अभियन्ता आदि लोगो द्वारा समाचार लिखे जाने तक कोई कार्यवाही न करके शिकायतो का फर्जी निस्तारण किया जा रहा हैं।

# प्रमोद तिवारी ने ध्वजारोहण करके मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवम राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित कांग्रेसजनों ने वन्देमातरम गान, ध्वज गीत और राष्ट्रगान को गाया इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में सेवादल के स्वयं सेवकों द्वारा ध्वज वंदन किया गया।

स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी सहित अन्य नेताओं ने देश निर्माण में पार्टी के द्वारा किए गए अप्रतिम योगदान को याद किया और भविष्य की रूपरेखा में कांग्रेस के महत्व पर चर्चा की, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना तब हुई जब अंग्रेजी हुकूमत ने हमारी भारत माता को गुलामी की जंजीरों से जकड़ रखा था, लोगों के अधिकारों पर ताले पड़े थे, किसी को भी अपने हक में आवाज उठाने की आजादी नहीं थी, देशवासियों पर अंग्रेज जुल्म ढाते थे, गुलामी के काले अधेरें में ऐसे संगठन और आंदोलन की जरूरत थी जो इससे निजाद दिलाये ताकि आवाम खुली हवा में सांस ले सके। हमारे महानायकों, संस्थापकों ने देश की आजादी के लिए, आम आदमी के बेहतरी के लिए, भारतवासियों के हितों की आवाज को बुलंद करने के लिए आज ही के दिन 138 वर्ष पूर्व 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की। तब से अब तक हमने बहुत उतार चढ़ाव देखे, कांग्रेस पार्टी के जो विचार, सिद्धांत थे वह कभी बदले नहीं, आज भी कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए उसी तरीके से प्रतिबद्ध है जैसे स्थापना के समय थी, गुलामी के समय हमने बरतानिया हुकूमत के जुल्म सहे तब भी हम उन सिद्धांतों से पीछे नहीं हटे।

## घने कोहरे और कड़ाके की ठंड, वाहनों की रफ्तार थमी

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र में कोहरे ने राष्ट्रीय राजमार्ग और ग्रामीण इलाके को ढक दिया है। वाहनों के पहिए थमने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। वहीं सर्दी ने सितम ढहाना शुरू कर दिया है। प्रशासन द्वारा अभी तक अलाव जलाने को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। घने कोहरे के चलते दुर्घटना की सम्भावना बढ़ी। बख्शी का तालाब क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड और अन्य ग्रामीण इलाके कोहरे से ढका हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-सीतापुर रोड पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई है। गुरुवार सुबह कोहरे के बढ़ने से वाहन रेंगते नजर आए। वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं सर्दी ने अपना सितम ढाहना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में अलाव नहीं जल रहे हैं। ग्रामीण ठंड से बचाने के लिए जुगत लगाकर आग जला रहे हैं। वहीं क्षेत्र के लखनऊ-सीतापुर रोड पर स्थित सरैंया तकिया पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ता है।

# जब भगवान बुलाते हैं, तभी हम सब जाते हैं

**अखिलेश ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण पर दिया जवाब**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को है। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए विपक्ष के कई नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि अब तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव को निमंत्रण नहीं मिला है। जिस पर अब अखिलेश की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। अखिलेश ने कहा, जब भगवान बुलाते हैं, तभी हम सब जाते हैं। मेरा मानना है कि बिना भगवान की इच्छा के कोई दर्शन करने नहीं जा सकता। भगवान का बुलावा कब-किसको आ जाए, कोई कह नहीं सकता।

गुरुवार को अखिलेश लखनऊ पार्टी कार्यालय में समाजवादी पार्टी महिला सम्मेलन में पहुंचे थे। उनके साथ पत्नी डिंपल यादव भी मौजूद थीं। स्वामी प्रसाद के हिंदू धर्म पर विवादित बयान के सवालों का भी अखिलेश ने जवाब दिया। उन्होंने कहा-स्वामी का बयान उनका व्यक्तिगत है। सपा सभी धर्म के लोगों का सम्मान करती है। अखिलेश ने कहा, ये महिलाएं हमारी एसएमएस-सपा-महिला-सभा हैं। जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, हमारी महिला संगठन उसके खिलाफ खड़ी रहेगी। पूरी महिला संगठन 2024 में सपा को जिताने का काम करेंगी। अखिलेश ने कहा पीडीए का नारा तभी पूरा होगा जब आधी आबादी साथ होगी। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के साथ आधी आबादी भी है। किसी भी समस्या के खिलाफ, गैर बराबरी के खिलाफ इन्हीं आधी आबादी को आगे आना पड़ता है। आज पूरे देश में कहीं महिला असुरक्षित है तो वह यूपी में है। जहां भाजपा की सरकार है, वहां महिला असुरक्षित है। अखिलेश ने कहा- मुझे दुख है इस बात का कि जो नारी वंदन और नारी सम्मान की बात कर रहे हैं, उन्हें पहलवान बेटियों का दुख नहीं दिखाई देता है। पहले भी हमने कहा कि हम महिला पहलवानों के साथ हैं और महिलाओं के साथ कहीं भी अन्याय होगा तो उन्हें न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी उनके साथ है। अखिलेश ने कहा देश के आंकड़े बता रहे हैं कि जहां भाजपा है, वहां महिला सबसे ज्यादा असुरक्षित है। मणिपुर की घटना पर भाजपा चुप रही और उनको कहीं न्याय नहीं मिला। कानपुर में सरकार के बुलडोजर ने आग लगा दी। महिला और उसकी बेटी की जान चली गई। अगर महिलाओं को बचाना है तो भाजपा की सरकार को हटाना होगा। हमने महिलाओं के लिए 1090 जैसी सुविधा शुरू की। 1090 को सुप्रीम कोर्ट ने भी सराहा। समाजवादी पेंशन देने का काम किया और अगर सरकार बनी होती तो उन्हें 3000 रुपए पेंशन मिली होती। इस महिला सम्मेलन में हम घोषणा करेंगे की आने वाले समय में जब समाजवादियों को मौका मिलेगा तो हम 3000 रुपए पेंशन देंगे।

**उद्घाटन**

**मण्डलीय उपनिदेशक पं. व जिला पंचायत राज अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ**

# पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने में न रहे कमी

**पंचायत निदेशक ने प्रशिक्षण सत्र का किया उद्घाटन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत मण्डलीय उपनिदेशक पं एवं जिला पंचायत राज अधिकारियों का 28 एवं 29 दिसम्बर को 02 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण, होटल रेजनेंट, निराला नगर लखनऊ में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में पंचायत गेटवे, जेम-ई ग्राम स्वराज समेकन, कार्बन न्यूट्रल पंचायत, पीएम विश्वकर्मा, आईएसओ सर्टिफिकेशन, एलजीडी एवं ई-एचआरएमएस तथा पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत जनपदों में संचालित ग्रामीण पेयजल योजना के हैण्डओवर टेकओवर प्रबन्धन तथा अनुश्रवण एवं रखरखाव संबंधी कार्यो की जानकारी आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 28 दिसम्बर को प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन राज कुमार निदेशक पंचायतीराज द्वारा किया गया। निदेशक पंचायतीराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, ई-गवर्नेंस की कार्ययोजना, ग्राम सचिवालयों की स्थापना, सर्विस सेंटर की क्रियान्वयन, पंचायतों के भुगतान आदि ऑडिट प्रक्रिया कोऑनलाइन करने में विभागीय अधिकारियों के प्रयासों का परिणाम रहा है। इससे यह सीख मिलती है कि लगन व ईमानदारी से किये गये कार्य का परिणाम अच्छा होता है और इस तरह के अनुभवों से प्रेरणाश्रोत होते हैं। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ किये जाने के प्रयासों में कोई भी कमी न रहने पाए। निदेशक पंचायतीराज द्वारा प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में समस्याओं के समाधान हेतु इस प्रशिक्षण की उपयोगिता के संबंध में बताया गया तथा प्रशिक्षण सत्रों में पूरे समय एकाग्रता के साथ प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गयी। अपने उदबोधन में निदेशक पंचायतीराज द्वारा प्रतिभागियों को संवादहीनता को दूरे करने तथा अन्य विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान करने की सलाह दी गयी। प्रवीणा चौधरी संयुक्त निदेशक, प्रिट द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कियान्वित की जा रही ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के हैण्डओवर, टेकओवर के संबंध में इस प्रशिक्षण महत्व के संबंध में जानकारी दी गयी। आशीष रंजन, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत, सोनीपुर मलौनी, विकास खण्ड तेलियानी फज्लपुर को सीएससी के संचालन में अच्छा कार्य करने तथा जिला पंचायत राज अधिकारी, ललितपुर नवीन मिश्रा को ओएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण का समापन 29दिसम्बर को होगा। इस अवसर पर प्रवीणा चौधरी संयुक्त निदेशक, पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान प्रिट अमितोष श्रीवास्तव, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, पंचायतीराज, निदेशालय एवं एसएन सिंह उपनिदेशक पं. पंचायतीराज उपस्थित थे।

## तत्काल दूर की जाएं शिकायतें

अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि उनके क्षेत्र से मिल रही शिकायतों, कमियों को तत्काल दूर किया जाये। सुधीर राजपूत ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत, फज्लपुर, विकास खण्ड-बिनौली बागपत को अपने ग्राम पंचायत में समस्याओं, शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आईवीआर सिस्टम स्थापित कर सुशासन संबंधी बेहतर कार्य के लिए अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## मायावती को पीएम का चेहरा बनाए इंडिया गठबंधन तो गठबंधन में होंगी शामिल

**लखनऊ।** साल 2024 के आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर संशय बना हुई। इंडिया गठबंधन में 28 दल शामिल है सभी दल के नेता अपने ही पार्टी के मुखिया को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा की बात कर रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी इंडिया गठबंधन में अभी शामिल नहीं हुई। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी के सांसद मलूक नागर ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि जब तक मायावती इंडिया गठबंधन के साथ नहीं आएंगी तो उसका कोई वजूद नहीं है और बीजेपी को रोकना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में अगर मायावती को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाया जाए तो बीएसपी गठबंधन में शामिल हो सकती है।

# प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर शिक्षकों को किया सम्मानित



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन अम्बर होटल लखनऊ में किया गया, जिसमें प्रदेश शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के शिक्षकों ने व्यावसायिक शिक्षा के कार्यो को उत्कृष्ट तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यशाला का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, शिक्षा गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये शिक्षक शिक्षिकाओं ने व्यावसायिक शिक्षा विषय के अपने-अपने कार्यों का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। संयुक्त निदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज कुमार यादव ने कहा कि शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा विषयगत कार्यशालाओं का आयोजन सराहनीय है। व्यावसायिक शिक्षा विषय में आपके द्वारा किये गये कार्य बहुत ही अच्छे है। सफल कार्यशाला आयोजन हेतु शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह व उनकी टीम बधाई के पात्र हैं।

# डीएम ने की लम्बित वादों की समीक्षा बैठक

## लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक करें निस्तारित : जिलाधिकारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



वृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार की बैठक की गई।

बैठक में सभी तहसीलों के कोर्ट में लंबित वादों की समीक्षा तहसीलवार सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने तहसीलों में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रतिदिन की जाए तथा कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारित करना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने पांच साल से पुराने वाद धारा 34, धारा 24, नामांतरण, धारा 24 / 41 पैमाइश आदि सहित सभी वादों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि आप सभी लोग अपने कोर्ट में प्रतिदिन बैठकर अधिक से अधिक वादों की सुनवाई करके नियमानुसार निस्तारण करें, इसमें यदि किसी के स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक वादों का नियमानुसार निस्तारण करके समय से उसकी फीडिंग करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये हैं कि पत्थर नसब होने के बाद यदि किसी व्यक्ति के द्वारा पत्थर को उखाड़कर फेंक दिया जाता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाय। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उप जिलाधिकारी गोंडा सदर, तरबगंज तथा करनैलगंज, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 22 जनवरी को जारी होगी अन्तिम मतदाता सूची

- 12 जनवरी तक लिये जायेंगे दावे और आपत्तियां

जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियों को प्राप्त करने की पूर्व निर्धारित तिथि 26 दिसम्बर 2023 को बढ़ाकर अब दिनांक 12 जनवरी 2024 तक कर दिया गया है तथा मतदाता सूची के अंतिम प्रकाश हेतु पूर्व में निर्धारित तिथि 05 जनवरी 2024 को बढाते हुए अब 22 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है।

## एक से छह जनवरी तक स्वनिधि से समृद्धि एवं मैं भी डिजिटल योजना से जुड़ेंगे पथ विक्रेता

- फेरी व पटरी विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि एवं स्वनिधि से समृद्धि दिलाने की कोशिश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार की ओर से पटरी व फेरी लगाने वाले पथ विक्रेताओं को पी0एम0 स्वनिधि योजना एवं स्वनिधि से समृद्धि अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए सूडा की ओर से 1 से 6 जनवरी तक विशेष शिविर का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके क्रम में जिला मुख्यालय गोण्डा के मोहल्ला मेवातियान में आश्रय गृह के प्रथम तल पर कैंप किया गया है, जो कि आईटीआई चौराहे से आगे फुरकानिया मदरसे के पास स्थित है। सिटी मिशन मैनेजर अंशिका श्रीवास्तव ने बताया कि मैं भी डिजिटल के तहत सभी को डिजिटल सुविधा दी जाएगी। इसके लिए जिले के पटरी व फेरी विक्रेता कैंप में पहुंचेंगे और इसका लाभ प्राप्त करेंगे। स्वानिधि योजना में शहरी पथ विक्रेताओं को पहली, दूसरी और तीसरी किस्त के रूप में ऋण सहायता भी प्रदान की जाएगी और इस दौरान बैंक के माध्यम से आने वाली अड़चनों का भी मौके पर ही निदान किया जाएगा।



### श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजित अक्षत वितरण के लिए निकाली गई भव्य झांकी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजित अक्षत वितरण हेतु अयोध्या से पूजित अक्षत के साथ बाबूराम लगन इंटर कॉलेज पांडेपुर से पूरे तिवारी, खोरहंसा, जमुनिया बाग होते हुए रामनगर तिराहा तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें राम दरबार की झांकी के साथ झंझरी विकासखंड के 92 ग्राम पंचायत से राम भक्त सम्मिलित हुए द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक दीपेश जी व विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री रेखा श्रीवास्तव रही द्य शोभायात्रा की समाप्ति पर विभाग प्रचारक दीपेश जी ने अक्षत वितरण की पूरी कार्य योजना लोगों को बताई और 22 जनवरी को अयोध्या ना जाकर अपने पास स्थित दिवाली में दिवाली की तरह महोत्सव मनाने का आह्वान किया द्य जिला प्रचारक आकाश जी ने सभी 92 ग्राम पंचायत से उपस्थित लोगों को अक्षत वितरण किया द्य इस कार्यक्रम में में भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक अश्वनी शुक्ला रमेश चंद तिवारी, किशोरी लाल गुप्ता, गौरव त्रिपाठी, पवन शुक्ला (विद्यार्थी परिषद जिला प्रमुख )अशोक कुमार त्रिपाठी ,विनीत रितेश गुप्ता दद्दन यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### बाइक सवार फूफा-भतीजे की ट्रक की टक्कर से मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मछली गांव रोहवा निवासी 55 वर्षिय शिव कुमार पांडेय पुत्र हरिहर पांडेय अपने ससुराल बलराम पुर जिले के सादुल्ला नगर थाना क्षेत्र के देवरिया इनायत ग्राम निवासी राम सागर के घर पर गया था।वही ससुराल में एक मुड़न का कार्यक्रम बुधवार को था। देर शाम को अपने भतीजे 34 वर्षिय उमेश तिवारी पुत्र राम सागर निवासी देवरिया इनायत सादुल्ला नगर बलराम पुर के साथ गोण्डा मछली गांव रोहावा आ रहा था। आते समय करीब 8 बजे रात्रि में झिलाही के पास ट्रक ने टक्कर मार दिया। आस पास के लोगो ने घटना की सूचना कोहबा चौकी को दिया। चौकी के चौकी प्रभारी नीरज कुमार सिंह और सिपाही महेश कुमार मौके पर पहुँच कर इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। चिकित्सक ने दोनों को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना घर पर मिलने पर कोहराम मच गया।

## तालाब पर हो रहे अवैध कब्जे की डीएम से शिकायत

- मकार्थीगंज के तालाब पर दबंग भूमाफिया की नजर, मोहल्लेवासी परेशान
- तालाब में मिट्टी डालकर की जा रही पटाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के शहर के तालाबों पर दबंग भूमाफियाओं की नजर गड़ी हुई है। जिला प्रशासन के प्रयास से दयाराम तालाब पर अवैध कब्जा तो रुक गया,लेकिन अब कुछ माफियाओं की नजर मकार्थी गंज स्थित तालाब पर पड़ गई है। तालाब में मिट्टी डालकर पटाई की जा रही है। स्थानीय सभासद ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है।

नगर पालिका परिषद गोण्डा अन्तर्गत तालाबों पर भूमाफियाओं की नजर गड़ी हुई है।

आपको बता दें कि दयाराम तालाब का मामला अभी खत्म ही हुआ है कि नगर पालिका परिषद गोंडा क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 मकार्थीगंज बरियारपुरवा के तालाब पर कुछ माफिया अवैध कब्जा करने में जुट गए हैं।जिसको लेकर स्थानीय सभासद रेखा सोनी ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र दिया है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि आसपास के मोहल्ले के घरों का पानी इसी तालाब में जा रहा है। आरोप है कि रानी बाजार के रहने वाले रिशु अग्रवाल तालाब पर मिट्टी से पटाई कर रहे हैं। उसने जब अवैध रूप से कब्जे को रोकने की बात की तो वह लोग जान से मारने की धमकी देने लगे। सभासद का कहना है कि यह लोग फर्जीवाड़ा कर जमीन खरीदते हैं फिर उसकी पटाई कर बेंच देते हैं। आरोप यह भी है कि इन लोगों ने कहीं थोड़ी सी जमीन खरीद रखी है,जो दूसरी जगह है। जबकि यह लोग तालाब के जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। सभासद का कहना है कि आरोपी पेशेवर जमीन के कारोबार से जुड़े हैं। पूर्व में भी तालाब को पाटने का प्रयास किया गया था, लेकिन जब लोगों ने विरोध किया तो प्रशासन ने इसे रुकवा दिया था। अब यह लोग अपने रसूख के बल पर तालाब को मिट्टी से पटाई कर बेचने के प्रयास में है। यदि इन पर रोक नहीं लगाई गई तो पूरे मोहल्ले का पानी निकासी की समस्या खड़ी हो जाएगी। ऐसे में मोहल्लेवासियों को काफी कठिनाइयों के दौर से भी गुजरना पड़ सकता है।

सभासद ने जिलाधिकारी से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए तत्काल तालाब पर किये जा रहे अवैध कब्जे को रोकने की मांग की है जिससे मोहल्लेवासियों के साथ न्याय हो सके और तालाब सुरक्षित हो सके।

### मैजापुर गन्ना समिति पर गन्ना कैलेंडर में धांधली का आरोप

**कर्नलगंज / गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के मैजापुर सहकारी गन्ना समिति में मिल गेट एरिया के किसानों की पर्ची का कालम और पखवारा आगे करके सेंटर ऐट गेट डोमाकल्पी के किसानों का गन्ना सट्टा पिछाड़ दिया गया है। इसकी शिकायत डोमा कल्पी एट गेट के किसानों ने जिला गन्ना अधिकारी से की है। मैजापुर गन्ना समिति के मनमानी से गन्ना किसान परेशान हैं। मैजापुर गन्ना समिति के किसान समिति के मनमानी पूर्ण रवैये से तंग आ गये हैं। मनमानी ऐसी है मिल गेट एरिया के गाँवों के किसानों का सट्टा 5/12 चल रहा है, जबकि डोमा कल्पी ऐट गेट का गन्ना कलेण्डर 5/1 अब शुरू किया गया है। बार-बार किसानों की शिकायत के बाद मैजापुर गन्ना समिति सचिव तथा ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक मैजापुर गन्ने का सट्टा समानुपात में नहीं कर रहे हैं,जिससे क्षेत्र के गन्ना किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## खबरें एक नजर में

### आपसी विवाद में चले लाठी डंडे, एक घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** एक व्यक्ति पर लाठी-डंडे से किए गए प्रहार के बाद उसका हाथ टूट गया और सर फट गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना शहर के आसरा कॉलोनी निकट सर्किट हाउस की है। आरोप है कि यहां के रहने वाले मुमताज अहमद पर कॉलोनी की निवासिनी अनीता देवी तथा उसकी लड़कियां रजनी व रागिनी एवं दो भाइयों संदीप व रंजीत भी रहते हैं। मुमताज अहमद का आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा अक्सर गाली-गलौज दिया जाता है। बुधवार को गाली दिए जाने का विरोध करने पर अनीता देवी तथा उसके भाई व लड़कियों द्वारा मुमताज अहमद पर लाठी-डण्डे से हमला कर दिया गया जिससे उसका हाथ टूट गया और सर में गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि हमले के दौरान मुमताज को बचाने आई उसकी पत्नी व बच्चों पर भी आरोपियों द्वारा हमला किया गया जिससे उन्हें भी चोटें आई हैं। घायल मुमताज की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने छह आरोपियों के विरुद्ध धारा 147, 323, 504 व 325 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल को जिला चिकित्सालय भेजा है।

### सोते समय वृद्ध को राड से मार कर किया लहूलुहान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** पंचर बनाकर जीवन यापन करने वाले वृद्ध को लोहे के रॉड से मारकर लहू-लुहान कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल दुकानदार को जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया। घायल की पुत्री द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जिले के वजीरगंज थाना अंतर्गत राजा सगरा गांव के रहने वाले 65 वर्षीय संतराम पुत्र रामदुलारे पांडेय बीती रात अपने घर के बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान युवक ने लोहे के रॉड से मारकर वृद्ध को लहूलुहान कर दिया, जिससे वृद्ध बरामदे में ही अचेतावस्था में पड़ा रहा। उसकी लड़की खुशी पांडेय ऑनलाइन कोचिंग क्लास अटेंड करती है। मध्य रात्रि में कोचिंग क्लास खत्म होने के बाद जब वह घर से बाहर निकली, तब देखा कि उसके पिता खून से लथपथ बेहोशी की अवस्था में पड़े थे। इस पर वह हल्ला गुहार मचाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचित किया। पुलिस और परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने वृद्ध की स्थिति को गंभीर देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना के बाद सुबह फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई के निर्देश दिए। वृद्ध पिता के साथ हुई वारदात के मामले में उसकी पुत्री खुशी पांडेय ने वजीरगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के रहने वाले उत्तम मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें कहा है कि एक माह पूर्व देर रात्रि में गाड़ी का पंचर बनवाने के दौरान उक्त आरोपी और उसके पिता के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट हुई थी। उस दौरान आरोपी ने देख लेने की धमकी दी थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि रात में सूचना मिलते ही घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि घायल वृद्ध की पुत्री के शिकायती पत्र पर नामजद आरोपी के खिलाफ जान से मार देने के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

### अयोध्या में पीएम दौरे को लेकर सीमा पर बढ़ी निगरानी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या दौरे को लेकर कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सीमावर्ती थानो के पुलिस अधिकारियों और सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच से आवागमन करने वाले लोगों की सघन जांच की जाए किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए गश्त पर भी लोगों पर निगरानी रखी जाए।

## दीवार ढहने से तीन की मौत, दो घायल

- अचानक दोपहर में खेलते समय गिरी मिट्टी की दीवार, क्षेत्र में मच गया कोहराम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





जिले के सलारपुर गांव में गुरुवार दोपहर में अचानक मिट्टी की दीवार गिर गई। मिट्टी के मलबे में दबकर सगे भाई और ममेरे भाई समेत तीन बच्चों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया है।

परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। जिस पर पंचनामा के बाद शव को परिवार को सौंप दिया गया है।रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम सलारपुर लक्ष्मनपुर गांव निवासी ग्रामीण वारिस अली का मकान मिट्टी का बना हुआ है। गुरुवार दोपहर में ढाई बजे के आसपास गांव निवासी मुख्तार (14) पुत्र शमशाद अली, अपने भाई अफ्तार अली (7), मरेजुद्दीन (6) पुत्र समरूद्दीन और ममेरा भाई दरगाह थाना क्षेत्र के गगन चक गांव निवासी नसरुद्दीन (10) पुत्र नूरजादे व भाई इमामुद्दीन (2) खेल रहे थे।

खेलते समय अचानक मिट्टी की पुरानी दीवार गिर गई। जिसके मलबे में सभी बच्चे दब गए।मौके पर ही मुख्तार, अफतार, और ममेरा भाई नसरुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इमामुद्दीन और मेराजुद्दीन घायल हो गए। उन्हें परिवार के लोगों ने बाबागंज अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना से क्षेत्र में कोहराम मच गया। परिवार के लोग रोने बिलखने लगे।

सूचना मिलने पर एसडीएम अजीत परेस, प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पंचनामा के बाद शवों को परिवार को सौपा जा रहा है।

### गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत पुरैना बाजार में श्री बाला जी महाराज के सातवें विशाल जागरण के लिए बृहस्पतिवार को विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ जयकारों के बीच निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल राधाकृष्ण की सुंदर भव्य झांकियां आकर्षक का केन्द्र रही। जगह जगह श्रद्धालुओं ने अबीर की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। आदर्श नवयुवक बाला जी जागरण समिति के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा की शुरुआत रामजानकी मंदिर से हुई। शोभायात्रा राम जानकी पुणेश्वरनाथ मंदिर से होते हुये पुरैना नहर चौराहा, मुन्ना सिंह पुरवा, सरवदी मार्ग से होते हुए रामजानकी मंदिर पर पहुँचकर समाप्त हुई। बाला जी महराज का कार्यक्रम भव्य भंडारे के साथ तीस दिसंबर को समाप्त होगा।

## डायलिसिस सुविधा से आच्छादित हुआ मेडिकल कालेज





- सार्वजनिक निजी भागीदारी के आधार पर उपलब्ध होगी सुविधा
- उप मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारम्भ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संचालित महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी मेडिकल कालेज के महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच में स्थापित डायलिसिस सुविधा केन्द्र का उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर महर्षि बालार्क चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर अनुपमा जायसवाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर डायलिसिस कक्ष का औपचारिक उद्घाटन किया। सुविधा चालू होने के प्रथम घण्टे में ही 50 वर्षीय इकबाल खां व आदिल 02 रोगियों को डायलिसिस सुविधा से आच्छादित भी किया गया। इस अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि डायलिसिस सुविधा को पूरी क्षमता के साथ संचालित कर बहराइच के साथ-साथ पास-पड़ोस के जनपदों से आने वाले मरीज़ों को डायलिसिस के साथ-साथ अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। इस अवसर पर एम.एल.सी. चौधरी के प्रतिनिधि परमार्थ चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री, सी.एम.एस. एम.एम.एम. पाण्डेय, चिकित्सालय के मैनेजर रिज़वान खान सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गुरुकुल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए डीएम-एसपी

- छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**






बुधवार को देर शाम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक राजदेव सिंह व अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से मां सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित शुभारम्भ किया।

तदोपरान्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गणेशवन्दन व स्वागतगीत के साथ राजस्थानी डान्स, हनुमान चालीसा, डोला रे डोला, रैप माँ, महाभारत, गरबा, तेरी झलक, दीपावली स्पेशल राम सियाराम, शिव तांडव, कर हर मैदान फतह, जैसी करनी वैसी भरनी, गलती से मिस्टेक, नुक्कड़ नाटक, राधा कृष्ण, मैं निकला गड्डी लेकर, फॉर्मर, सोल्जर, असलम बाबा तांत्रिक, बेटी बचाओ, डांडिया, माँ बेटा, बम बम बोल, पंजाबी गीत, रैप गीत, होली गीत, लेजी डान्स जैसे गीत, नृत्य व नाटक की प्रस्तुति से मौजूद लोगों मंत्रमुग्ध किया गया।वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने कहा कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बहुत ज़रूरी हैं। क्योंकि ऐसे आयोजन से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश गुरुकुल जैसे स्कूल की बहुत आवश्यकता है। डीएम ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को शिक्षा दिलाते समय लड़की-लड़के में भेद न करें। बच्चे जहां तक चाहे उन्हें शिक्षा दिलायें। एसपी प्रशान्त वर्मा ने अंग्रेजी माध्यम से संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए गुरूकुल जैसे विद्यालय की स्थापना के लिए संस्थापक प्रबंधक राजदेव सिंह की प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों से पूरे मनोयोग के साथ शिक्षा हासिल करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों द्वारा बच्चों के उत्साहवर्द्धन हेतु मेडल प्रदान किया गया। जबकि विद्यालय के प्रबन्धक विश्व हिंदू परिषद अवध प्रान्त के कार्यकारी अध्यक्ष राजदेव सिंह ने डीएम व एसपी सहित अन्य अतिथियों को यथार्थ गीता भेंट की तथा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, अभिभावक व आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। श्री सिंह ने वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य स्वाति सिंह सहित अंशुमा श्रीवास्तव, सृष्टि, शिवम, सूरज, सौरभ आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा एकेडमिक इंचार्ज सूरज प्रताप सिंह के प्रयासों की सराहना की।

## एसपी ने किया थाना रुपईडीहा का आकस्मिक निरीक्षण

- भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मय फोर्स फुट पेट्रोलिंग किया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





इंडो नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा के दृष्टिगत को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने थाना रुपईडीहा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। तथा नवनिर्माणाधीन विवेचना कक्ष / बैरक के गुणवत्तापूर्ण निर्माण तथा थाना परिसर में साफ सफाई आदि का जायजा लिया गया । साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर आम जनमानस में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से मय फोर्स के फुट पेट्रोलिंग किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारीगण को सीमावर्ती क्षेत्र में सजग दृष्टि बनाए रखने व संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की सघन चेकिंग करने के दिशा-निर्देश दिये गये । मौके पर थाना प्रभारी रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह मौजूद रहे ।

एसपी ने विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली नानपारा में सर्किल नानपारा के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। तथा लंबित विवेचनाओं के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर सर्किल नानपारा के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### बाबा महाकाल भैरव मंदिर का वार्षिक उत्सव आयोजित

**बहराइच समृद्धि न्यूज** शहर के त्रिमुहानी घाट शमशान पर स्थित श्री महाकाल भैरव मंदिर के षष्ठम एकदिवसीय महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव का महाभिषेक व अष्ट भैरव संग चौंसठ योगिनी पूजन, मात्रिका पूजन किया गया। इस दौरान गुप्तवास के कारण परिसर में ही महाराजाधिराज बाबा काल भैरव का नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई। जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने यात्रा का पुष्पार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, उत्तराधिकारी पयागपुर आनंद कुमार राय ने बाबा महाकाल भैरव एवं दण्ड पूजन कर संपूर्ण नगर वासियों के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।

## कोहरे का सितम जारी, सड़कों पर रेंग रहे वाहन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के तराई में ठंड व कोहरे का सितम शुरू हो गया है। सुबह से शुरू हुई गलन भरी ठंड से लोग कांप उठे हैं। सुबह कड़ाके की ठंड से लोगों की दिनचर्या रोज के मुकाबले प्रभावित हुई है। जहां अभी रोज सुबह सूर्य की किरणों के साथ सुबह होती आई थी। वहीं पर आसमान में धुंधले को देख लोग समझ नहीं पा रहे थे की बदली छाई हुई है या फिर शीतलहरी का प्रकोप शुरू हो गया है बुजुर्ग रजाई में दुबके रहे। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सीधा असर तराई के मैदानी इलाकों में देखा जा रहा है सुबह से चल रही पछुआ हवाओं से आसमान में ठंड और बढ़ गई है गुरुवार की सुबह घना कोहरा से हुआ। कोहरा इतना की 10 मीटर की दूरी पर लोग दिखाई नहीं पड़ रहे थे बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे थे। बाहर आने पर गर्म कपड़ों टोपी व गमछे से पैक दिखे। वैसे सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था। इसके बाद दोपहर 2 बजे के करीब थोड़ी सी धूप के साथ मौसम साफ हुआ। मौसम पर्यवेक्षक ने बताया कि अभी ठंड में इजाफा होगा और बर्फीली हमारे तेज होगी इससे गलन बढ़ेगी।

### गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ी

ठंड के बढ़ते प्रकोप का असर बाजारों पर भी दिख रहा है ठंड से बचने के लिए लोग बाजार में गर्म कपड़े को खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। शहर के स्टीलगंज तालाब पर सुबह से ही खरीदारी की भीड़ दुकानों पर लगी रहती है खरीदारों के आने से व्यापारी भी गदगद है।

### गन्ना अधिकारी के कार के आगे 10 मिनट तक खड़ा रहा तेंदुआ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट वन क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी में गन्ना अधिकारी के कार के आगे तेंदुआ खड़ा हो गया। तेंदुए को सामने देख कर सभी सहम गए चालक ने रफ्तार पर ब्रेक लगाकर कार को रोक लिया। इस दौरान तेंदुआ करीब 10 मिनट तक कार के सामने सड़क पर चहलकदमी करता रहा उसके बाद जंगल की ओर चला गया। मौसम का असर कतर्निया घाट वन्यजीव प्रभाग में विचरण करने वाले वन्यजीवों पर भी असर डाल रहा है।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक संपन्न

## 590 नए आवेदनों को स्वीकृति, कुल लाभार्थियों की संख्या 1573

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने कैंप कार्यालय में की। जिलाधिकारी ने कोविड-19 महामारी से प्रभावित बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजना का लाभ देने के निर्देश दिए थे। इसी संबंध में ग्रामीण क्षेत्र के 575 और शहरी क्षेत्र के 15 नये आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई।



जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मार्च 2020 के पश्चात ही मृतकों के बच्चों को अभियान चला कर चिन्हित किया जा रहा है।

इस स्वीकृति के पश्चात जिले में लाभार्थियों की संख्या 1573 हो गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में ऐसे अधिक से अधिक बच्चों को चिन्हित किया जाए और उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कोविद-19 महामारी के बाद बहुत से बच्चों ने अपने अभिभावकों को खो दिया। जिससे उन्हें मानसिक और शैक्षणिक हानि उठानी पड़ी। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा बाल सेवा योजना शुरू की गई जिसका उद्देश्य महामारी से प्रभावित बच्चों को संरक्षण प्रदान करना है।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ओजेश्वर पांडे, वन स्टाफ सेंटर मैनेजर श्रद्धा सिंह और एसीएमओ अरविंद कुमार उपस्थित रहे।

# डीएम ने प्रतिकर वितरण में तेजी लाने के दिए निर्देश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कैंप कार्यालय में एनएचएआई की बैठक कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से जरूरी जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने रायबरेली-प्रयागराज मार्ग 24बी के चौड़ीकरण एवं बाईपास,रिंग रोड द्वितीय चरण में और रायबरेली-जगदीशपुर मार्ग के चौड़ीकरण में प्रतिकर वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही सलोन-जायस जगदीशपुर रोड़ के निर्माण हेतु अर्जित भूमि में धारा-3ए की कार्यवाही पूर्ण होने पर, धारा-3डी की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिये। इसके अलावा लालगंज-उन्नाव मार्ग में प्रतिकर वितरण में तेजी लाने एवं अर्जित गाटाओं के अतिशीघ्र अमलदरामद के निर्देश दिये।

बैठक में उप जिलाधिकारी (प्रशासन) के अतिरिक्त एनएचएआई विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## हर घर नल योजना के लाखों रुपए के पाइप जलकर खाक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में प्लास्टिक पाइप के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग से ग्रामीण हर घर नल योजना के लाखों रुपए के पाइप जलकर खाक हो गए।आग लगने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया आनन फानन में ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की इसी बीच लोगो ने दमकल को सूचना दी जिसके बाद घण्टो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मामला भदोखर थाना क्षेत्र के पकरा गिरफ्ता गाँव का है जहाँ राम उरेहि कालेज के बगल में हर घर नल हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन डालने के लिए गोदाम बनाया गया था। आज सुबह घने कोहरे के बीच अचानक से गोदाम के पाइप धू धू कर जलने लगे। देखते ही देखते प्लास्टिक के पाइप की लपटें आसमान छूने लगी। ग्रामीणों की सूचना पर पर मौके पर पहुँची दमकल ने आग पर काबू पाया। इस घटना में जानमाल की हानि नही हुई।

# सर्राफा दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

> 4 किलो चांदी नगदी सहित कैमरे की डिस्क लेकर अज्ञात चोर हुए फरार

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के निकट सर्राफा की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने नगदी समेत जेवरात पर हाथ साफ किया।

बुधवार की देर रात कस्बे के रायबरेली रोड स्थित न्यू महालक्ष्मी ज्वेलर्स का शटर तोड़कर जहां चोरों ने काउंटर में रखे 4 किलो चांदी व कैमरे की हार्ड डिस्क सहित दुकान में ही स्थित बैंक आफ बडौदा बीसी प्वाइंट से 5000 की नगदी पार करने में कामयाब रहे इस दौरान सर्राफा दुकान में रखे लाकर को भी तोड़ने का प्रयास किया लेकिन उसको नहीं तोड़ पाए लकार में रखा हुआ कीमती सामान बच गया। दुकानदार जब गुरुवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे सर्राफा व्यवसाई रमेश स्वर्णकार (बंटी) द्वारा शटर टूटा होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई इस दौरान सर्राफा व्यवसाई के यहां चोरी होने की घटना से कस्बे में हड़कंप मच गया।



मौके पर प्रभारी निरीक्षक बालेन्दु गौतम द्वारा फॉरेंसिंग टीम के साथ पहुंचकर गहन जांच पड़ताल की गई इस दौरान फॉरेंसिक टीम को चोरों के फुटप्रिंट सहित अन्य महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। कोतवाल बालेंद्रु गौतम ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि पी0एम0 पोषण (मध्यान्ह भोजन) योजनान्तर्गत मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में आज रसोइया पाक कला का आयोजन जिला समन्वयक एम0डी0एम0 विनय कुमार तिवारी द्वारा बी0आर0सी0 नगर क्षेत्र, पुलिस लाइन में किया गया। रसोइया पाक कला में 19 विकास क्षेत्रों की कुल 30 रसोइयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह एवं वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा, रायबरेली मोहित द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यकम में निर्णायक समिति के सदस्य अपराजिता तिवारी खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी, अंजली गुप्ता स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी, सुमन सिंह उप प्रधानाचार्य जी.जी.आई.सी. रायबरेली), दीपमाला दीक्षित गृह विज्ञान शि0 जी.जी.आई.सी. रायबरेली उपस्थित रही। कार्यकम का प्रभावी संचालन एस0एस0 पाण्डेय व रेनू शुक्ला जिला व्यायाम शिक्षिका द्वारा किया गया। रसोइया पाक कला प्रतियोगिता में रसोइयों द्वारा रोटी-सब्जी, तहरी एवं खीर व्यंजन तैयार किया गया। समिति द्वारा खाने को चखते हुए गुणवत्ता एवं अनुभव के आधार पर रसोइयों को अंक प्रदान किये गये। जिसके फलस्वरूप रूपरानी, कम्पोजिट विद्यालय झकरासी, वि0क्षे0-राही को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार नीतू, कम्पोजिट विद्यालय पुलिस लाइन, वि0क्षे0-नगर को द्वितीय स्थान एवं कर्मा देवी, प्रा0वि0 अम्बरपुर, वि0क्षे0-छतोह को तृतीय स्थान मिला।

### बीएमपीएस में नौ दिवसीय श्री राम कथा का चौथा दिन

> स्वामी स्वात्मानंद महाराज ने श्री राम कथा में राम बनवास की कथा का किया भाव विभोर करने वाला वर्णन



**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नगर की बहु- प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में नौ दिवसीय श्री राम कथा के चौथे दिन भी काशी से पधारे पुरोहित विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रों द्वारा देवी-देवताओ के पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कथा के चौथे दिन परम पूज्य गुरुदेव श्री स्वात्मानंद महाराज ने मां सरस्वती एवं विघ्नेश्वर श्री गणेश के आह्वान के साथ श्री राम कथा की शुरुआत करते हुए श्री राम वनवास के बारे में रोचक जानकारी देते हुए बताया यह जो कथा है हम मानव की निज जीवन की कथा है।भगवान ने हमें बताया है कि जीवन कैसे जीना चाहिए। भगवान में भगवता होते हुए भी मानव शरीर को अपनाकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहलाए।श्री राम कथा जीवन को भव-तापों को मिटाने वाली है।राम वनवास कथा को विस्तार से जानकारी देते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि विधि के विधान को बदला नहीं जा सकता है असुर शक्तियों के विनाश के लिए ही यह लीला रची गई। राजा राम के राज्याभिषेक के समय रानी कैकेई का अचानक रूठना महाराज दशरथ के सोच से परे था । इसका वर्णन स्वामी जी ने विस्तार से बताया।

### कई महीने से चल रहा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**महराजगंज/ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली महराजगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुष्कर्म पास्को एक्ट एवं एससी एसटी एक्ट मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है पुलिस को सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त अरुण प्रताप सिंह पुत्र जितेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम मीरपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को पुलिस ने थाना क्षेत्र के चंदापुर चौराहे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### प्राइवेट बस अड्डा संचालकों में मारपीट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज चौराहे पर अवैध रूप से संचालित प्राइवेट बस अड्डा संचालकों के बीच सवारी बैठाने को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीनों के खिलाफकार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। मियागंज चौराहे से चंडीगढ़, लुधियाना, पंजाब प्रांत के लिए एक दर्जन से अधिक प्राइवेट बसें चलती हैं जहां बस चालकों द्वारा कमीशन एजेंट बना रखे हैं वह चौराहे पर सवारियां तलाश कर बस पर बैठाते हैं जिसके एवज में उन्हें कमीशन दिया जाता है। गुरुवार को सवारियां बैठाने को लेकर नाजिम, दीपू, धर्मपाल के बीच गाली-गलौज होने लगा और तीनों के बीच मारपीट होने लगी। शोरगुल मचा तो पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों के खिलाफकार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### कार-टैम्पो की भिड़न्त में महिला सहित तीन घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर कार टैम्पो की भिंड़त में तीन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। आसीवन कस्बा निवासी अफ़साना भाई नूरआलम के साथ गुरुवार को कार से मियागंज जा रही थी। इसी बीच मियागंज चौराहे से खाद लादकर तकिया चौराहा जा रहा था कि आसीवन मियागंज के बीच स्थित पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गयी जिससे टैम्पो पलट गया जिससे महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया है।

### युवक ने कीटनाशक पिया

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के कुलहा अटौरा गांव निवासी शुभम पुत्र दिनेश परिजनों की किसी बात से नाराज हो गया और उसने कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया।

# माह जनवरी में विकास खण्ड परिसर में रोजगार मेले का होगा आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में माह जनवरी में जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड परिसर में रोजगार मे मेले का आयोजन किया जाना है। 02 जनवरी को विकासखंड डलमऊ परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार विकास लालगंज में 04 जनवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। 05 जनवरी को विकास खण्ड सरेनी में, 08 जनवरी को विकास खण्ड अमावां में, 09 जनवरी को विकास खण्ड महराजगंज में, 11 जनवरी को विकास खण्ड शिवगढ़ में, 12 जनवरी को विकास खण्ड बछरावां में, 15 जनवरी को विकास खण्ड डीह में, 16 जनवरी को विकास खण्ड छतोह में, 18 जनवरी को विकास खण्ड जगतपुर में, 19 जनवरी को विकास खण्ड ऊँचाहार में, 22 जनवरी को विकास खण्ड सलोन में, 23 जनवरी को विकास खण्ड दीनशाहगौरा में, 24 जनवरी को विकास खण्ड हरचन्दपुर में, 27 जनवरी को विकास खण्ड खीरों में, 29 जनवरी को विकास खण्ड रोहनिया में, 30 जनवरी को विकास खण्ड सतांव में एवं 31 जनवरी को विकास खण्ड राही परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को श्रद्धांजलि

> वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह

**महाराजगंज/ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महावीर स्टडी स्टेट कॉलेज महाराजगंज में वीर बाल दिवस साहिबजादो को श्रद्धांजलि के साथ बच्चों ने बहुत उत्साह से मनाया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि सिख और पंजाब का इतिहास दसवीं सिख गुरुद्व गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों अजीत सिंह जाझर सिंह, जोरावर सिंह, तथा फतेह सिंह के साथ गुरु माता गुजरी के बिना अधूरा है।

मानव इतिहास में साहिबजादो की शहादत का कोई सानी नहीं है। सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह उसे आध्यात्मिक प्रकाश जो गुरु नानक के साथ शुरू हुई थी। और उस मार्शल परंपरा जिसे उनके कुछ पुववर्तियो ने प्रोत्साहित और सम्मानित किया था, की परिणित थे। उन्हें संत सैनिक के रूप में जाना जाता है।



इन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की।जोरावर सिंह भाईयो ने धर्म परिवर्तन को अविष्कार करते हुए अपनी जान गवां दी। 26 दिसंबर उन्हीं की शहादत में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है बच्चों ने पोस्ट जिसमें आदित्य , शिवी, कृतिका, अहद,आरव, अनिकेत, ड्राइंग में आकांक्षा अभिमन्यु भावेश साक्षी शुभ अवंतिका श्रेयांश अभिज्ञान मनु सार्थक देवकी दीपाली हर्ष अर्पित मनु सार्थक अदिति रोहित ने साहिब जड़ों के चित्र बनाकर आर्ट गैलरी की शोभा बढ़ा दी नन्हे कवि आदित्य ने अपनी कविता मानो धाम बड़ा है। सबसे आयुष वैष्णव ने पैरों में अंगारे बंदे सीने में तूफान भरे आकाश वैद्य ने किसके कितने लाल सलोने, अभिमन्यु ने कहीं पर्वत झुके भी है। नन्ही सी उम्र में देखो भावेश सिंह यदि देश हित मरना पड़े कविता सुना कर सबका मन मोह लिया काव्यांजलि को श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित किया सभी को अपने समाज धर्म देश एवं जन्म की मिट्टी से प्यार करना चाहिए इसकी रक्षा सर्वोपरि है। इस अवसर पर श्रीमती गिरिजा शुक्ला, राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, सरिता मिश्रा, नीरू बाजपेई, मंजू सिंह, अनूप सिंह, लक्ष्मी सिंह, फातिमा साधना सिंह, ज्योति सिंह, आलोक यादव, अभिषेक राज, त्रिपाठी, आदर्श शुक्ला, जय सिंह, राधा शुक्ला, रुचि सिंह, शिवानी वर्म,अमित सिंह, लवलेश सिंह, निखिल शुक्ला, सुरेंद्र प्रजापति आदि का विशेष योगदान रहा।

# मिशन शक्ति 4.0 : गंगोत्री पैरामेडिकल की छात्राओं का एक्स्कर्जन-एक्सपोजर विजिट आयोजित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गंगोत्री पैरामेडिकल महानंदपुर, रायबरेली व महिला कल्याण विभाग की अधिकारी पूजा शुक्ला के सहयोग से मिशन शक्ति 4.0 के तहत एक दिवसीय एक्स्कर्जन - एक्सपोजर विजिट में संस्थान की छात्राओ को महिला थाना रायबरेली, पिंक बूथ रतापुर व महिला चिकित्सालय में विजिट करवाया गया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी व रायबरेली सी0ओ0 सिटी अमित सिंह ने छात्राओ को पिन्क बूथ की कार्यशैली के बारे मे विस्तार से अवगत कराया। महिला चिकित्सालय की मैनेजर मृणालिनी जी ने छात्राओ को शासन के द्वारा महिला कल्याण के लिये अस्पताल में संचालित योजनाओ के बारे मे विस्तृत रूप से अवगत कराया तथा चिकित्सालय से सर्म्बधित कार्यो जैसे लेबर रूम, आप्रेशन थियेटर, वार्ड, एन आई सी यू आदि मे किस तरह कार्य होता है इन सबके बारे मे बताया। संस्थान के डाक्टर शक्तिधर बाजपेई ने छात्राओ को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ व संस्थान के द्वारा इस दिशा मे किये जा रहे प्रयासो के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी आयुष द्विवेदी, क्षमा शुक्ला, प्रशान्त तिवारी, अर्पित मौर्या, अयान, अदनान, वैभव बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त मे महिला कल्याण विभाग की तरफ से पूजा शुक्ला ने छात्राओ को विस्तार से महिला कल्याण की योजनाओ के बारे मे अवगत कराया व धन्यवाद ज्ञापित किया।




# सर्द हवाओं, ठंड व घने कोहरे से बचाव के बताए उपाय

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिलाधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया है कि जनपद में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है, ऐसी स्थिति में सर्द हवाओं के चलने के कारण ठंड का प्रकोप और भी बढ़ने की सम्भावना बनी रहती है।

ऐसी स्थिति में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा ठंड/पाला/घने कोहरे से बचाव के लिए बताया है कि रेडियो सुनें टीवी देखें, स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढ़ें। पर्याप्त सर्दियों के कपड़े स्टॉक करें।

कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती है। बच्चों को अच्छी तरह ऊनी कपड़ों से ढक कर रखें एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें। पानी पीने, स्नान करने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग अवश्य करें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय ढीले ढाले, हल्के, वायुरोधी गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। टाइट कपड़े ब्लड सर्कुलेशन को कम करते है। ठंड से बचाव के लिए जनपद में विभिन्न स्थानों पर तहसील/नगर पालिका/नगर पंचायत के द्वारा दैनिक रूप से जलाये जा रहे अलाव का सहारा लिया जा सकता है।

कोहरे के दौरान वाहन धीरे चलाये, डिफॉगर लगाएं, इंडिकेटर लाइट एवं हेलमेट का उपयोग एवं नारंगी रंग का चेतावनी स्टीकर लगायें, जिससे घने कोहरे में वाहनों के मध्य उचित दूरी बनी रहे तथा दुर्घटना न हो पायें। किसानों से विशेष अनुरोध है कि ठंड/पाला से बचाव हेतु कृषि कार्य दिन में ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। फ्लू बहती नाक या नाक से खून बहने जैसी विभिन्न बीमारिया ठंड से लंबे समय तक रहने के कारण बढ़ जाती है। ऐसे लक्षणों के लिए डॉक्टर से सलाह लें। अपने आप को सूखा रखें। यदि गीले है, तो अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढक लें क्योंकि अधिकांश सर्दी का नुकसान शरीर के इन हिस्सों से होता है। शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए ताजा भोजन करें। पर्याप्त प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल और सब्जियां खाए। नियमित रूप से गर्म पेय पदार्थ पिएं, क्योंकि इससे सर्दी से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। पशुओं को ठंड से बचाएं एवं निमोनिया, डायरिया, खुरपका व मुंहपका इत्यादि से बचाव के लिये टीकाकरण अवश्य कराये।

## नर्सिंग होम में आपरेशन से हुए नवजात ने तोड़ा दम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार को महिला को डिलीवरी के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने बताया कि नार्मल डिलीवरी नहीं हो सकती, आपरेशन कराना पड़ेगा जिसपर परिजन सहमत हो गए। आपरेशन के दौरान बच्चे की मौत हो गयी। मियागंज कस्बा निवासी इकरार अली की पत्नी अरमान फातिमा को पेट दर्द होने पर परिजन डिलीवरी के लिए कस्बा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने चेकअप किया और बताया कि नार्मल डिलीवरी नहीं हो सकती। इसके लिए आपरेशन करना होगा। परिजन इसके लिए तैयार हो गए। आपरेशन के एक घंटा बाद बच्चे की मौत हो गयी और मृतक के परिजन बच्चे का शव लेकर चले गए।

# जल ज्ञान यात्रा बसों को सीडीओ ने झण्डी दिखा किया रवाना

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के आदेशों के अनुपालन में निराला प्रेक्षागृह से जल ज्ञान यात्रा के एक्सपोजर विजिट हेतु मुख्य विकास अधिकारी ॠषिराज, अपर जिलाधिकारी (वि0धा0)/प्रभारी जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय तथा विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जल ज्ञान यात्रा की बसो को रवाना किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को टीकरगढ़ी ग्राम पाइप पेयजल योजना पर पेयजल की उपयोगिता के बारे मे जिला समन्वयक, लखनऊ द्वारा जानकारी दी गयी तत्पश्चात जल ज्ञान यात्रा विकास खण्ड सिकन्दरपुर कर्ण के ग्राम डकारी में निर्मित 15 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. का भ्रमण भी किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को घरेलू दूषित उत्प्रवाह के रोककर उसका शोधन कर गंगा नदी मे प्रवाहित किये जाने के बिन्दुओं पर अवगत कराया गया। तदोपरान्त जल ज्ञान यात्रा को विभाग द्वारा संचालित जनपदस्तरीय जल विश्लेषण प्रयोगशाला का भ्रमण कर भूगर्भ जल में पाये जाने वाली रासायनिक अशुद्धियों की जल जॉच के सम्बन्ध में लैब केमिस्ट कु0 निवेदिता भारद्वाज द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी।




# वाहन चेकिंग की आड़ में पुलिस कर रही अवैध वसूली

> युवक ने मुख्यमंत्री व एसपी को भेजा शिकायती पत्र

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम जोगीकोट के मजरा रसूलाबाद निवासी युवक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर बांगरमऊ पुलिस पर वाहन चेकिंग की आड़ में अवैध वसूली का आरोप लगाया है। ग्राम रसूलाबाद निवासी मोहम्मद अरशद पुत्र स्वर्गीय अख्तर अली ने मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को भेजे गए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि गत 26 दिसंबर को वह अपने गांव से बांगरमऊ बाजार जा रहा था। कस्बा बांगरमऊ में हरदोई-उन्नाव रोड पर सण्डीला रोड तिराहे के निकट बांगरमऊ थाने का सिपाही कपिल कुमार नागर अपने दो अन्य सिपाहियों के साथ मोटरसाइकिल वालों को रोककर चेकिंग की आड़ में उनको परेशान कर रूपयों की वसूली कर रहा था। आरोपी सिपाहियों ने अरशद को रोककर कहा कि 500 रुपया दो वरना गाड़ी का चालान कर दूंगा। रुपए देने से इनकार करने पर सिपाही कपिल कुमार नागर गंदी-गंदी गालियां देने लगा। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि आएदिन यह सिपाही पुलिस चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान करता रहता है तथा रूपयों की उगाही करता रहता है। रुपए न देने पर चालान करने की धमकी देता है। जिससे लोगों में सिपाही के प्रति दहशत का माहौल बना हुआ है। पत्र में सिपाही की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

# सौन्दर्य प्रतियोगिता में शिक्षा ने जीता फेस ऑफ दि यूपी का खिताब

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के हाली-डे इन होटल में आयोजित प्रदेशस्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता में बांगरमऊ क्षेत्र की बेटी ने फेस आफ दी उत्तर प्रदेश का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। आयोजन समिति द्वारा बेटी को क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया।



लखनऊ के हाली-डे इन होटल में चार दिनों तक चली सौंदर्य प्रतियोगिता अंतर्गत मिसेज उत्तर प्रदेश क्वीन ऑफ वर्च्यू में क्षेत्र के ग्राम भुलभुलियाखेड़ा माढ़ापुर की बेटी शिक्षा को चार्मिंग फेस ऑफ दि उत्तर प्रदेश के खिताब से नवाजा गया और उन्हें क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही बेटी शिक्षा को लखनऊ के डर्मा क्लिनिक ने उन्हें अपना फेस बनाया। जबकि प्रीति सौरभ ने मिसेज उत्तर प्रदेश का खिताब जीता। ग्रांड फ़िनाले में चार्मिंग फेस आफ दि उत्तर प्रदेश का खिताब जीतते ही उनके गांव सहित क्षेत्र में जमकर खुशियां मनाई गई। प्रतियोगिता के फ़िनाले शो को एक्टर अमन वर्मा ने होस्ट किया और शो की ऑर्गनाइजर प्रीति यादव और इवेंट की यूपी हेड ममता ने शिक्षा को क्राउन पहनाया। खिताब की विजेता शिक्षा क्षेत्र के ग्राम भुलभुलियाखेड़ा निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय साहबलाल द्विवेदी की पौत्री तथा सेवानिवृत्त शिक्षक विपिन कुमार द्विवेदी की पुत्री हैं। बेटी की इस अभूतपूर्व उपलब्धि को लेकर आज उनके पिता के आवास पर बधाइयों का तांता लगा रहा।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने पैदल जा रहे वृद्ध के जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध घायल हो गया। बांगरमऊ सीएचसी द्वारा घायल को जिला अस्पताल रेफ़र किया गया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम खभौली निवासी नरेंद्र बक्स सिंह 76 पुत्र स्वर्गीय शंकर बक्स सिंह गुरुवार शाम पैदल संडीला मार्ग की तरफजा रहा था तभी रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से वृद्ध गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया।

# कोहरे व गलन से सर्दी से ठिठुरते रहे लोग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

गुरूवार सुबह कोहरे के साथ बढ़ी सर्दी से हर कोई ठिठुरता हुआ नजर आया। वहीं कोहरे की धुंध दोपहर तक छाई रही। दोपहर के समय सूरज की किरणें दिखाई पड़ी। जिसके बाद कुछ राहत मिली शाम को फ़िर से सर्दी बढ़ने से वाहन सवारों की कंपकंपी छूट गई।

बुधवार रात से ही कोहरा पड़ने लगा। रात से अधिक गलन होने के कारण लोग जल्दी घर के लिये निकल जाते हैं। जिससे हर कोई ठिठुरता नजर आया। सड़क के किनारे जल रहे अलाव के पास हर कोई दुबक गया। लेकिन जानवर भी जल रही आग के आस पास खड़े रहे। इस भीषण सर्दी में बर्फ़ीली हवाओं ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। बुधवार को सुबह कोहरा पड़ने के कारण सर्दी का प्रकोप बढ़ने लगा। अधिक कोहरा होने के कारण दोपहिया चौपहिया वाहन रेंगते हुये अपने गंतव्य की ओर रवाना हुये। कोहरे के कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं हाइवे, आजाद मार्ग और बैराज मार्ग पर वाहन कोहरे के कारण रेंगते हुये गुजरे। दोपहर के समय धूप निकलने से लोगों को राहत मिली लेकिन शाम चार बजे के बाद फ़िर अचानक मौसम बदल गया। जिससे लोगों की कंपकंपी छूट गई। वहीं कोहरा होने के कारण फ़ोरलेन, नवीन पुल, आजाद मार्ग, हाइवे पर वाहनों की रफ्तार में ब्रेक लग गया। वाहन सवार रेंगते हुये निकले। वहीं कई बार वाहन टकराते हुये बचे। जिससे हादसा होने से टल गया।



## राम मंदिर सिर्फ सियासी नहीं

अयोध्या का राम मंदिर सांस्कृतिक पुनरोत्थान का एक उदाहरण है, तो राजनीति का भी मुद्दा है। 1989 से 2019 तक के लोकसभा चुनाव के घोषणा-पत्रों में भाजपा इसे शामिल करती रही है। एक राजनीतिक दल सांस्कृतिक विकास और बदलाव की बातें नहीं करता, क्योंकि वे चुनावी मुद्दे नहीं आंके जाते। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराएंगे, इस एक मुद्दे ने भाजपा को 2 सांसदों से 303 सांसदों तक की अप्रत्याशित छलांग लगाने की ताकत दी है। अन्य मुद्दों की भी भूमिकाएं रही हैं, लेकिन राम मंदिर के उद्घोष पर जो उन्माद और ध्रुवीकरण, भाजपा के पक्ष में, पैदा होता रहा है, उससे राजनीतिक लक्ष्य भी साधे गए हैं। आस्थाएं कई और मुद्दों के प्रति भी हो सकती हैं। आस्थाएं अयोध्या, काशी और मथुरा तक ही सीमित क्यों हैं? भाजपा और संघ परिवार के छाया-चेहरे ही अदालतों में इन मुद्दों की लड़ाइयां लड़ रहे हैं। भाजपा माने अथवा न माने, राम मंदिर 2024 के आम चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा साबित होगा, लेकिन फिर भी राम मंदिर समारोह को पूरी तरह सियासी करार नहीं दिया जा सकता। गांव-गांव, घर-घर जाना, प्रभु राम की तस्वीर के साथ प्रसाद बांटना और अयोध्या में दर्शन करने आने के आमंत्रण और इन गतिविधियों के लिए संघ परिवार के स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं की ड्यूटी पर लगाने के अभिप्राय क्या हैं? जाहिर है कि रामत्व के जरिए हिंदुत्व के प्रसार का भी राजनीतिक लक्ष्य है। यह भाजपा का प्रचार-तंत्र भी है। यदि ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती कहते हैं कि चुनावी फायदे के लिए भाजपा अयोध्या में राम मंदिर के एक ही हिस्से का उद्घाटन करवा रही है, भगवान राम की बाल्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा चुनाव के मद्देनजर कराई जा रही है, तो उन्होंने पूर्णतः गलत नहीं कहा है। शंकराचार्य को कांग्रेस और भाजपा में बांट कर नहीं देखा जा सकता। सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने एक ही धर्म के राजनीतिकरण के कारण राम मंदिर समारोह का बहिष्कार किया है। पार्टी ने इसे 'संविधान-विरोधी' करार दिया है, क्योंकि संविधान में 'धर्मनिरपेक्ष भारत' की बात कही गई है। हम इस दलील को नहीं मानते। वैसे भी वामपंथी दल वैचारिक और मानसिक स्तर पर चीन के ज्यादा करीब रहे हैं। उन्होंने भारत-चीन युद्ध के दौरान भी देश का साथ नहीं दिया था। बहरहाल लोकतंत्र में राजनीति को खारिज नहीं किया जा सकता। राजनीति से आम आदमी भी जुड़ा है। यदि भगवान राम के दर्शनार्थ अथवा नया, भव्य मंदिर देखने देश भर से भक्तगण उमड़ते हैं, अयोध्या में भक्ति और भजन की तरंगें प्रवाहित होती हैं, यदि विरोधी राजनीति के नेतागण भी अपने 'आराध्य' के लिए अयोध्या मंदिर में जुटते हैं, तो उसे महज 'राजनीति' भी न कहा जाए। भक्ति, अध्यात्म, दर्शन, आस्था और राजनीति की परिभाषाएं भिन्न हैं। बेशक राम मंदिर के मुद्दे पर भाजपा का राजनीतिक विस्तार हुआ है। अन्य धर्मावलंबी, संप्रदाय, मत के लोग और समाज भी समारोह मनाते हैं।

## गाजा कब्रिस्तान बनता जा रहा है



हमास के हमले और उसके बाद इजराइल की जबरदस्त प्रतिक्रिया ने भारत सरकार के लिए जटिल कूटनीतिक चुनौती खड़ी कर दी थी। गाजा की तबाही के बाद लोक राय बदल रही है। एक तरफबुरे समय में काम आने वाला इजराइल है तो दूसरी तरफसारे अरब देश जो गाजा के लोगों पर अत्याचार से क्रोधित हैं। गाजा में युद्ध विराम का पक्ष लेकर भारत ने रिश्तों में कुछ संतुलन कघयम करने का प्रयास किया है। यह मानवीय दृष्टिकोण से भी सही है। लेकिन अगर यह युद्ध लम्बा चलता गया तो हमारे लिए भी कूटनीतिक चुनौती बढ़ती जाएगी क्योंकि हम बीच के रास्ते पर चलना चाहेंगे। लेकिन असली चुनौती तो इजराइल के लिए है क्योंकि इतनी तबाही करने के बावजूद न वह हमास को ही खघ्त्म कर सके हैं और न ही अपने अपहृत लोगों को ही निकाल सके हैं। उल्टा वह अंतर्राष्ट्रीय खलनायक बनते जा रहे हैं जिसकी अलग कघीमत चुकानी पड़ सकती है। फ़िलस्तीनियों को भी बड़ी कघीमत चुकानी पड़ेगी पर इजराइल खुद चौन से नहीं बैठ सकेगा। यह भी मालूम नहीं कि युद्ध का अंत क्या है? गाजा का पुनर्निर्माण कौन करेगा?

**चंद्रमोहन**

हमास के आतंकवादियों द्वारा 7अक्तूबर को इजराइल पर हमले के बाद दुनिया भर में इजराइल के प्रति जो हमदर्दी थी वह गाजा पर लगातार और अंधाधुंध बमबारी के बाद अब पूरी तरह से लुप्त हो गई है। इजराइल को अब एक क्रूर और असंवेदनशील बेसुध देश की तरह देखा जा रहा है जो बदले की भावना में इतना बह गया है कि हजारों बेकसूरों को मार चुका है। पूछा जा रहा है कि गाजा के कितने हजार और बच्चों का खून बहाने के बाद इजराइल की प्यास बुझेगी? हमास ने 1200 इजराइली मारे थे जबकि इजराइल हमास को तबाह करने की असफल कोशिश में 20000 फिलस्तीनियों को मार चुका है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। 5000 तो बच्चे ही मारे जा चुके हैं। जो कई सौ मलबे में दबे हैं वह अलग हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एनटोनियो गुटेरस का कहना है कि ÷गाजा बच्चों का कब्रिस्तान बन चुका है÷। न्यूयार्क टाइम्स में पैट्रिक किंग्सले ने लिखा है ÷पिछले तीन वर्षों में मैंने करीब एक दर्जन बार इस इलाके की यात्रा की है। अब इसे पहचानना ही मुश्किल है। घरों की दीवारों या छतें, या दोनों गायब हैं। बहुत से घर ताश के पत्तों की तरह एक-दूसरे पर गिर हुए हैं÷। क्रूरता ऐसी है कि शरणार्थियों के जबालया शरणार्थी शिविर पर बमबारी की गई जिसमें 45 लोग मारे गए। उतरी गाजा तो मटियामेट हो ही चुका है अब दक्षिण गाजा जहां शरणार्थी रह रहें हैं, पर भी बमबारी हो रही है। जिस इलाके की यह पत्रकार बात कर रहा है वहां कोई पच्चीस लाख लोग रहते थे जिन्हें बमबारी के कारण घरबार छोड़ कर भागना पड़ा था। अनुमान है कि गाजा की 80 प्रतिशत जनसंख्या बेघर हो चुकी है। इतनी बड़ी संख्या के लिए बसने की कोई जगह नहीं है और न ही वह वापिस ही आ सके क्योंकि वापिस आने के लिए कुछ बचा ही नहीं। इजराइल हमास से बदला लेना चाहता है पर बदला बेकघ्सूर फिलस्तीनियों से लिया जा रहा है। पिछले 75 वर्षों में इजराइल ने अपने सैनिक बल और पश्चिम के देशों, विशेष तौर पर अमेरिका, के समर्थन से फिलिस्तीन को दुनिया के सबसे बड़े ओपन- एयर जेल में परिवर्तित कर दिया था जहां बाहर से राहत सामग्री भी इजरायल की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं कर सकती थी। 25 लाख लोग घनी आबादी वाली तंग बस्तियों में रहते हैं जहां इजराइल की खघुफिया एजेंसियां उन के दैनिक जीवन पर सख्त नजर रखती हैं। जहां पहले रोजाना राहत सामग्री से भरे 500 ट्रक प्रवेश करते थे वहां अब एक दर्जन को मुश्किल से अन्दर आने की इजाजत है। कई लोग तो शिकायत कर रहे हैं कि इजराइल गाजा के लोगों को भूखा मारना चाहता है, जिसका प्रतिवाद इजराइल कर रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा है कि वह तब तक लड़ते जाएंगे जब तक हमास तबाह नहीं हो जाता। पर अगर वह हमास को तबाह नहीं कर सके तो क्या इसी तरह बेकसूर फिलिस्तीनियों पर बम और मिसाइल बरसाते रहेंगे? यहूदियों ने अपने इतिहास में यूरोप में बहुत अत्याचार सहा है। हैरानी है कि वैसा ही अत्याचार वह फिलस्तीनियों के साथ कर रहे हैं। शिकार अब अत्यंत क्रूर शिकारी बन गया है। इस प्रकार की सरकारी हिंसा तो किसी नस्ली सफाई से कम नहीं। यूनिसेफने गाजा की स्थिति को 'मानवीय त्रासदी' कहा है और यह भी कहा है कि गाजा के बच्चों के पास पीने के लिए मुश्किल से पानी की एक बूंद है। वहां अस्पताल काम नहीं कर रहे। अधिकतर तो वैसे ही बमबारी से ध्वस्त हैं। वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने बताया है कि वहां भुखमरी की हालत है। चारों तरफगंदगी फैली हुई जिस कारण डाक्टर चेतावनी दे रहे हैं कि जितने बच्चे बमबारी से मारे गए उससे कहीं अधिक बीमारी से मर सकते हैं। इस अंधी क्रूरता पर दुनिया भर में विरोध हो रहा है। फ्रांस, जर्मनी और इंग्लैंड जो अब तक इजराइल का समर्थन करते रहे हैं ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र में युद्ध विराम के प्रस्ताव को समर्थन दिया है। अमेरिका ने प्रस्ताव को वीटो किया है जबकि भारत समेत 153 देशों ने इसे समर्थन दिया है। हाल ही में अमेरिका ने इजराइल से कहा है कि वह चाहता है कि वह हमास पर युद्ध की रफ्तार कम करें पर जब इजराइल ने ऐसा नहीं किया तो बाइडेन ने पहली बार इजराइल की सख्त आलोचना करते हुए कहा कि वह देश अंधाधुंध बमबारी के कारण अंतर्राष्ट्रीय समर्थन खोने की स्थिति में है। पर इसके बावजूद बाइडेन लगातार इजराइल को बम और मिसाइल सप्लाई करते जा रहे हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पहली बार युद्ध विराम के पक्ष में वोट डाला है। भारत अभी तक इस मुद्दे पर वोट करने से बचता रहा है। हम 'मानवीय सहायता' या 'युद्ध की तीव्रता कम करने' की वकालत करते रहे हैं। भारत और दूसरे देश जो पहले तटस्थ थे या इजराइल का पक्ष ले रहे थे के द्वारा अब युद्ध विराम के पक्ष में वोट डालना बताता है कि इजराइल किस तरह अलग-थलग पड़ रहा है। भारत का इजराइल के साथ पुराना रिश्ता है और उस देश और वहां के लोगों के प्रति यहां बहुत सद्भावना रही है। अरब देशों ने पाकिस्तान के साथ हमारे युद्धों के दौरान उस देश का पक्ष लिया था और 1962 के चीन के साथ युद्ध में तटस्थ रहे थे। इसका यहां असर हुआ था जबकि इजराइल इन युद्धों में सैनिक सामान से हमारी सहायता करता रहा है।

भारत में क्योंकि यहूदियों से गलत व्यवहार नहीं किया जाता, जैसा यूरोप के कुछ देशों में अभी भी हो रहा है, इसलिए उस देश का हमारे साथ लगाव रहा है। कारगिल के युद्ध के समय इजराइल ने हमें वह सैनिक सामान दिया जिसकी हमें बहुत जरूरत थी। एक रिपोर्ट के अनुसार इजराइल की सेना ने अपने इमरजैंसी स्टाक में से निकाल कर भारत को सप्लाई भेजी थी। प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा राव ने इजराइल के साथ कूटनीतिक सम्बंध कायम किए थे जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत घनिष्ठ बना दिए हैं। वह पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने इजराइल की यात्रा की है। हमारे उस देश के साथ अब गहरे सामरिक और आर्थिक सम्बंध है जिस कारण भारत इसकी मनमानी के प्रति आंखें मूंदता रहा है। जब हमास का हमला हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के साथ एकता दिखाने में एक मिनट नहीं गंवाया। पर अब हालात बदल गए हैं। हमारी बढ़ती ताकत के कारण अरब और खाड़ी के देशों ने पाकिस्तान के प्रति झुकाव छोड़ दिया है और साऊदी अरब, यूएई, कतर, ईरान जैसे देशों के साथ हमारे गहरे सामरिक, सुरक्षा और व्यापारिक सम्बंध बने हैं। भारत की ऊर्जा की जरूरत का 50 प्रतिशत इन देशों से पूरा होता है। 90 लाख भारतीय इन देशों में रहते हैं जो 50 अरब डॉलर वार्षिक स्वदेश भेजते हैं। इन देशों के साथ सम्बंध बेहतर करने में प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत मेहनत की है।

### विचार

## संसद के सवाल और विपक्ष का दायित्व

**संसद पर हमले को लेकर भाजपा सरकार का रवैया जितना आश्चर्यजनक रहा, उससे कहीं अधिक आश्चर्य यह देखकर हुआ कि गृहमंत्री से सदन में जवाब की मांग कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को दो-तीन दिन के भीतर निलंबित कर दिया गया। सदन पर हुए हमले का जवाब अगर सदन में नहीं मांगा जाएगा, तो फिर उसके लिए कौन सी अन्य जगह उपयक्त है, यह भी भाजपा को बता देना चाहिए। लगभग डेढ़ सौ सांसदों का निलंबन काफी नहीं था कि संसद के दोनों सदनों की सूची से उन 264 सवालों को भी हटा दिया गया, जो विपक्षी सांसदों ने पूछे थे। सरकार से पूछा जाना चाहिए कि क्या इन सवालों से भी सदन की कार्रवाई में व्यवधान पड़ रहा था।**

एनडीए सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम शीतकालीन सत्र कई सुलगते सवालों को छोड़ गया है। इन सवालों के जवाब अभी गंभीरता से नहीं तलाशे गए, तो फिर देश में लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को उखड़ने से रोक पाना कठिन हो जाएगा। संसद पर हमला, 146 सांसदों के निलंबन के बाद अब ये तथ्य भी सामने आया है कि संसद में दोनों सदनों में विपक्ष के सांसदों द्वारा पूछे गए 264 सवालों को प्रश्नों की सूची से हटा दिया गया है। ये तमाम बातें भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार ही हो रही हैं। 76 साल की आजादी और लोकतंत्र के दीर्घ अनुभव के बाद संसदीय कामकाज में परिपक्वता, धैर्य और संयम दिखाई देने चाहिए थे, लेकिन फिलहाल लग रहा है कि हमें संसदीय तकाजे का ककहरा फिर से सीखना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस शीतकालीन सत्र में संसद पर एक और हमले की कोशिश की गई थी। एकबारगी यह हमला मौजूदा सरकार की नीतियों और फैसलों के खिलाफ दिखाई देता है। लेकिन अगर देश के एक तबके में भाजपा के शासन को लेकर इतनी अधिक नाराजगी व्याप्त है कि उसके लिए संसद पर हमले का दुस्साहस किया जाए, तो फिर यह नाराजगी चुनावी नतीजों में क्यों नहीं दिखाई देती। क्या संसद पर हमला करने वाले जानते नहीं थे कि इसका अंजाम क्या होने वाला है। क्या कानून की कड़ाई का अंदाज होने के बावजूद उन्होंने इस जोखिम को उठाया और अपना भविष्य, जीवन सब कुछ खतरे में डाला। कुछ लोगों का पूरे योजनाबद्ध तरीके से संसद के बाहर और भीतर आकर विरोध दिखाना किसी नजरिए से मामूली घटना नहीं है, लेकिन इस पर सरकार का रवैया देखकर यह लग ही नहीं रहा कि उसे किसी बात की चिंता हुई हो। क्या भाजपा अपने बहुमत को कवच इस कदर अभेद्य मानने लगी है कि उसे इस बात से भी फर्क नहीं पड़ रहा कि दो लोग संसद के भीतर आकर धुआं छोड़ गए। संसद पर हमले को लेकर भाजपा सरकार का रवैया जितना आश्चर्यजनक रहा, उससे कहीं अधिक आश्चर्य यह देखकर हुआ कि गृहमंत्री से सदन में जवाब की मांग कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को दो-तीन दिन के भीतर निलंबित कर दिया गया। सदन पर हुए हमले का जवाब अगर सदन में नहीं मांगा जाएगा, तो फिर उसके लिए कौन सी अन्य जगह उपयक्त है, यह भी भाजपा को बता देना चाहिए। लगभग डेढ़ सौ सांसदों का निलंबन काफी नहीं था कि संसद के दोनों सदनों की सूची से उन 264 सवालों को भी हटा दिया गया, जो विपक्षी सांसदों ने पूछे थे। सरकार से पूछा जाना चाहिए कि क्या इन सवालों से भी सदन की कार्रवाई में व्यवधान पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि सांसदों के निलंबन के बाद लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान सांसदों के नाम के तहत सूचीबद्ध किसी भी कार्य या उनके द्वारा पेश किए गए नोटिस पर विचार नहीं किया जाएगा। संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल सांसदों को प्रश्न पूछने और सरकार के खिलाफविचार व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। इससे पहले भी विभिन्न सत्रों में सांसदों के निलंबन होते रहे हैं, लेकिन ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि निलंबन के साथ ही सांसदों के सवाल उठाने के संवैधानिक अधिकार को भी खत्म कर दिया गया है। ऐसा नहीं है कि खारिज किए गए सभी 264 सवाल संसद की सुरक्षा के मसले से ही जुड़े थे, अगर जुड़े होते तब भी सरकार को इनका जवाब देना चाहिए था। लेकिन ये सवाल जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधारित थे। जैसे राजद सांसद मनोज झा ने शिक्षा मंत्रालय से दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों के श्बड़े पैमाने पर हटानेश् संबंधी सवाल किए थे। माकपा के सांसद जॉन ब्रिटास ने समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर कानून मंत्रालय से जानकारी मांगी थी। मगर अब इनका जवाब देने से मौजूदा सरकार बच गई है। सांसदों के निलंबन की कार्रवाई तो बाद में हुई, लेकिन संसद के नियमानुसार ये सवाल लगभग दो सप्ताह पहले ही लिखित में दिए जा चुके थे। फिर इन्हें सूची से हटाना क्या न्यायोचित कहा जा सकता है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर किए गए प्रदर्शन के दौरान कहा था कि 146 सांसदों को निलंबित करके लगभग 60 प्रतिशत जनता की आवाज को खामोश कर दिया गया है। संसद की सूची से सवालों को हटाना इस आरोप की ही पुष्टि करता है। शीतकालीन सत्र में उठे इन सुलगते सवालों के जवाब तलाशना इसलिए जरूरी है क्योंकि दांव पर जनता और देश का हित जुड़ा है। अब प्रश्न ये है कि अगर कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका और इनका संगी बन चुका मीडिया भी अगर इन सवालों से मुंह मोड़ ले तो फिर विपक्ष को क्या करना चाहिए। क्या विपक्ष लोकतंत्र बचाने के लिए केवल जुबानी जमा-खर्च करता रहेगा या राहुल गांधी जैसे दो-चार लोगों पर सड़कों पर उतरने का जिम्मा छोड़ देगा। अगर विपक्ष सड़क पर आता भी है तो क्या वह जनता तक अपनी बात पहुंचाने की तैयारी कर चुका है, या अब भी वो इंतजार में बैठा है कि कोई और आकर उसके हिस्से के काम करेगा। कायदे से अब विपक्षी सांसदों को अपने-अपने संसदीय क्षेत्र जाकर जनता से जुड़ने का काम शुरु कर देना चाहिए। संसद के पटल से जिन सवालों को हटा दिया गया है, उन्हें जनता के बीच जाकर उठाना चाहिए, वहां तो निलंबन की कार्रवाई का कोई परिपत्र असरकारी नहीं रहेगा।

## असरकारी होंगी न्याय यात्रा और नागपुर रैली

स्थापना के 138 वर्ष पूरे करने के अवसर पर कांग्रेस द्वारा गुरुवार को नागपुर में आयोजित होने जा रही रैली और मणिपुर से 14 जनवरी, 2024 को प्रारम्भ हो रही राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा पार्टी को तो मजबूती प्रदान करेगी ही, देश के लोकतंत्र को भी अपने पांवों पर फिर से खड़ा करेगी। कांग्रेस आज एक विशाल सभा करने जा रही है, तो राहुल की 30 मार्च को मुंबई में पूरी होने वाली दूसरी यात्रा उनकी सितम्बर, 2022 से प्रारम्भ (जो 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में समाप्त हुई थी) हुई श्भारत जोड़ो यात्राश् का सीक्वल कही जा सकती है। दोनों का आयोजन ऐसे वक्त पर हो रहा है जब देश में लोकसभा चुनावों की पदचाप सुनाई देने लगे हैं। दो कार्यकाल पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार केन्द्रीय सत्ता पर काबिज होने की जुगत में है, तो वहीं कांग्रेस अपने दम और अन्य 27 दलों के सहयोग से उसे रोकने का संकल्प किये बैठी है। इस लिहाज से ये दोनों आयोजन कांग्रेस के लिये बहुत महत्वपूर्ण तो हैं ही, उसकी मजबूती इंडिया गठबन्धन को भी ताकत प्रदान करेगी जो उसके नेतृत्व में ही बना है। सभी विपक्षी पार्टियां उसकी ओर आशा भरी निगाहों से देख रही हैं। कांग्रेस की छतरी तले ये दल कुछ ऐसा ही भरोसा करके आये हैं। अगर कांग्रेस शक्तिहीन होती है तो उसका संयुक्त प्रतिपक्ष का नेतृत्व करने का नैतिक बल जाता रहेगा। इसलिये उसे जहां एक ओर खुद को मजबूत करना होगा वहीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सभी को साथ लेकर संगठित तौर पर उतरना होगा। कांग्रेस अपने अस्तित्व को बचाये रखने का लक्ष्य भी इन दो आयोजनों से साध रही है। पहले बात करें नागपुर की रैली की। इसी शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय है जिसकी विचारधारा का विरोध कांग्रेस प्रारम्भ से ही करती आई है। यहां रैली का आयोजन करना एक तरह से संघ को चुनौती देना तो है ही, यहीं दीक्षाभूमि भी है जहां 14 अक्टूबर, 1956 को बाबासाहेब अंबेडकर ने 5 लाख लोगों के साथ बौद्ध धर्म का अंगीकार किया था। अंबेडकर संविधान के निर्माता भी हैं। कांग्रेस की इस दौर की सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को भाजपा द्वारा क्षत-विक्षत होने से बचाने की भी है। इस तरह से देखें तो नागपुर में रैली करने का प्रतीकात्मक महत्व तो है ही, यह रैली उसकी विचारधारा के पुनर्घोष करने जैसा है। अगर यहां उसकी रैली सफल होती है तो उसके बारे में यह विश्वास कायम रहेगा कि वह भाजपा को टक्कर देने का हौसला और शक्ति रखती है। जहां तक राहुल की यात्रा-2 का सवाल है, तो उसकी महत्ता कई मायनों में है। उनकी पहली यात्रा का मकसद जहां नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान खोलना था, वहीं प्रस्तावित यात्रा के तीन उद्देश्य हैं। बुधवार की सुबह कांग्रेस के प्रचार प्रभारी जयराम रमेश ने पत्रकारों को बतलाया कि इसे इसलिये न्याय यात्रा का नाम दिया गया है क्योंकि इसके माध्यम से लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक न्याय की बात उठाई जायेगी। कुछ फासला पैदल चलते हुए और कुछ वाहनों के जरिये तय किया जायेगा। 14 राज्यों से होती हुई लगभग 6200 किलोमीटर की यह यात्रा तकरीबन 359 लोकसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा मतदाताओं से संवाद भी साधेगी। इसका असर लोगों पर पड़ना लाजिमी है। ऐसा विश्वास इसलिये व्यक्त किया जा सकता है क्योंकि पहली यात्रा के दौरान उसे लोगों ने स्वतरूस्फूर्त्त प्रतिसाद दिया था और लाखों लोग राहुल के साथ चले थे। कांग्रेस को भी भरोसा है कि इस बार भी पहले जैसा मंजर देखने को मिल सकता है। भाजपा की रीति-नीति के कारण जिस प्रकार से आमजनों के साथ यह सरकार आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक स्तरों पर अन्याय कर रही है, उसके चलते कांग्रेस द्वारा इसे न्याय यात्रा का नाम देना उपयुक्त ही प्रतीत होता है। देश में बढ़ती आर्थिक विषमता, महंगाई, बेरोजगारी, जनकल्याण पर घटता खर्च लोगों के साथ हो रहे अन्याय को इंगित करता है। आज अमीरों व सरकार समर्थकों के लिये अलग व्यवस्था है तो समाज में फैलती गैर बराबरी के चलते कमजोर, वंचित, शोषित, अल्पसंख्यकों आदि तबकों को न्याय से दूर कर दिया गया है।



## राशिफल

**मेषः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

## संसद की सुरक्षा में सेंधमारी के चुनावी प्रभाव से बचा नहीं जा सकता

**कल्याणी शंकर**

भारतीय संसद भवन की सुरक्षा का उल्लंघन पूर्व में 2001 के आतंकवादी हमले के बाद शुरू किये गये पहले से ही कठोर सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। आगंतुकों की गहन जांच के लिए यह ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। संसद सदस्यों को पास की अनुशंसा करते समय सतर्क रहना चाहिए और उन्हें अपने कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। घुसपैठियों को भाजपा के मैसूरु सांसद की सिफारिश पर पास मिले थे।सरकार ने गहन जांच के आदेश देकर त्वरित प्रतिक्रिया दी। घटना में शामिल सभी छह व्यक्तियों को पकड़ लिया गया है और उन पर कड़े कानूनों के तहत आरोप लगाये गये हैं।संसद में हालिया सुरक्षा उल्लंघन के गंभीर राजनीतिक, चुनावी, विधायी और सुरक्षा निहितार्थ हैं। 146 सांसदों के अभूतपूर्व निलंबन ने अब विपक्षी इंडिया गठबंधन को एकजुट कर दिया है। लोकसभा में दो घुसपैठियों को आगंतुक गैलरी से कूदते और लोकसभा के अंदर धुएं के डिब्बे खोलते हुए देखा गया। यह एक रहस्य है कि संसद की सुरक्षा करने वाली पांच स्तरीय सुरक्षा के बावजूद वे सदन में कैसे घुस गये। दुर्भाग्य से, अतीत में विभिन्न देशों की संसदों पर हमले हुए हैं।



इनमें 1981 का स्पेनिश तख्तापलट का प्रयास, 2017 का यूके संसद पर आतंकवादी हमला, 1987 का श्रीलंकाई संसद ग्रेनेड हमला, 2021 का यूएस कैपिटोल हमला और अक्टूबर 2023 का तुर्की सरकार भवन पर हमला शामिल है। प्रत्येक मामले में, तुरंत उचित सुधारात्मक उपाय किये गये। भारतीय संसद पर हुए इस हमले के मामले में, घटना के तुरंत बाद, सुरक्षा और कड़ी कर दी गयी और संसद भवन की किलेबंदी कर दी गयी। यहां तक कि उल्लंघन की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश भी दिये गये। उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद और भी कदम उठाये जाने की उम्मीद है। 2023 का भारतीय संसद भवन की सुरक्षा का उल्लंघन पूर्व में 2001 के आतंकवादी हमले के बाद शुरू किये गये पहले से ही कठोर सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। आगंतुकों की गहन जांच के लिए यह ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। संसद सदस्यों को पास की अनुशंसा करते समय सतर्क रहना चाहिए और उन्हें अपने कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। घुसपैठियों को भाजपा के मैसूरु सांसद की सिफारिश पर पास मिले थे। सरकार ने गहन जांच के आदेश देकर त्वरित प्रतिक्रिया दी। घटना में शामिल सभी छह व्यक्तियों को पकड़ लिया गया है और उन पर कड़े कानूनों के तहत आरोप लगाये गये हैं। चौंकाने वाले सुरक्षा उल्लंघन के बाद, विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह से एक बयान की मांग की, जिसे उन्होंने देने से इनकार कर दिया। इससे अराजकता और टकराव पैदा हुआ जिसे टाला जा सकता था अगर शाह ने संक्षिप्त बयान दिया होता। विपक्ष ने हंगामा किया जिसके कारण 146 अनियंत्रित सदस्यों को निलंबित कर दिया गया, मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन से। नियमों के मुताबिक दो कारणों से सदस्यों को सदन से निलंबित किया जा सकता है। पहला तब होता है जब कोई सदस्य अध्यक्ष के अधिकार का अनादर करता है। दूसरा तब होता है जब कोई सदस्य जानबूझकर और लगातार सदन की कार्यवाही में बाधा डालता है। इस उदाहरण में, निलंबित सदस्य राज्यसभा के अध्यक्ष और सभापति के अधिकार के खिलाफ गये। संसद का अपमान करने, राज्यसभा सभापति की नकल करने और सभापति की अवज्ञा करने के आरोप में कुल 146 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। राज्यसभा सभापति और लोकसभा अध्यक्ष ने इस तरह के अनियंत्रित व्यवहार को अस्वीकार्य बताते हुए यह निर्णय लिया। 2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए, ऐसा प्रतीत होता है कि किसी भी पक्ष का ध्यान सदन चलाने पर नहीं है। अगले महीने होने वाले बजट सत्र में भी टकराव हो सकता है, लेकिन फिर भी लेखा बजट पर मतदान पारित किया जाना चाहिए। चौंकाने वाले संसद उल्लंघन का चुनावी असर होगा क्योंकि विपक्षी दल मोदी सरकार के कथित अधिनायकवाद के विरोध में एक साथ आये हैं। वे इस मुद्दे को सड़कों पर ले गये हैं और इसे एक महत्वपूर्ण चुनावी मुद्दा बना दिया है। विपक्ष सरकार से पूछ रहा है कि जब वह संसद जैसी हाई-प्रोफाइल संपत्ति की रक्षा करने में विफल रही तो वह नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक मजबूत नेता की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना 2024 के चुनावों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए, पहले कदम के रूप में, विपक्ष ने विपक्षी वोटों को विभाजित होने से बचाने के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफएक संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने का फैसला किया है। जहां तक कानून का सवाल है, आपराधिक कानून संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विधेयक पारित किये गये, जबकि निलंबित सदस्यों ने बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

**भारतीय संसद पर हुए इस हमले के मामले में, घटना के तुरंत बाद, सुरक्षा और कड़ी कर दी गयी और संसद भवन की किलेबंदी कर दी गयी। यहां तक कि उल्लंघन की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश भी दिये गये। उच्च स्तरीय जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद और भी कदम उठाये जाने की उम्मीद है। 2023 का भारतीय संसद भवन की सुरक्षा का उल्लंघन पूर्व में 2001 के आतंकवादी हमले के बाद शुरू किये गये पहले से ही कठोर सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। आगंतुकों की गहन जांच के लिए यह ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। संसद सदस्यों को पास की अनुशंसा करते समय सतर्क रहना चाहिए और उन्हें अपने कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। घुसपैठियों को भाजपा के मैसूरु सांसद की सिफारिश पर पास मिले थे। सरकार ने गहन जांच के आदेश देकर त्वरित प्रतिक्रिया दी।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# ग्राम पंचायत अलीपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

- गरीब असहायो को प्रधान ने कम्बल किये वितरित

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अलीपुरा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन व्लाक प्रमुख्य अंजना श्री प्रकाश अनुरागी की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जिसके तहत ग्राम पंचायत मे विभिन्न योजनाओ के कैम्प लगा कर भारत सरकार की समस्त योजनाओ के वारे मे आयोजन मे सम्मिलित ग्रामीणो को विस्तृत जानकारी नोडल अधिकारी एव कर्मचारियो ने चलायी जा रही योजना वृद्धा पेशन विधवा पेशन प्रधान मन्त्री आवास योजना किसान निधि उज्जवला योजना आदि के सम्वन्ध मे विस्तृत वताते हुऐ कहा कि अगर कोई पात्र उपरोक्त योजनाओ से वंचित है तो अभी आकर सम्वधित विभाग के अधिकारी से मिल योजना मे सामिल हो जाये आपके गाँव मे छूटे हुए पात्रो को जोडा जाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख्य प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने उपस्थित ग्रामीणो को सम्वोधित कर कहा कि केन्द्र सरकार द्धारा विभिन्न योजनाओ का क्रियान्वन किया जा रहा है पात्र व्यक्ति इसका पूरा लाभ पाये आपके गाँव मे विकसित भारत यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिस पात्र व्यक्ति को किसी योजना से लाभ न मिला हो वह आज भी अभी सम्मलित हो सकता है।

सभी योजनाओ से सम्वधित स्टाल लगे हुए है जो ग्रामीण रहे गये उनको फार्म भरवा कर शामिल किया गया। इसी के साथ गरीब वेसहारा लोगो को राजस्व एव प्रधान की ओर से पचास कम्वलो का वितरण किया गया।

आयोजन मे उपस्थित व्लाक प्रमुख्य अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ग्राम प्रधान रजनी ववलू रावत नीरज द्धिवेदी सन्तोष अग्निहोत्री मगल सिह महान लेखपाल मेघा चतुर्वेदी ए डी ओ पंचायत कमलेश वर्मा अनुरागी सचिव निर्दिश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** रक्तदाता समूह के तत्वाधान में कस्बा लखना स्थित मां भगवती गेस्ट हाउस परिसर में आज 29 दिसम्बर को विशाल रक्तदान शिविर व सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का निशुल्क आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक प्रताप सिंह पाल सभासद ने देते हुए बताया कि आज शुक्रवार को कस्बा लखना स्थित मां भगवती गेस्ट हाउस पुराना नहर पुल लखना पर रक्तदाता समूह के तत्वाधान में निःशुल्क रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर एवं डॉक्टर परामर्श का आयोजन किया जाएगा।जिसमें तमाम प्रकार की जांचे की जाएगी। सभी इच्छुक लोगों से इस शिविर में उपस्थित होकर रक्तदान करने व स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर अपना चिकित्सकों से परीक्षण कराकर परामर्श ले सकते हैं।

# विश्वकर्मा योजना अच्छी जिंदगी जीने का देती है मौका : सुधीर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी महोबा संगठन को सक्रिय करने हेतु क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुधीर सिंह ने बैठक ली।

उन्होंने बताया की पीएम विश्वकर्मा योजना निश्चित तौर पर बेरोजगारी दूर करने का एवं अच्छी जिंदगी जीने का मौका देती है, इस योजना के अंतर्गत सरकार एक लाख तक का लोन एवं रु. 15000 की कीमत के औजार लाभार्थी को उपलब्ध कराती है। दर्जी, मोची, कुम्हार, धोबी, लोहार, बढ़ई, मिस्त्री, कारीगर इत्यादि बरादरी के लोग इस योजना का लाभ ले सकते हैं। पार्टी पदाधिकारीयों को संगठन के माध्यम से इस योजना को बूथ स्तर पर जाकर क्रियान्वयन करवाना है, पात्र व्यक्तियों को योजना की जानकारी देनी है एवं उनका ऑनलाइन फॉर्म भरावा कर रजिस्ट्रेशन करवाना है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता इस योजना के माध्यम से वर्ग विशेष के बीच अपनी पार्टी की एवं अपनी अलग पहचान बना सकते हैं, उनको सिर्फ पात्र व्यक्तियों की तलाश कर उन्हें पीएम विश्वकर्म योजना से जोड़ने का काम करना है। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य के नाते जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, जिला पंचायत सदस्य तेज शिवहरे, मंडल प्रभारी सुनीता राजपूत, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, अनूप सोनी, अभिषेक पाठक, वीरेंद्र मिश्रा, विनोद कुशवाहा, मोहनलाल कुशवाहा, ओम नारायण तिवारी, रोशन सिंह, दीपाली तिवारी, मिथुन खरे, रविंद्र महेंद्र, आदि कार्यकर्ता जन्म उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### त्वरित न्याय दिलाना होगी प्राथमिकता : अवधेश



**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।** नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने थाना प्रांगण मे पत्रकार बंधुओ के साथ बैठक आयोजित कर क्षेत्रीय पत्रकारो से परिचय किया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने अपना परिचय देते हुए बताया कि जनपद मे यह मेरी थाने मे पहली तैनाती है। इसलिए मुझे मीडिया का खुले मन से सहयोग की जरूरत है। उन्होने कहा कि मेरे यहाँ आने से पूर्व दो दुकानो की चोरी का खुलासा एवं पन्द्रह दिन पूर्व महुवा हत्या कांड का खुलासा शीघ्र किया जायेगा। प्रभारी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता मे है कि गरीब पीड़ित असहाय एव महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाया जायेगा। उन्होने कहा कि अपराधी कितनी पहुँच वाला क्यो न हो उसको बख्शा नही जायेगा प्रभारी निरीक्षक ने बैठक मे उपस्थित पत्रकारो को कुछ उदाहरण देते हुए अपनी कार्यशैली के सम्बन्ध अवगत कराया जिस पर सभी पत्रकारो ने ध्यानि मति के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया इस साथ पत्रकारो ने थाना क्षेत्र मे अवैध शराब की विक्री प्रतिवन्धित तम्वाकू गुटका एव अवैध वालू खनन के विराम लगाने के सम्बन्ध मे सवाल किये इस पर प्रभारी ने कहा कि शासन के निर्देशो के तहत किसी भी हालत मे थाना क्षेत्र मे अवेध कार्यो पर कड़ाई से कार्यवाही की जायेगी। बैठक मे उपस्थित पत्रकार जमाल अहमद कादरी महेश नायक सुधांशु अग्रवाल समीर खाँन शानू मन्सूरी मीनू अग्रवाल महेन्द्र सोनी जीतेन्द्र राजपूत हरी सिंह वर्मा सन्तोष कौशिक मो रिजवान हरी सिह राजपूत सलमान खान चाँद वावू मन्सूरी नरेन्द्र अग्रवाल दिलीप निगम आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने भाजपा को जमकर कोसा



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** देश में सात दशक तक शासन करने वाली राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही कांग्रेस द्वारा देश और जनहित में किए गए कार्यों और नीतियों से लोगों को अवगत कराने के साथ ही सत्तारूढ़ दल भाजपा नीति और नियत पर जमकर भड़ास निकाली गई। कस्बे में बड़ा कसौड़ा स्थित इमाम चौक में पार्टी के 139 वें स्थापना दिवस के मौके पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी ने की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने स्थापना से लेकर अब तक के इतिहास और जनहित में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं केंद्र की सत्तारूढ़ बीजेपी की नियत और नीति को भी बताया। इतना ही नहीं बीजेपी को मात्र धर्म और जाति के नाम पर लड़ाने वाला दल बताया। कहा गया कि बीजेपी सब कुछ बेचकर निजीकरण करने वाली पार्टी है। वहीं कांग्रेस मजदूर, किसान, दलित, सवर्ण और हिंदू मुस्लिम की पार्टी बताया। लेकिन देश के सभी दल किसी न किसी विशेष समुदाय को लेकर चलते हैं। वहीं कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है। इस दौरान वरिष्ठ नेता डा.शाहिद अली, शफकत उल्लाह राजू, आशाराम अहिरवार, हाजी समशुददीन, मो.जाकिर बब्बन, सलीम अहमद, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, महेश राणा, अश्विनी पाण्डेय सहित सैकड़ों युवा और बुजुर्ग तथा महिलाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड से तीसरी बार सभासद रहे इस्लाम उददीन ने किया।

### कोहरे के कहर से मटर-मसूर के फूल गायब

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पिछले कई दिनों से पड़ रहे कोहरे के कारण मटर, मसूर की फसलों का फूल गायब होने लगा है। इससे किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। किसानों का अनुमान है कि इससे पैदावार में असर पड़ेगा। पिछले एक सप्ताह से बिना बारिश के कोहरा कोहराम मचा रहा है। गुरुवार को पूरे दिन कोहरे के कारण सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। लगातार पड़ रहे कोहरे से दलहनी फसलों की तबियत नासाज होने लगी है। किसान परशुराम, सुरेश यादव, राकेश सोनकर, उदयभान आदि ने बताया कि बिना बारिश के कोहरा पड़ने से मटर एवं मसूर की फसलों का चढ़ा फूल गायब हो गया है। मसूर की फसलों में पाला पड़ने की संभावना बनने लगी है अगर कुछ दिनों तक ऐसा ही आलम रहा तो मसूर की फसल बुरी तरह प्रभावित होगी यह तय है। कोहरे के प्रकोप से कीट पतंग से भी इजाफा होने लगा है। माहू के साथ सूड़ी का असर दिखने लगा है। कृषि रक्षा इकाई की तकनीकी सहायक अजित शुक्ला के अनुसार मटर एवं मसूर की फसले बेहद कोमल होती हैं। अगर इनको ज्यादा दिन तक धूप नहीं मिलती है तो यह प्रभावित होने लगती हैं। कोहरा इन फसलों में विपरीत असर डाल सकता है।

### सात वर्षीय बालक की मौत की तीन सदस्यी टीम करेगी जांच

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर सात वर्षीय बालक की कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत के मामले में लगे आरोपों को लेकर सीएमओ ने तीन सदस्यी टीम गठित कर जाँच के आदेश दिए है। बुधवार की देर शाम सदर कोतवाली के कालपी चौराहा मुहल्ला निवासी मजदूर गणेश गुप्ता का सात वर्षीय पुत्र अंश आर्य समाज स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। अंश की मंगलवार को तबीयत खराब हुई थी। पिता ने बताया कि उसे बुखार के साथ दस्त भी आ रहे थे। जिला अस्पताल डा. आशुतोष निरंजन को दिखाने के बाद भर्ती करा दिया था।बुधवार की देर रात करीब 12 बजे के आसपास अंश की हालत बिगड़नी शुरू हो गई। सुबह होते-होते उसे करीब 25 से 30 बार दस्त आए। इस दौरान वह लगातार बार-बार नर्सों से डाक्टर को बुलाने और बच्चे को देखने की गुहार लगाता रहा, लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। सुबह छह बजे उसकी स्टाफ से इस बात को लेकर नोकझोंक भी हुई तो स्टाफ ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। सुबह नौ बजे डा. आशुतोष निरंजन ने अंश की हालत खराब देख कानपुर रेफर कर दिया।वह कानपुर जा रहा था, तभी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कालपी चौराहा में शव रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर कोतवाल अनूप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्वजन को समझाया लेकिन नहीं माने।सूचना पर आए सीएमओ, एसडीएम सदर व सीओ के काफी देर तक समझाने के बाद स्वजन माने और जाम खोला।इस मामले में सीएमओ गीतम सिंह ने बताया कि बच्चे के भर्ती के दौरान से लेकर रेफर तक के बीच जो हुआ है उसकी जाँच तीन सदस्यी टीम जाँच करेगी।

# क्षत्रिय समाज ने मनाई महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



हर वर्ष की तरह इस बार भी महोबा मुख्यालय के कीरतसागर तट पर सनातन क्रांति के प्रणेता महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज ने मनाई। जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ ही बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि महाराज खेत सिंह खंगार ने सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई। उनहोंने सनातन संस्कृति के लिए भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि महाराज वीर योद्धा थे और बुंदेलखंड की शान थे। उन्होंने सनातन क्रांति लाने का भी कार्य किया था। सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व श्रम मंत्री बादशाह सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पूर्व समाज के लोगों ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम संयोजक एड. राना राहुल सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान पूर्व कुलपति राजाराम यादव, केडी समाधिया पूर्व उप सचिव राष्ट्रपति भवन, पालिकाध्यक्ष संतोष चौरसिया, जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी रामकिशोर राना, रविंद्र सूरवंशी, चंद्रभूषण सिंह रैपुरा कला प्रधान, योगेंद्र सिंह राना, राजा सिंह सहित बड़ी संया में समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक एड. राहुल सिंह राना ने सभी का आभार जताया।

# कबड्डी टूर्नामेंट का जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



- पुरुष वर्ग में बनारस और दिल्ली के बीच मुकाबले में बनारस 10 अंकों से हुई विजयी
- महिला वर्ग में पटना और बलिया के बीच मुकाबले में पटना 13 अंक से विजयी
- छक्कीलाल की पुण्य स्मृति में टोला में चल रहा मेला व कबड्डी प्रतियोगिता

विकास खंड पनवाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत टोला पांतर में स्व.छक्की लाल राजपूत की पुण्य स्मृति में छह दिवसीय कबड्डी एवं विशाल मेला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष/ पनवाड़ी प्रधान संजय द्विवेदी बतौर अतिथि उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में पुरुष कबड्डी वर्ग का पहला मैच बनारस और दिल्ली के बीच हुआ जिसमें बनारस ने 48 अंक लेकर दिल्ली को 10अंको से मात दे दी। वहीं दूसरा उद्घाटन मैच महिला कबड्डी वर्ग का पहला मैच पटना ओर बलिया के बीच हुआ जिसमें पटना ने 36 अंक लेकर बलिया को 13 अंको से शिकस्त दे दी।

प्रदीप यादव कुलपहाड़ ने कमेंट्री करते हुए सभी का मनमोह लिया। रेफरी की भूमिका बद्री सेन, जयराम सेन, सुभाष भास्कर, प्रदीप राजपूत रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन पनवाड़ी प्रधान संजय द्विवेदी ने किया था तथा मेला का उद्घटान पूर्व प्रधान रामप्रकाश राजपूत ने किया था। कार्यक्रम आयोजक टोला पांतर प्रधान अजयपाल राजपूत ने अतिथियों को गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर कौनिया प्रधान प्रतिनिधि रोहित राजपूत, दादरी के पूर्व प्रधान नरेश गुप्ता, समाजसेवी नरेंद्र गुप्ता, दुलारा पूर्व प्रधान हरिओम सिंह, धीरेंद्र राजपूत विजयपुर, नरेश राजपूत पहाड़िया, स्वतंत्र राजपूत पिपरी,मनोज पटेल घुटई, मनोज राजपूत गोगौरा, राजू प्रधान भरवारा, आदि मौजूद रहे।

## ठंड ने ली पीआरडी जवान की जान

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में ठंड का सितम बढ़ता जा रहा है। पतारा गांव में सर्दी लगने से पीआरडी जवान की मौत हो गई। इस पर पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पतारा गांव निवासी राजेंद्र कुमार (42) पुत्र महिपाल पीआरडी में नौकरी करता था। उसकी ड्यूटी थाना बिवांर में लगी थी। मृतक के भाई सुरेशचंद ने बताया कि तीन दिन पूर्व बिवांर थाने से ड्यूटी कर अपनी बाइक से वापस गांव आए थे। तभी सर्दी लग गई। इस पर उनको जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले गए थे। जहां जिला अस्पताल में उपचार हुआ। लेकिन हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर किया गया था। रास्ते में जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के चार पुत्र हैं। पीआरडी जवान की मौत पर परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

## रोजगार मेला में 78 में 54 हुए चयनित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** एक दिवसीय रोजगार मेला में अंतर राज्यीय चार कम्पनीयों ने प्रतिभाग कर 78 अभ्यर्थीयों में से 54 को साक्षात्कारोपरान्त चयन किया है। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लि., आदित्या बिरला कैपिटल, फ्रीडम एम्प्लोयबिलिटी एकेडमी मथुरा ने प्रतिभाग किया।आयोजित मेले में प्रतिभागी कम्पनी ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि., द्वारा 14, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लि. द्वारा 11, आदित्य बिरला कैपिटल द्वारा 10 एवं फ्रीडम एम्प्लोयबिलिटी एकेडमी मथुरा, द्वारा 19 कुल 54 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरान्त विभिन्न पदों पर चयन किया गया है।

# 0-6 वर्ष के बच्चे के माता-पिता के लिए मददगार साबित होगा हेलो डॉक्टर दीदी प्रोग्राम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर के कान्हाधाम में आयोजित एचयूएल, पीओएन और कारगिल ने ग्रुप एम के साथ मिलकर गर्भवती महिलाओं तथा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे की माताओं और 0-6 वर्ष की आयु के बच्चे की सामान्य माताओं के बीच पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए अनुकूल वातावरण बनाने संबंधी जानकारी दी गई।

इस प्रोजेक्ट के तहत गर्भवती महिलाओं एवं 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चे की माताओं को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर सामुदायिक बैठक कर जागरूक करने का काम करेंगी। प्रोजेक्ट के तहत आईवीआरएस प्रणाली भी विकसित की जाएगी। जिसके माध्यम से लाभार्थियों के मोबाइल नंबर पर संदेश दिए जाएंगे। इसे जनपद के समस्त विकासखंडों में चलाया जाएगा। जिसमें 24 टीमें गांव में जाकर जाकर 0-6 वर्ष की आयु के बच्चे की महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर समुदायिक बैठक कर जागरूक करेंगी। यह हेलो डाक्टर दीदी प्रोग्राम मोबाइल वॉयस पर आधारित सेवा है। जिसके लिए गर्भवती महिलाओं, छह वर्ष के बच्चे की महिलाओं को 07878781003 पर मिस्ड कॉल कर उन्हें पंजीकरण करवाने के बाद उन्होंने सुविधानुसार साप्ताहिक आधार पर बच्चे के पोषण और स्वच्छता से संबंधित ऑडियो संदेश प्राप्त होंगे।

# विश्वविद्यालय की मांग ने पकड़ा जोर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा स्थित स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय गेट के बाहर बीते 4 माह से राजकीय विश्व विद्यालय बनाये जाने की मांग को लेकर धरना निरंतर जारी है। धरने में बैठे स्वामी ब्रह्मानंद जी की प्रपोत्री चंद्रकांता सिंह राजपूत सहित क्षेत्र के 2 दर्जन से अधिक लोगो ने अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा है।

स्वामी ब्रह्मानंद जी की प्रपोत्री चंद्रकांता सिंह राजपूत ने बताया कि राठ कस्बा स्थित स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय को राजकीय विश्वविद्यालय बनाए जाने की मांग दशकों से चली आ रही है। और सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने 16 फरवरी 2022 को घोषणा करते हुए कहा था कि यदि प्रबंध कमेटी जमीन उपलब्ध कराती है तो स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय से राजकीय विश्व विद्यालय बना दिया जाएगा। और यही स्वामी ब्रह्मानंद जी का सपना भी था जिसे पूरा करने के लिए क्षेत्र के लोग लगातार धरना देकर प्रयास कर रहे हैं। लेकिन धरना देने के बाद भी भाजपा सरकार द्वारा क्षेत्र के लोगो की मांगो को पूरा न करके दिया गया आश्वासन झूठा साबित होता दिखाई दे रहा है। चंद्रकांता सिंह राजपूत ने कहा कि कुछ भी हो जाए लेकिन जब तक स्वामी ब्रह्मानंद जी का सपना पूरा नहीं हो जाता तब तक धरना निरंतर जारी रहेगा। और कहा कि यदि राजकीय विश्व विद्यालय बनाने का सपना जल्द पूरा नहीं हुआ तो आने वाले समय में भाजपा को घातक परिणाम देखने को मिलेगा।

# जय मां शारदा क्रिकेट टूर्नामेंट का जिला पंचायत प्रतिनिधि अरविन्द नायक ने किया शुभारंभ

**जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



जय माँ शारदा क्रिकेट टूर्नामेंट जैतपुर कुलपहाड़ रोड़ वंशी शर्राफ मन्दिर के पास ग्राउंड में शुभारम्भ किया गया समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अरविन्द नायक प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य व विशिष्ट अतिथि छोटेलाल अहिरवार ग्राम प्रधान के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया

अरविंद नायक ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय जाना

टूर्नामेंट का पहला मैच महोबा व मुढ़ारी दोनों टीमो के बीच टॉस उछाला गया जिसमें मुंढ़ारी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया।

महोबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16ओवर में 175 रन बनाये इसी के साथ मुंढारी ने 16ओवर में 82 रन बनाए । महोबा ने 94 रनों से विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच फूलचंद्र को दिया गया 65 रनों का योगदान के साथ 2 विकेट लिए। अंकित ने 24 रनों के साथ 3 विकेट लिए। मलखान सिंह व छोटू यादव कमेन्टर, अंपायर प्रकाश विश्वकर्मा व रोहित रहे।

इस मौके पर महिपत यादव अध्यक्ष, राहुल रैकवार जिला मीडिया प्रभारी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, भागीरथ यादव, कामता कुशवाहा, लोकेंद्र रैकवार, चंद्रनारायन यादव, दिनेश यादव हसमत, हल्लू कुशवाहा, रामगोपाल कुशवाहा, सुनील यादव, अनूप यादव, भारत कुशवाहा, सनी सहित मौजूद रहे।

## डीआईओएस ने जीआरवी इंटर कालेज की प्रबंध समिति की भंग

**राठ, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के जीआरवी इंटर कालेज में वर्तमान कमेटी द्वारा की जा रही वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमित्ताओं एवं शासकीय विभागीय आदेशों की अवहेलना को लेकर शासन के निर्देश पर वर्तमान कमेटी को भंग करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त कर दिया है। गुरूवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने कालेज पहुंच कर प्रभारी प्रधानाचार्य को आदेश की कापी सौंपी। शासन द्वारा जारी किए गए आदेश में जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालय में व्याप्त अनियमित्ताओं का निराकरण कर नियमानुसार मान्य प्रबंध समिति के गठन की कार्रवाई के लिए निर्देर्शित किया है। जीआरवी इंटर कालेज की कमेटी भंग होने से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# सीओ सदर के स्थानांतरण होने पर पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद में क्षेत्राधिकारी सदर महोबा के पद पर नियुक्त रामप्रवेश राय का स्थानांतरण जनपद हाथरस होने पर पुलिस लाइन के सभागार में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान किये गये सेवा कार्यों की सराहना की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न भेंट कर ससम्मान विदाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व अन्य अधिकारी/कर्मियों द्वारा भी फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में पुलिसकर्मियों को दी गई साइबर अपराधियों से निपटने की जानकारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा विकास भवन प्रेरणा सभागर में साइबर अपराधों के संबंध में कार्यशाला आयोजित कर साइबर एक्सपर्ट के माध्यम से जनपदीय पुलिस अधिकारियों कर्मचारीगणों को साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराधियों से निपटने हेतु जानकारी दी गयी।

गोष्ठी में बताया गया साइबर क्राइम का मतलब है कंप्यूटर, नेटवर्क या इंटरनेट का गलत उपयोग करके किसी को नुकसान पहुंचाना।साइबर क्राइम में हैकिंग, फिशिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट, सोशल इंजीनियरिंग, डीडीओएस अटैक, बॉटनेट, साइबर स्टॉकिंग, साइबर टेररिज्म आदि शामिल हैं।कार्यशाला में साइबर क्राइम से बचने के कई तरीके हैं, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक स्तर पर अपनाए जा सकते हैं उनके बारे में अवगत कराया गया। सभी डिजिटल उपकरणों और सॉफ्टवेयर को नवीनतम सुरक्षा पैचों के साथ अद्यतन रखना महत्वपूर्ण है। अद्यतन करना सुनिश्चित करता है कि आपके सिस्टम में किसी भी ज्ञात सुरक्षा कमियों को ठीक किया जाता है। एक मजबूत पासवर्ड और उन्हें नियमित रूप से बदलने की प्रथा साइबर क्राइम से बचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।पासवर्ड मजबूत होने के साथ-साथ, यह भी अद्वितीय होना चाहिए और विभिन्न खातों में एक ही पासवर्ड का पुन: उपयोग नहीं करना चाहिए।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध इटावा मौजूद रहे ।

# वन राज्यमंत्री ने किया सर्पदंश जागरूकता अभियान के विशेष पोस्टर का विमोचन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

समस्त उत्तर प्रदेश में विगत वर्षों से मात्र जनपद इटावा से चलाए रहे विशेष सर्पदंश जागरूकता अभियान की खबर अब राजधानी लखनऊ भी पहुंच चुकी है। पिछले दिनों ही संस्था ओशन के सम्मानीय अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सूर्यकांत ने उत्तर प्रदेश सरकार के वन पर्यावरण एवम जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना से सफारी में स्नेक पार्क को बनाने से संबंधित चर्चा की थी जिसमे सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी द्वारा जनपद में वृहद रूप से पिछले कई वर्षों से सुरक्षित सर्प रेस्क्यू एवं उनके सुरक्षित प्राकृतिक पुनर्वास के साथ साथ विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों में जाकर सर्प दंश जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात मंत्री को बताई थी। जिसके बाद मंत्री ने भी डॉ. आशीष त्रिपाठी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी।

उसी क्रम में जनपद इटावा के वन्यजीव विशेषज्ञ, मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया के यूपी कोर्डिनेटर सर्पमित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी ने बापू भवन, सचिवालय लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के वन पर्यावरण एवम




जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार सक्सेना से मुलाकात कर लायन सफारी में प्रस्तावित स्नेक पार्क को जल्द से जल्द बनवाए जाने एवम सर्प रेस्क्यू के विशेष प्रशिक्षण के साथ साथ वन कर्मियों को सर्पदंश उपचार का भी विशेष प्रशिक्षण देने के विषय सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वन राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने डॉ. आशीष के पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मैं पूर्व से ही आपके विषय में जानता हूं कि आप जनपद इटावा के एक बेहतरीन वन्यजीव विशेषज्ञ और स्नेक एक्सपर्ट भी हैं और आपको अपने कार्य में महारथ भी हासिल हो चुकी हैं। उन्होंने डॉ. आशीष को उनके सर्पदंश जागरूकता अभियान की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए सर्पदंश जागरूकता का पोस्टर को देखा और सराहना करते हुए विमोचन भी किया।

# समाजसेवी की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**



जरूरतमंदों को कम्बल बांटते सुरेश निरंजन भइया जी

सामाजिक न्याय व किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश निरंजन भईयाजी के समाजसेवी पिता स्व. रामसेवक महते सदूपुरा की 29वीं पुण्यतिथि के मौके पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गुरुवार को दरिद्र नारायण सेवा समिति के आश्रम में भईयाजी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम सहित नगर व क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर स्व. रामसेवक महते को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भैयाजी द्वारा दरिद्रों को कम्बल बाँटे गए।

संयोजित किए गए कार्यक्रम में एसडीएम अतुल कुमार, विजय सिंह निरंजन एड. धनौरा, प्रो टीआर निरंजन, गजराज सिंह सेंगर, संतलाल अग्रवाल एड., विज्ञान सीरौठीया, अरुण पालीवाल आदि अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। सर्वप्रथम अतिथियों सहित उपस्थित क्षेत्रवासियों ने स्व. रामसेवक महते के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको नमन किया, तदुपरांत अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उपस्थित कवियों ने काव्य पाठ कर स्व. रामसेवक महते को श्रद्धांजलि दी। एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि किसी दरिद्र व्यक्ति की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। अन्य अतिथियों ने स्व. रामसेवक महते द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने पर उनकी मुक्त कंठ से सराहना की और उपस्थित क्षेत्रवासियों से समाजसेवा में आगे आकर जरुरतमंद लोगों की मदद करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम व भईयाजी सहित सभी अतिथियों ने आधा सैकड़ा की संख्या में उपस्थित दरिद्रों को कंबल बाँटे और उन्हें भोज कराया।

## शीतलहर में 750 असहायों को बांटे गए कम्बल

**कालपी (जालौन)।** प्रशासन की शीतलहर से निराश्रित एवं असहायों को बचाने की कवायद शुरू हो गई है। अब तक क्षेत्र में लगभग 750 कम्बलों का वितरण हो चुका है हांलाकि अभी कम्बल वितरण का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। विदित हो कि शासन की ओर से प्रतिवर्ष निराश्रित एवं असहायों को शीतलहर से बचाने का अभियान शुरू हो जाता है जिसमें कम्बल वितरण के साथ विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे बस अड्डा, रेलवे स्टेशन के अलावा प्रमुख चौराहों, तथा तहसील, सहित जन सुनवाई वाले परिसरों में अलाव की भी व्यवस्था की जाती है। इसी परम्परा के चलते इस वर्ष भी तहसील प्रशासन ने शीतलहर शुरू होते ही अभियान शुरू कर दिया है। तहसीलदार शेर बहादुर सिंह के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कम्बल वितरण की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और लेखपालों को सौंपी गयी है जो गांव के गरीब एवं निराश्रितों को कम्बल वितरित करते हैं। उनके मुताबिक तहसील को 1 हजार कम्बल मिले थे जिसमे अभी तक 750 से अधिक कम्बल बांटे जा चुके हैं ।

# राप्ती नदी पर बने पुल पिपरा घाट का एप्रोच क्षतिग्रस्त

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



राप्ती नदी के पिपरा घाट पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है। बड़ी संख्या में वाहन क्षतिग्रस्त पुल से आ-जा रहे हैं। इस वजह से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। तय शुगर मिल जाने के लिए ओवरलोड गन्ने से लदे ट्रक व ट्रैक्टर प्रतिदिन इस क्षतिग्रस्त पुल से गुजरते हैं, जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। पशचिम चोर पर पुल के शुरू होते ही लगभग तीन मीटर तक छत कई जगह से टूट गया गया है। सरिया बाहर आ गई है। लेकिन वाहनों का आवागमन बदस्तूर जारी है। तमाम वाहनों के आवागमन के अलावा प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु अपने वाहनों व बस से देवीपाटन मंदिर दर्शन करने जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि विभाग के लोग आते हैं और टूटे हुए हिस्से पर प्लास्टर कर बाहर निकली सलिया को बंद कर चले जाते हैं। जो आवा गमन होने पर पुनः टूट जाता है। टूटा हुआ हिस्सा पहले बहुत छोटा सा था लेकिन धीरे-धीरे टूटे हुए बढ़ता जा रहा है।

समय रहते इसका ठोस उपाय नहीं किया गया तो सीघ्र ही आवागमन बंद हो सकता है। पुल की छत काफी दूर में क्षतिग्रस्त होने से सरिया बाहर आ गई है। गर्डर के पास छत पर बना गड्ढा बढ़ता जा रहा है। इससे दिन में वाहनों को धीमी गति से गुजरना पड़ रहा है। हालांकि रात के समय भारी वाहनों के तेज गति से गुजरने के दौरान टूटा गर्डर चालक देख नहीं पाते हैं। भारी वाहनों के लगातार गुजरने से पुल पर खतरा बढ़ता जा रहा है। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल को शीघ्र ठीक कराए जाने का निर्देश विभागीय मुख्य अभियंता को दिया गया है।

## पैदल जा रहे बुजुर्ग को डीसीएम ने रौदा गम्भीर रूप घायल

**उतरौला(बलरामपुर)।** पैदल जा रहे अधेड़ को डीसीएम ने रौंदा। हालत गंभीर डीसीएम को पुलिस ने कब्जे मे लिया। थाना गैंड़ास बुजुर्ग के ग्राम छितरपारा निवासी अब्दुल मन्नान 65वर्ष पैदल हासिमपारा बाजार आ रहे थे। कि उतरौला-डुमरियागंज मार्ग स्थित छीतरपारा कन्हा तालाब के सामने उतरौला की ओर से आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी।

जिससे अब्दुल मन्नान का पेर टूट गया और काफी चोटें आईं स्थानीय लोगों की मदद से अब्दुल मन्नान को सीएचसी उतरौला ले जाया गया जहां प्रथम उपचार के बाद चिकित्स्कों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया वहीं स्थानीय लोगों के प्रयास से डीसीएम को पुलिस ने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# शौचालय हुआ निष्प्रयोज्य, ग्रामीण खुले में शौच करने को मजबूर

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं, ताकि गांवों को खुले में शौच मुक्त कर ओडीएफ की श्रेणी में लाया जा सके। मगर देखरेख के अभाव में सामुदायिक शौचालयों की स्थिति बदहाल है।

कहीं शौचालय में दरवाजा व सीट नहीं है तो कहीं जलापूर्ति के लिए पानी की टंकी नहीं है। अधिकांश गांवों में बने शौचालयों में ताले लटक रहे हैं। शौचालय का संचालन न होने से ग्रामीण खुले में शौच जाने को विवश हैं। श्रीदत्तगंज के कपौवा शेरपुर में बना सामुदायिक शौचालय निष्प्रयोज्य पड़ा है। शौचालय के गेट पर ताला लगा होने के कारण उसका संचालन नहीं हो रहा है। ब्लॉक के कपौवा शेर पुर में बने शौचालय पर भी ताला लगा है। बिजली के अभाव में मोटर न चलने से टंकी में पानी नहीं भरता है। शौचालय गेट के पास गंदगी का अंबार लगा है।गांव के लवकुश, रामदीन,ननका,खेलावन ने बताया कि शौचालय बनाने से कोई लाभ ग्रामीणों को नही मिल रहा है ,खुले में शौच करने मजबूरी है। गांवों में बने सामुदायिक शौचालयों के संचालन व देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दी गई है। प्रत्येक शौचालय पर हर महीने नौ हजार रुपये सरकार की तरफ से खर्च किया जा रहा है। इसमें छह हजार रुपये प्रतिमाह समूह की महिला को मानदेय व तीन हजार रुपये प्रति माह शौचालय की साफ-सफाई व अन्य चीजों के लिए खर्च होते हैं। हर महीने लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद जनता को इनका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# लोकतंत्र सेनानी इरशाद चौधरी ने सौंपा ज्ञापन

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर परिवहन निगम की बस चलाए जाने की मांग को लेकर परिवहन निगम मंत्री उत्तर प्रदेश दया शंकर सिंह को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को सौंपा।

पत्र में कहा है कि उतरौला से बलरामपुर व उतरौला से अयोध्या, उतरौला से तुलसीपुर तथा सादुल्लानगर हेतु बस संचालन के संबंध में एवं सादुल्लानगर तथा तुलसीपुर में परिवहन निगम का बस स्टेशन बनाए जाने तथा बलरामपुर डिपो इंचार्ज तरन्नुम बानो और एआर एम बलरामपुर के कार्यशैली की जाँच कराए जाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा है कि उतरौला तहसील एक अत्यंत पुरानी एवं पिछड़ी तहसील रही है जो सदैव से ही जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के अपेक्षाओं का शिकार रही है उतरौला से जनपद बलरामपुर मुख्यालय हेतु कोई भी बस नहीं है जहाँ की स्टेशन इंचार्ज तरन्नुम बानो निजी वाहनों के मिलीभगत में रहते हुए यह कहती हैं कि जाओ निजी वाहन से चले जाओ। उतरौला से मात्र 80 कि.मी. दूर धार्मिक नगरी अयोध्या तथा 30 कि.मी. दूर शक्तिपीठ तुलसीपुर हेतु निगम की एक भी बस नहीं है। एक ओर जहां अयोध्या राम की नगरी को मुख्यमंत्री देश से जोड़ने की बात कहते हैं।

वहीं निगम के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा उतरौला से एक भी बस नहीं चलाई जा रही है। उतरौला से सादुल्लानगर हेतु एक भी परिवहन निगम की बस नहीं है जिसके कारण यात्रियों को निजी डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। लगभग 5 करोड़ की लागत से बना बस स्टेशन उतरौला हाथी दाँत साबित हो रहा है निगम की बसे उतरौला चौराहे से बाहर ही बसें निकल जाती हैं एक भी बस अन्दर बस स्टेशन पर नहीं जाती हैं।

ऐसे में आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रत्येक आधे घंटे पर उतरौला से बलरामपुर हेतु बस संचालित करने एवं बस स्टेशन बलरामपुर के स्टेशन इंचार्ज तरन्नुम बानो के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने तथा उतरौला से अयोध्या एवं उतरौला से तुलसीपुर सादुल्लानगर हेतु बस संचालित करने की कृपा कीजिए तथा तथा उतरौला में एक परिवहन निरीक्षक नियुक्त करने की कृपा जो बसों को उतरौला बस स्टेशन में भेजे इस हेतु आपकी महान कृपा होगी।

## प्रधान ने एसडीएम से की चकरोड पर अतिक्रमण की शिकायत

**जालौन (उरई)।** प्रधान द्वारा चकरोड पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत पीड़ित किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम मलकपुरा निवासी अनिल खां, सेनबर खां, अमीर खान, बंटी, गोधन सिंह रहीश, संतोष दीक्षित, वीरू, रामकुमा, हरीकेश, नीलू, जयनारायण, योगेंद्र, अंकित, रश्मि, अरविंद, दिनेश दीक्षित आदि ने एसडीएम सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के प्रधान चकरोड पर तारबंदी लगाकर अतिक्रमण किए हुए हैं। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की गई थी।

जिस पर लेखपाल ने जांच कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### वारंटी को गिरफ्तार करके भेजा न्यायालय



**दुद्धी, सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में गुरुवार को पूर्व मे थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0स0 800/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त छोटू पुत्र शिव प्रसाद नि0 सुगमवार अमवार थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र उम्र 22 वर्ष को मा0 न्यायालय द्वारा कई बार धारा 82 सीआरपीसी व वारंट निर्गत किया गया था जिसे आज दिनांक 28 दिसम्बर को समय 08.10 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 राहुल कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी अमवार, हे0का0 अजय कुमार सिंह शामिल रहें।

### बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जाने की तहरीर

**जालौन (उरई)।** किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को सुढ़ार निवासी ऋषभ ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। दो दिन पूर्व रिषभ बेटी को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी दोनों का कहीं पता नहीं चला। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी को भगाने में रिषभ की बुआ का भी हाथ है। वह भी कुछ जानकारी नहीं दे रही है। पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### काम पर जाने से किया इंकार तो खेत मालिक की मारपीट

**जालौन (उरई)।** मजदूरी पर जाने से मना करने पर खेत मालिक ने मजदूर के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी राघवेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। उनके मोहल्ले के ही अंकुर को खेत के तार हटवाने थे। जिसके लिए वह उसे मजदूरी पर ले जाना चाहते थे। लेकिन उसे किसी और काम पर जाना था। जिसके चलते उसने खेत पर जाने से मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर अंकुर उसके साथ गाली, गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे काफी चोटें आई हैं। उसके चिल्लाने पर आसपास के लोगों को आता देख वह आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर जांच शुरू की।

### पम्प की मोटर फुंकी, आधा दर्जन मोहल्लों की जलापूर्ति ठप्प

**जालौन (उरई)।** मोहल्ला कटरा में जल संस्थान के पम्प की मोटर खराब हो गयी है। मोटर खराब होने के कारण आधा दर्जन मोहल्लों की पेयजल पूर्ति ठप्प है। पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। जलापूर्ति के लिए जल संस्थान का मोहल्ला कटरा में पम्प स्थापित है। बुधवार को अचानक खराब हो गयी। मोटर खराब होने के कारण मोहल्ला कटरा, गणेशजी, पुरानी नझाई, सहाव नाका, मुरलीमनोहर, पहलवान बाड़ा की जलापूर्ति दो दिन ठप्प पड़ी है। सर्दी के मौसम में लोगों को ताजे पानी की आवश्यकता रहती है। ठंड में ताजा पानी न मिल पाने के कारण लोग परेशान हैं। मोहल्ला वासी त्रिलोकीनाथ गुप्ता, रत्नेश विश्नोई, कुलदीप पुरवार, अखिलेश गुप्ता, सुशील वाजपेयी आदि बताते हैं कि सर्दी के मौसम जलापूर्ति ठप्प होने के ताजा पानी मिलना बंद हो गया है। सर्दी के मौसम में पानी भरने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हर महीने कोई न कोई दिक्कत हो जाती है।

# मुगलसराय टीम ने भोजपुर को छह विकेट से किया पराजित

**दुद्धी, सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय खेल मैदान पर गुरुवार को रेलवे मुगलसराय और भोजपुर बिहार के बीच मैच खेला गया। टॉस भोजपुर के कप्तान पंकज ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भोजपुर के टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 168 रन बनाये। जिसमे पंकज ने 59 रन बनाये सचिन ने 51 रन तथा रवि ने 39 रनों की पारी खेली। गेंदबाज़ी करते हुए मुगलसराय के खिलाड़ी योगेश्वर ने 2 तथा सत्यम ने 1 विकेट हासिल किया। दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी करते हुए मुगलसराय के टीम ने 14. 5. ओवर में 5 विकेट खोकर 172 रन बनाये। जिसमे अरमान ने 8 छक्कों और 3 चौकों की मदद से शानदार 66 रन की पारी खेली। जीत पटेल ने 36 रन तथा दिलीप यादव ने 23 रनों की पारी खेली। गेंदबाज़ी करते हुए भोजपुर के खिलाड़ी सचिन ने 2 विकेट तथा शाहबाज व पंकज ने 1-1 विकेट हासिल किया। इस तरह से मुगलसराप टीम ने भोजपुर टीम को 06 विकेट से पराजित किया। मुगलसराय के खिलाड़ी अरमान को मैन ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। जिनको मुख्य अतिथि सीएचसी अधीक्षक डॉ शाह आलम के द्वारा पुरष्कृत किया गया। आज के मैच के निर्णायक रितेश व अनुराग रहे। कमेंटेटर्स के भूमिका में शमीम व अंसार अहमद ने निभाई। व स्कोरर के भूमिका में मौजूद रहें।शुक्रवार को मुगलसराय व एचपी सिंह क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला जायेगा।

- गेंदबाज़ी करते हुए मुगलसराय के खिलाड़ी योगेश्वर ने 2 तथा सत्यम ने 1 विकेट हासिल किया
- सीएचसी अधीक्षक डॉ शाह आलम के द्वारा पुरष्कृत किया गया। आज के मैच के निर्णायक रितेश व अनुराग रहे

## क्षेत्र में बेखौफ चल रहे है गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय

**श्रीदत्तगंज(बलरामपुर)।** शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के रहमो करम पर क्षेत्र में गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। यहां नर्सरी से कक्षा आठ तक पढ़ाई की जाती है ।छेत्र वासी राजकरन बालक राम लवकुश चन्दन राहुल का कहना है कि छात्रों का पंजीयन सरकारी स्कूल में करा दिया जाता है जहां से परीक्षा दिलाकर टीसी दिला दी जाती है।आलम यह है कि जहां भी सड़क पर चार छह कमरे की दुकान मिला किराये पर लेकर स्कूल खोल दिया जाता है। तत्कालीन डीएम सुरेंद्र सिंह के कार्यकाल के दौरान छापेमारी का अभियान चलाया गया था जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरूद्ध नोटिस जारी की गई थी।और अवैध स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा था।

# आदिवासी विश्व विद्यालय की मांग को लेकर राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**दुद्धी, सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

जिले के दुद्धी तहसील मुख्यालय पर आदिवासी विश्व विद्यालय की मांग को लेकर दुद्धी बार संघ के सचिव दिनेश कुमार एडवोकेट ने राष्ट्रपति व राज्यपाल को पत्र लिखा हैं। सचिव ने डॉक द्वारा भेजें पत्र में कहा हैं कि हमारे परिक्षेत्र दुद्धी तहसील मुख्यालय पर राजकीय इण्टर कॉलेज की स्थापना गवर्नमेंन्ट हाईस्कूल के रूप में सन् 1950 में तथा राजकीय डिग्री कॉलेज दुद्धी की स्थापना सन् 1972 में हुई थी। राजकीय इण्टर कॉलेज दुद्धी के पास 27 एकड़ भूमि तथा राजकीय डिग्री कॉलेज जो वर्तमान में भाउराव देवरस स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुद्धी के नाम से 16 एकड़ भूमि है. दोनो कॉलेज परिसर एक ही स्थान पर सटे हुए है।इस प्रकार 43 एकड़ भूमि उपलब्ध है। इस प्रकार एक आदिवासी गिरिवासी अचंल में जो चारो ओर से पहाड़ी परिक्षेत्र में स्थित है, जहाँ आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा सकती है।

क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि हमारे आंचल जहां एक ओर विभिन्न प्रकार की फैक्ट्रीयों जैसे हिण्डालको, एनटीपीसी, रिहन्द नगर, शक्तिनगर, अनपरा, एनसीएल ककरी, आमलोरी, बीना कोलमाइन्स, कई थर्मल पावर व चुर्क, डाला सिमेन्ट की फैक्ट्रीयों तथा खान उद्योग स्थित है। वही पर दुसरी ओर आर्थिक विषमताओं की चादर ओढ़े हुए चारो ओर से घिरा हुआ पर्वतीय पहाड़ी क्षेत्र में निवासी करने वाले गरीब आदिवासी गिरिवासी मूल जनजाति के लोग शिक्षा की मूल धारा से वंचित है जिन्हें मूल शिक्षा की धारा में लाने के लिए एक केन्द्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना कर पूरे क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाना उद्देश्य है तथा आदिवासी अंचल मे रहने वाले लोग जिनका मुख्य व्यवसाय मजदूरी जो गुजरात, महाराष्ट्र,तमिलनाडू, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में जा कर करते है अप्रशिक्षित होते है तथा अपने परिक्षेत्र में कई औधौगिक इकाईया होने के बाद भी तकनीकी शिक्षा से वंचित होने के कारण बाहर जाकर मजदूरी करते है।

आज से दौर में वर्तमान पीढ़ी को यदि सोनभद्र के एक मात्र पूराना शिक्षण संस्थान जो आजादी के दौर से प्रारम्भ है जिला का प्राचीनतम है में एक आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना किया जाना आवश्यक है। उधर विश्वविद्यालय की मांग को लेकर परवाना कई वर्षों से लगातार विश्वविद्यालय खोले जाने की मांग कर रहे हैं।

## मैनूपुर, मंगरौल पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**कालपी (जालौन)।** गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम मैनूपुर व मंगरौल में हुआ जिसमें भाजपा नेताओं ने केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का बखान किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक डॉ. अरूण मेहरोत्रा ने जनसामान्य को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि संतृतिकरण तथा योजना से लाभ की कहानी लाभार्थियों की जुवानी के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से आयुष्मान भारत पीएम कल्याण योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, जन धन योजना पीएम किसान सम्मान योजना आदि विभिन्न योजनाओं के विषय में उनके लाभों को बताया गया।

# दो ट्रैक्टरों की हुई भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**



आमने-सामने की भिड़ंत में क्षतिग्रस्त दोनों ट्रैक्टर।

कोंच-तीतरा मार्ग पर बीती रात दो ट्रैक्टरों की आमने सामने हुई भिड़ंत में 3 लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच-तीतरा मार्ग पर स्थित ग्राम गोरा करनपुर निवासी मोहर सिंह कुशवाहा पुत्र ललनजू और कलू पुत्र गुलाब सिंह बुधवार की रात करीब 8 बजे कोंच मंडी में हरी मटर की फलियां बेचने के बाद खाली ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर वापस गाँव लौट रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से ग्राम कुंवरपुरा निवासी सचिन पुत्र तुलाराम हरी मटर की फलियों से लोड ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर कोंच मंडी जा रहा था। ग्राम लौना के समीप घने कोहरे के चलते अनियंत्रित दोनों ट्रैक्टरों की आपस में जोर की टक्कर हो गयी जिसके चलते दोनों ट्रैक्टरों पर सवार उपरोक्त तीनों लोग घायल हो गए जबकि ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गये। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना मंडी पुलिस चौकी को दी जिसके बाद चौकी प्रभारी नीतीश कुमार सहित पीआरबी कांस्टेबल सुधीर कुमार, महिला कांस्टेबल रेनू, अंजली और चालक कौशल किशोर ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया।

## पारा 8 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, सर्द हवाओं ने बढ़ायी ठिठुरन

**जालौन (उरई)।** तापमान लगातार नीचे जा रहा है। तापमान खिसक कर आठ डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है और शीत लहर चल रही है जिसके चलते दिनों दिन ठिठुरन बढ़ती ही जा रही है। सर्दियों के शुरू होने के बाद भी नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अभी तक पर्याप्त स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। निर्धन बेसहारा लोगों के साथ राहगीरों को ठंड से बचाव प्रशासन द्वारा अलाव जलवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रशासन के साथ धनवान लोगों द्वारा लोगों का निशुल्क कंबल का वितरण किया जाता है। सर्दी का मौसम शुरू हो गया है। तापमान आठ डिग्री तक पहुंच गया है और शीतलहर चल रही है जिसके चलते ठिठुरन बढ़ गई है। सर्दी में लोग ठिठुरने के लिए मजबूर है। इसके बाद भी अभी तक न तो सभी जगहों पर कंबलों का वितरण नहीं हो सका है। न ही पर्याप्त स्थानों पर अलाव जलाना शुरू किया गया है। हालांकि नगर पालिका परिषद द्वारा कार्यालय परिसर में खुले आसमान के नीचे यापन करने वालों के लिए रैन बसेरा बना दिया है। इसमें आने वाले लोगों को ठहरने की उचित व्यवस्था कर दी गई है।

**आयोजन** — अविवि में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन आज

# पर्यावरण व समाज जैसे विषय पर होगा वैश्विक विमर्श

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**




डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 29 और 30 दिसंबर को परिसर के संत कबीर सभागार में होगा। इस कान्फ्रेंस में 350 से अधिक देश-विदेश के पर्यावरणविद् एवं वैज्ञानिक शामिल रहेंगे। कान्फ्रेंस में पर्यावरण एवं समाज विषय पर पांचवी अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस गेसा द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन के नवीन प्रयोग के महत्वपूर्ण बिन्दुओं सहित जलवायु में तेजी से बढ़ रहे तापक्रम,कार्बन उत्सर्जन जैसे प्रमुख विषयों पर देश-विदेश के वैज्ञानिकों द्वारा एक मंच पर वैश्विक विमर्श किया जायेगा।

इस अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अशोक कुमार वर्मा सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं प्रो. एचएस सिंह, कुलपति मां शाकंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर तथा प्रो. मधु कृष्णन चीफ रेक्टर द अमेरिकन विश्वविद्यालय अमेरिका होगें। अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के सचिव डॉ. विनोद चौधरी ने बताया कि कान्फ्रेंस के उद्घाटन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन माइक्रोबायोलॉजी गैलरी में किया जायेगा। इसके अतिरिक्त तकनीकी सत्र का आयोजन फिजिक्स एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग एवं सीआईएफ भवन में होगा। इसके अलावा ऑनलाइन तकनीकी सत्र भी सीआईएफ भवन से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को कक्षा 9 से स्नातक स्तर के छात्रों की निःशुल्क पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। यह प्रतियोगिता प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा प्रसार विभाग में कराई जायेगी। इसमें 120 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसी क्रम में मॉडल प्रतियोगिता बायोटेक्नोलॉजी विभाग में आयोजित होगी। इसमें 27 ग्रुप ने प्रतिभाग करने के लिए पंजीयन किया है। डॉ. चौधरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस के सचिव डॉ. विनोद चौधरी ने बताया की इस आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में 350 से अधिक प्रतिभागी पंजीयन कराकर अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

## 15 लाख की कार छह लाख में देने का झांसा देकर ढाई लाख लगे

**जालौन (उरई)।** ऑन लाइन दवा मंगाने पर लकी ड्रॉ में पंद्रह लाख रुपये की कार छह लाख रुपये में देने का लालच दिया। पीड़ित ने ढाई लाख रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी अल्पेश पुनिया ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ऑन लाइन दवा का ऑर्डर किया था और उन्हें दवा मिल गई। एक बार और दवा मंगाने पर उसे दवा भेज दी गई। इसके बाद दवा भेजने वाले व्यक्ति ने उसे फेन किया और बताया कि कंपनी का ऑफर चल रहा था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रजौनी वि.खंड. जैतपुर जि. महोबा**

पत्रांक:/मेमो/पंचम वित्त/15वॉ वित्त योजना/वर्ष 2023924 दिनांक: 28.12.2023

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन (वर्ष 2023-24)**

पन्द्रहवां वित्त योजना/ पंचम राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रजौनी की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्यो हेतु मनरेगा कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29.12.2023 से 02.01.2024 को समय प्रातः 11 बजे से 3 बजे ते अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्न है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री विवरण | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत रजौनी (परावारी) में राजेन्द्र राजपूत के मकान से चतुर्भुज पाल के मकान एवं नाराण राजपूत के मकान से नाला तक नाली निर्माण कार्य (250 मी.) | 6.94 | खण्डा पत्थर, सीमेन्ट, बालू, ईंटा सरिया, ग्रिट-20 एमएम, 40 एमएम | 2 माह |

**नियम व शर्तें:-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा। 5. आपूर्तिकर्ता जीएसटी में पंजीकृत होना आवश्यक है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रजौनी
वि.ख. जैतपुर, जिला महोबा

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत रजौनी
वि.ख. जैतपुर, जिला महोबा

# मकर संक्रान्ति से अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक जनपद में बहेगी भक्तिरस की धारा

- जनपद के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों एवं बाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित
- प्रभारी जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक कर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को प्रभारी जिलाधिकारी एवं एडीएम आशीष कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनपद के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों एवं बाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने के संबंध मे बैठक की। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक जनपद के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिर एवं बाल्मीकि मंदिरों में राम कथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जायेगें। इस अवसर पर मंदिरों में दीप प्रज्जवलन/ दीपदान के साथ-साथ राम कथा प्रवचन, अनवरत रामायण/रामचरित मानस का पाठ/सुन्दरकाण्ड कार्यक्रम किये जाये। कहा कि नगर निकायों में नगर संकीर्तनों का आयोजन किया जाये, जिसमें स्थानीय भजन कीर्तन मण्डलियों को सम्मिलित करते हुये राम मंदिर रथ एवं कलश यात्रा भी निकाली जाये। उन्होनें कहा कि जनपद के बाल्मीकि मंदिर, श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिर, अथवा रामायण से संबंधित अन्य मंदिर का पूरा पता, फोटो जीपीएस लोकेशन सहित, मंदिर प्रबंधक का नम्बर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मकर संक्राति से 22 जनवरी तक राम मंदिर, हनुमान मंदिर एवं बाल्मीकि मंदिरों में दीप प्रज्जवलन के साथ भव्य कार्यक्रम किये जाये। कहा कि जनपद में मंदिरों का चयन पूर्व में ही कर लिया जाये एवं कार्यक्रम का प्रभावी अनुश्रवण नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी चयनित कर कार्यक्रम सुनिश्चित करायेगें। बैठक में जिला विकास अधिकारी, समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम से लोग अधिकार के प्रति हो रहे जागरूक



आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाते मुख्य अतिथि व अन्य भाजपा पदाधिकारीगण

**जलालाबाद समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड जलालाबाद में जीटी रोड पर स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुब्रत पाठक ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि प्रत्येक गांव में पहुंचकर सभी विभागों के अधिकारी संबंधित विभागों की जानकारी दे रहे हैं। वही सदर विधायक प्रतिनिधि विवेक पाठक ने कहा कि गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर जन जागरण किया जा रहा है। जिससे लोग जागरुक हो रहे हैं। वहीं सभी को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिभा दोहरे, वीडीओ सोनिया श्री वास्तव, मंडल अध्यक्ष शरद कटियार, दिलीप पांडे, अभिमन्यु सिंह, मंगलम पांडे, अखिलेश पांडे, श्यामू तिवारी, सचिव, ग्राम प्रधान सहित आदि रहे।

# रंगदारी वसूली के खिलाफ नवीन मंडी के व्यापारियों ने की हड़ताल

- आलू लगी ट्रालियों से सर्विस रोड पर लगा जाम

**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**नवीन मंडी** में सरकारी गनर प्राप्त एक व्यापारी पर अन्य व्यापारियों से आए दिन रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए 500 से अधिक व्यापारियों का 2000 पल्लेदारों ने अचानक हड़ताल कर दी और मेन गेट के पास पल्ली बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके कारण मंडी के बाहर सर्विस रोड पर किसानों की आलू लदी ट्रालियों से जाम लग गया। सूचना पाकर पहुंचे एसडीम उमाकांत तिवारी ने आरोपी व्यापारी पर एफआईआर दर्ज करके कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया तब कहीं 3 घंटे बाद हड़ताल खत्म हुई। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो नवीन मंडी में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

इस बारे में अन्य व्यापारियों कहना है नवीन मंडी में आढ़ती राजेश चौहान अन्य व्यापारियों से आए दिन गाली गलौज करता है और कहता है कि आप लोग मेरा माल खरीदो। मना करने पर मुकदमा लिखवाने की धमकी देता है और जबरदस्ती फर्जी पर्ची बनाकर व्यापारियों से अवैध वसूली करता है इसी तरह किसानों का माल जबरदस्ती अपनी दुकान पर उतरवा कर उनको माल का पैसा देने की बजाय गाली गलौज करके भगा देता है। अपनी कार में अवैध रूप से लगा हूटर बजाते हुए पूरे दिन मंडी में घूमता है। इसके कारण कोई भी व्यापारी अपना व्यापार ठीक से नहीं कर पता है अतः इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा मंडी में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम के निर्देश पर उसकी कार में लगा हूटर उतरवा दिया गया इसके साथ ही एफआईआर लिखाने के लिए तमाम व्यापारी नेता देर रात तक कोतवाली में डटे रहे।

# प्रभारी निरीक्षक ने शातिर अपराधियों को किया सूचीबद्ध

**छिब्रामऊ कन्नौज।** शातिर किस्म का अपराधी है, यह बडे पैमाने पर अपराध कारित कर धन अर्जित करता है। इसके द्वारा किये गये अपराधों से आम जनमानस में भय व्याप्त है। इसके अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी नियंत्रण/निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक के अनुमोदनोपरांत हिस्ट्रीशीटर के रूप में सूचीबद्ध किया जाता। राजू पाल पुत्र मेघनाथ नि0 त्रिपाठीनगर कस्बा व थाना छिब्रामऊ (एच0एस0 नं0 124ए)जो शातिर किस्म का अपराधी है, यह बडे पैमाने पर अपराध कारित कर धन अर्जित करता है। इसके द्वारा किये गये अपराधों से आम जनमानस में भय व्याप्त है। इसके अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी नियंत्रण/निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक कन्नौज के अनुमोदनोपरांत हिस्ट्रीशीटर के रूप में सूचीबद्ध किया जाता है।सौरभ गुप्ता




उर्फ बाल जी गुप्ता पुत्र सुरेश चन्द्र गुप्ता नि0 पुरानी गल्ला मण्डी कस्बा व थाना छिब्रामऊ (एच0एस0 नं0 124ए) *प्रेस नोट-थाना छिब्रामऊ दिनाँक-28/12/2023 अनुराग द्विवेदी पुत्र विश्वनाथ द्विवेदी निवासी सराय सुन्दर थाना छिब्रामऊ (एच0एस0 नं0 138ए) प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने तीनों अभियुक्तों की हिस्ट्री खोलते हुए सूचीबद्ध किया।

# खबरें चलते-चलते

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट में दो घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में अभद्रता के बाद जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम भूड़हा निवासी राजेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कुछ दिन पूर्व उसने लेखपाल के द्वारा भूमि की पैमाइश कराई गई थी। जिसको लेकर गांव के ही दो लोगों ने उसके दरवाजे पर जाकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से कांति देवी ने पुलिस को बताया है कि गांव के ही तीन लोगों ने जमीन की गलत तरीके से पैमाइश कराई। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर महिला को किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में घुसकर आरोपियों ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा के अंबेडकर नगर निवासी आरती देवी ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 25 दिसंबर की सुबह करीब 08 बजे गांव के हरिओम, अनिल, गोलू और सनी ने मामूली विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में मोटा अनाज व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के अंतर्गत मोटा अनाज व्यंजन प्रशिक्षण व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया की वर्षभर मोटे अनाज पर जागरूकता, गोष्ठी व प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के उपरांत केंद्र पर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में बहेलियनपुरवा गांव की 20 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया की मोटे अनाज के उत्पादन व भोजन की थाली तक उसकी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से मोटा अनाज व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभागी महिलाओं द्वारा बाजरे के पुए, बाजरे के लड्डू, बाजरे की कचौड़ी, बाजरे का हलुआ, बाजरे के बिस्कुट, बाजरे की मठरी, बाजरे की बर्फी व बाजरे का उपमा तैयार किया गया। महिलाओं के व्यंजन का मूलयांकन वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह, डॉ अमर सिंह, डॉ चंद्रकला यादव व अनीता कटियार द्वारा किया गया। बाजरे के उत्कृष्ट उत्पाद बनाने वाली महिलाओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के एसवी डिग्री कॉलेज के पास गुरुवार को कानपुर की ओर जाने बाली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को करीब चार बजकर पच्चीस मिनट पर गुजरने बाली कासगंज- कानपुर एक्सप्रेस की चपेट में आने से जनपद कानपुर के थाना चौबेपुर के गांव चंपकपुर निवासी 18 वर्षीय शिवम पुत्र बाबूराम की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मझपुरवा चौकी इंचार्ज विनय कुमार शर्मा और चौकी जसोदा से कॉन्स्टेबल यशपाल सिंह ने पंचनामा भरकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। युवक के पास से मोबाइल बरामद होने पर परिजनों से बात करने पर शव की शिनाख्त हुई। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये हैं।

# ट्रेन से कटकर एलएलबी के छात्र ने दे दी जान



**मलिकपुर/समधन,समृद्धि न्यूज़।** ट्रेन की पटरी पर सर रखकर एलएलवी के छात्र ने जान दें दी घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया मलिकपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर कानपुर से फर्रूखाबाद जाने वाली पैसेंजर ट्रेन के सामने गुरुवार सुबह करीब 8 बजें एलएलवी के छात्र बरूण कुमार उम्र करीब 23 बर्ष पुत्र विक्रम सिंह निवासी समगुरा (बहादुरपुर) ने रेलवे पटरी पर अपना सर रखकर जान दें दी घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। बाद में उसकी ग्रामीणों द्वारा शिनाख्त करने के बाद ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना परिजनों को दी गई। वैसे ही मृतक के पिता विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि हमारा पुत्र सुबह साइकिल से घर से निकला था काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा थोड़ी देर बाद ट्रेन से कटने की मौत की खबर मिली आगे उन्होंने बताया कि हमारा पुत्र एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। उधर घटना की जानकारी मिलते ही समधन चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह घटना स्थल पर पहुंचे उन्होंने शव को रेलवे ट्रैक से हटवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

# वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये

**छिब्रामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**प्राथमिक विद्यालय** मिघौली के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रिया शाक्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय मिल का पत्थर साबित होगा ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए प्रधानमंत्री द्वारा इस महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत 5 वर्ष में विद्यालय को उच्चीकृत करते हुए इंटर तक की शिक्षा प्राप्त होगी। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विमल तिवारी ने कहा कि भारत सरकार उत्तर प्रदेश के सहयोग से विकास क्षेत्र में पीएम श्री योजना के माध्यम से साडे 14000 पुराने स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा जिसमें आधुनिक परिवर्तनकारी और समग्र तरीका लाया जाएगा इसमें नवीन तकनीकी स्मार्ट क्लास खेल और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित विद्यालय में बच्चों का सर्वागीण विकास किया जाएगा। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया बच्चों ने विभिन्न गीतों पर नाटक के माध्यम से स्कूल चलो अभियान पढ़ो बेटियां बड़े बड़े बेटियां साक्षरता भ्रूण हत्या के नुक्कड़ नाटक करके समाज को संदेश दिया कार्यक्रम के शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रिया शाक्य माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया बच्चों ने सरस्वती वंदना गीत नाटक प्रस्तुत किया विद्यालय के प्रधानाचार्य दलबीर सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए सभी अभिभावक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया जिला पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों को कार्यक्रम के दौरान प्रथम द्वितीय तिथि स्थान पर आए बच्चों का माल्यार्पण कर उन्हें पुरस्कृत किया विकास खंड के सभी एआरपी कुलदीप यादव शैलेश मिश्रा अनुपम अवस्थी पर्वकांत मंजू यादव प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा विनोद मिश्र राजेश पाठक शरद मिश्रा सौरभ कुमार राजेश बाबू राकेश कुमार सरिता शैलेश सुधीर कुमार मोहम्मद आकिल अखिलेश कुमार यादव अभिषेक मिश्रा निशा रिंकी और विनीता,संगीता संजय कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि का स्वागत ग्राम पंचायत अध्यक्ष प्रधान मनोज यादव ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन विक्रम सिंह तोमर ने किया आए हुए सभी अतिथियों बच्चों को कार्यक्रम के समापन के बाद भोजन ग्रहण कराया गया।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन छिबरामऊ नगर इकाई का विस्तार एवं बैठक संपन्न

**छिबरामऊ कन्नौज।** प्रभात मार्केट स्थित नगर कार्यालय पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन छिबरामऊ नगर इकाई का विस्तार एवं बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष आकाश गुप्ता जी एवं जिला उपाध्यक्ष आ नंद गुप्ता की संस्तुति पर नगर अध्यक्ष गौरव गोयल ने अपनी नगर कार्यसमिति का गठन किया जिलाध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों का सर्वोच्च संगठन है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल हैं जिनके मार्गदर्शन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन पूरे प्रदेश में मजबूत एवं सशक्त भूमिका निभा रहा है व्यापारियों की समस्त समस्याओं का संगठन द्वारा निराकरण किया जा रहा है जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को शुभकामनाएं प्रदान की एवं सभी पदाधिकारियो से आग्रह किया की सभी पदाधिकारीगण कम से



कम पांच नगर के प्रतिष्ठित व्यापारियों को जोड़ने का काम करेंगे जिससे संगठन का विस्तार हो एवं व्यापारियों के हित की लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सके नवनियुक्त पदाधिकारीगण नगर उपाध्यक्ष संदीप शर्मा मयंक वर्मा जितेंद्र गुप्ता पिंकी संतोष कमल गौरव गुप्ता अतुल वर्मा अमित गुप्ता नगर मंत्री शिवम गुप्ता अमित वर्मा उमेश राठौर शिवम अग्रवाल अमित दुबे अवनीश गुप्ता मोदी अजीत गुप्ता एवं जय गुप्ता को बनाया गया बैठक में ऋषि यादव सत्यम शुक्ला ओम कुमार गुप्ता सिकंदरपुर के नगर अध्यक्ष अमरदीप गुप्ता रोहित गुप्ता जय गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

**स्थापना दिवस** | कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, वरिष्ठ नेताओं को किया गया सम्मानित

# कांग्रेस पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**




**अखिल भारतीय** कांग्रेस कमेटी के 139 वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को जिला मुख्यालय के मकरंदनगर स्थित कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने की। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने झण्डारोहण कर देश की एकता और अखण्डता की शपथ ली। वही कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के 139 वां स्थापना दिवस पर देश पर बलिदान देने वाले क्रांति वीरों को याद करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम जैसे महानायकों ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखकर देश में मेडिकल कॉलेज, बड़े-बड़े रेलवे पुल, बड़े बड़े शिक्षा संस्थान, बड़े बड़े बांधो का निर्माण निर्माण कर आधुनिक भारत कि नीव रखी। कहा कि कांग्रेस के सेवा समर्पण सदभाव के 138 वर्षो का इतिहास है। अंग्रेजों से देश को आजादी दिलाने, देश को सशक्त बनाने में पार्टी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देश को दिया हैं। कहा कि जिले के कार्यकर्ता 2024 का लोकसभा चुनाव को जीत दिलाकर अपने नेता की झोली में कन्नौज संसदीय सीट डालने का कार्य करेंगें। वहीं पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी का इतिहास बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में आपसी भाईचारे की को स्थापित कर देश को स्वतंत्र करना था। देश स्वतंत्र होने के बाद कांग्रेस की सरकार बनी और देश में बड़े-बड़े अस्पताल शैक्षणिक संस्थाएं बिजली पानी आदि व्यवस्था कर देश का चौमुखी विकास किया, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार देश में जातिपाति, रंगभेद तथा अंग्रेजों की भांति फूट डालो राज करो की नीति अपनाकर देश की सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। उनके इस मंसूबे को हमसभी कांग्रेसी कामयाब नहीं होने देंगे। कहा कि 2024 में कांग्रेस की सरकार को लाकर देश में चौमुखी विकास करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अविनाश चंद दुबे, जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे ,इमरान अली, किरण वर्मा, आकाश कटियार, शमशाद सिद्दीकी आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अशोक कनौजिया, रामकृष्ण राजपूत, सरफ़राज हुसैन, मोहम्मद मुजीब हुसैन, तरुण मिश्रा, रामविलास, रविशंकर ,उपेंद्र मिश्रा, सत्य प्रकाश शर्मा , प्रभाष चंद्र, रमेश सविता ब्लॉक अध्यक्ष तालग्राम, साजिद सलमानी, कैलाश नाथ, राजीव कुमार श्रीवास्तव ,मोहित मिश्रा ,मोहित सिंह, राजीव, आशुतोष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस पर वरिष्ठ नेताओं और पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

**कांग्रेस** पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल और पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ जीवन शुक्ला, पूर्व सैनिक रामेश्वर दयाल कठेरिया, पूर्व सैनिक रामसनेही कुशवाहा, ओंमकार नाथ त्रिपाठी, मोहम्मद यूनुस, उषा दुबे, डॉक्टर फिद्दा हुसैन मंसूरी, कर्मठ कांग्रेसी कार्यकर्ता किरण वर्मा, राम भरोसे कमल, आकाश कटियार को फूलमाला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया।

# एफएसडब्लू द्वारा खाद्य पदार्थों की मौके पर की गयी जांच

- जांच में 32 नमूनों में 29 विशुद्ध व 03 नमूने अशुद्ध पाये गये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


बच्चों को जानकारी देती एफएसडब्लू की टीम — समृद्धि न्यूज

**एफएसडब्लू द्वारा** राजेपुर में नमूना जांच का कार्य किया गया। साथ ही 12 खाद्य कारोबारियों एवं 40 आम जनमानस को स्थान राजेपुर में नमूना जांच कार्य का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जागरुक किया गया। तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में 80 छात्राओं, शिक्षकगण व कर्मचारीगण को मिलावट की जांच, स्वच्छता व सेफ फूड के बारे में बताया गया। एफएसडब्लू के साथ आये गुलाब सिंहव खाद्य विश्लेषण का प्रशिक्षण प्राप्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार व अरुण कुमार मिश्रा द्वारा नमूनों की जांच की गयी। जिसमें विवेक कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से सोनपापड़ी, लौंज वर्फी का नमूना विशुद्ध पाया गया। प्रदुम्न दयाल के यहां चटनी, मूंग दाल का नमूना विशुद्ध पाया गया। मुनेश्वर दयाल के यहां से चना दाल, धनिया साबुत, चना दाल का नमूना विशुद्ध पाया गया। नारायण प्रोवीजन स्टोर के यहां से अरहर दाल, लौंज, साबुत धनिया का नमूना विशुद्ध पाया गया, जबकि उड़द दाल में रंग की उपस्थिति के कारण नमूना अशुद्ध पाया गया। शिवम किराना स्टोर के यहां से साबुत धनिया, साबुत दाल का नमूना विशुद्ध पाया गया। जबकि साबुत हल्दी का नमूना रंग की उपस्थिति के कारण अशुद्ध पाया गया। इसी क्रम में दुलाल के यहा से पनीर, पेड़ा, वर्फी का नमूना विशुद्ध पाया गया। सोनू के यहां से पेड़ा, सोनपापड़ी, वर्फी का नमूना विशुद्ध पाया गया। विपिन कुमार के यहां बेसन के लड्डू, बूंदी लड्डू, वर्फी व लौज का नमूना विशुद्ध पाया गया। विनय कुमार के यहां सोनपापड़ी, पेड़ा, लौज का नमूना विशुद्ध पाया गया। इसी क्रम में सत्यपाल के यहां से पेड़ा, वर्फी, सोनपापड़ी के नमूना विशुद्ध पाया गया, जबकि अमित कुमार के यहां दूध का नमूना विशुद्ध तथा सचिन के यहां चटनी का नमूना रंग की उपस्थिति के कारण अशुद्ध पाया गया। जांच में 32 नमूनो में से 29 विशुद्ध व 03 नमूने अशुद्ध पाये गये।

# सर्दी का सितम जारी, सुबह-शाम कोहरे की चादर से ढक जाता शहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


कोहरे में लाइट जलाकर चल रहे वाहन — समृद्धि न्यूज

**सर्दी का** प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सुबह और शाम घने कोहरे के कारण सड़क और रेल यातायात भी प्रभावित है। सर्दी के चलते हीटर, गीजर व कोयल की बिक्री में भी इजाफा देखा गया। जानकारी के अनुसार बीते चार पांच दिनों से सर्दी का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। शाम होते ही कोहरे का प्रकोप शुरु हो जाता है। जिससे वाहनों की रफ्तार भी थम सी जाती है। कोहरे के चलते बीते दिन चार दिनों में दुर्घटनाओं में भी इजाफा देखा गया। हालांकि सिटी के अंदर कोहरे का प्रकोप उतना नहीं है, जितना शहर के बाहर देखा जा रहा है। कोहरे के कारण वाहन चालक भी लाइट जलाकर तथा इंडीकेटर ऑन करके वाहन चला रहे हैं। वहीं बुजुर्ग घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। चिकित्सकों का कहना हैकि ऐसे मौसम में बुजुर्गों व बच्चों को विशेष एतियात बरतने की जरुरत है। इतना सर्दी पड़ने के बावजूद नगर पालिका ने अभी तक नगर में अलाव नहीं जलवाये हैं जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में हीटरों, गीजरोंतथा कोयलों की बिक्री में इजाफा हुआ है। ज्यादातर लोग ब्लोअर को पसंद कर रहे हैं। गुरुवार को पूरे दिन सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। लोग हीटरों व आग के पास बैठकर चाय की चुस्की का आनन्द लेते रहे। वहीं सर्दी के चलते स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। जिससे बच्चों को परेशानी न हो।

# खबरें चलते-चलते

## विद्युत चोरी करने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ओटीएस योजना के तहत विद्युत अधिकारियों ने राजस्व वसूली व पुराने कटे हुए कनेक्शन चेक किये। अवर अभियंता होरीलाल ने बिट्टू कुमार टीजी 2, सुधीर सिंह लाइनमैन, संविदाकर्मी संजेश व रिंदपाल के साथ अमृतपुर के थाना गलारपुर थाना अमृतपुर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्व0 अख्तर अली पुत्र स्व0 शेर अली 155761/- रुपया बकाया होने पर उसका कनेक्शन काट दिया गया था। उसके बाद भी उनका पुत्र हैदर बिजली का उपभोग करते पाया गया। इसी प्रकार इसी गांव के अमीर हसन पुत्र हसन अली 68737/- रुपये की बकायेदारी में कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बावजूद वह कनेक्शन जोड़कर बिजली का उपभोग कर रहे थे। इसी प्रकार इसी गांव के अमर सिंह पुत्र बादशाह पर 35009/- रुपये की बकायेदारी में उनका कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बावजूद वह कनेक्शन जोड़कर बिजली का उपभोग कर रहे थे। इसी प्रकार उपभोक्ता स्व0 जागेश्वर पुत्र स्व0 जसवंत पर विद्युत का 70633 रुपया बकाया था। जिस पर उनका कनेक्शन काट दिया गया था। इसके बावजूद नरवेश द्वारा पुनः कनेक्शन जोड़कर बिजली का उपभोग करते पाया गया। अवर अभियंता ने सभी के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## मार्ग दुर्घटना में 7 घायल, पांच की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के मुड़ोल निवासी इंदुभाषन, कम्पिल क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी अबरार, क्षेत्र के गांव जौरा निवासी पराग, नगर के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी अर्जुन, सिकंदरपुर वैश्य नागा वलरु निवासी सदफ व शाहनवाज, जनपद एटा के थाना धुमरी के गांव उत्तरी निवासी शहरुद्दीन घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद अबरार, पराग, सदफ, शाहनवाज व शहरुद्दीन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित अभय कुमार पुत्र स्व0 रामविलास निवासी नगला प्रीतम भोलेपुर थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह आज सुबह अपने दरवाजे पर खड़ा था, तभी सूरज, रवी पुत्रगण स्व0 जयनरायन, विकास उर्फ डैनी, गौरव पुत्रगण रहीश पाल समस्त निवासीगण नगला प्रीतम भोलेपुर फतेहगढ़ दरवाजे पर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया।

## सट्टा पर्ची व नकदी सहित युवक गिरफ्तार

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला दुबे निवासी युवक रोहित पुत्र संजेश कुमार को दरोगा सुबोध यादव ने पांच सट्टा पर्ची, एक पेन व 220 रुपए की नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक रोहित के विरुद्ध जुआं अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को थाने से ही जमानत दे दी गयी है।

## युवक को लगा करंट गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव नगला विलौना निवासी सुनील का 12 वर्षीय पुत्र प्रशांत गन्ने की ट्राली से गन्ना खींच रहा था, तभी अचानक ट्राली मे करंट आ गया और वह चिपक कर गंभीर रुप से झुलस गया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये।

# विकास राजपूत को आम जनता के बीच मिल रहा अपार जनसमर्थन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


कार्यक्रम के दौरान मौजूद समाजसेवी विकास राजपूत — समृद्धि न्यूज

**भाजपा नेता** विकास राजपूत युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही अब उनको हर उम्र के लोगों के साथ हर वर्ग का अपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिसका नतीजा यह है की अब समीकरण भी तेजी बदल रहे हैं। गौर तलब है की विकास राजपूत 2024 लोकसभा चुनाव में फर्रुखाबाद सीट से भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। सातनपुर मंडी रोड निवासी भाजपा नेता विकास राजपूत काफी प्रखर छवि के नेता माने जाते हैं। चंद महीनों में ही अपनी बेहतरीन कार्य शैली से जनता के बीच मजबूत छवि बना ली है। चाहे वह फर्रुखाबाद की बदहाल सड़कों का मुद्दा रहा हो, चाहे जिले में विभिन्न विकास के मुद्दों पर मजबूती से पक्ष रखना रहा हो। विकास राजपूत हमेशा जनता की नब्ज पकड़ने में कामयाब नजर आते हैं। युवाओं में विकास राजपूत का क्रेज काफी अधिक नजर आता है। बड़ी संख्या में युवा उनके साथ सोशल मीडिया से भी जुड़ा हुआ है। विकास राजपूत का चर्चित बयान कि जिले में भी एयरपोर्ट होना चाहिए, क्योंकि जितने भी बड़े व्यापारी अगर उद्योग लगाने जिले में आयेंगे तो उनके लिए एयरपोर्ट आवश्यक है। जब उन्होंने इस मुद्दे पर आम जनता के बीच जाकर खुलकर बात करनी शुरू की, तो जिले के जनप्रतिधि भी मोहम्दाबाद हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के तौर पर विकसित करने की बात कहते हैं। विकास राजपूत ने बताया की वह जनता के लिए बेहतर काम करने के लिए आए हैं। यहां अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल, अच्छी सड़कें और युवाओं के लिए रोजगार उनकी पहली प्राथमिकता है।

# किसान जोड़ो यात्रा में काफी तादात में जुड़े किसान


किसान जोड़ो यात्रा के दौरान जुड़ने वाले किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान जोड़ों यात्रा ग्राम हरिहरपुर, वीरपुर, दौलतपुर, झब्बू की मड़ैया आदि ग्रामों में गई। जिसमें भारी तादाद में किसान जुड़े। इसी दौरान अनिल सिंह राठौड़ अध्यापक ने किसान आंदोलन हेतु 15000 सहयोग राशि के तौर पर चेक प्रदान की। इस मौके पर देवेंद्र सिंह यादव जिला संगठन मंत्री, मनोज राठौर जिला सचिव, अवनीश चौहान ब्लॉक उपाध्यक्ष राजपुर, आशीष यादव, अरुण सिंह राठौड़ ब्लॉक सचिव, चंदन राठौर ब्लॉक अध्यक्ष, राजू राठौड़ सक्रिय सदस्य, नेत्रपाल सिंह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, अमन सोमवंशी जिला उपाध्यक्ष युवा, अंशु सोमवंशी जिला सचिव युवा, सामंत सिंह सक्रिय सदस्य, शिवपाल सिंह फौजी, आकाश राठौर, मुन्ना राठौड़ जिला महासचिव व्यापार प्रकोष्ठ, राजेश उर्फ बबलू दीक्षित जिला कार्यकारणी अध्यक्ष, लकी खान ब्लॉक अध्यक्ष अल्पसंख्यक राजेपुर, शिवेंद्र सिंह सोमवंशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुग्ध वाहन चालक की मौत

- परिवार के लोगों ने लगाया हत्या का आरोप


मृतक का फाइल फोटो

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बेला सराय गजा निवासी 21 वर्षीय रोहित कुमार पुत्र उमेश चंद्र मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उधर मौत का समाचार मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया है जैसे ही परिजनों को रोहित की मौत का समाचार मिला वैसे ही परिजन रोते बिलखते ठठिया कन्नौज रवाना हो गए। परिजनों ने बताया कि रोहित चालक था और कन्नौज जनपद के थाना ठठिया में एक दुग्ध डेरी का वाहन चलाता था। कुछ दिनों से वह घर पर था। दुग्ध डेरी संचालक द्वारा फोन कर उसे बुलाया गया था। बुलावा आने पर रोहित दो दिन पूर्व ठठिया कन्नौज गया था। शाम को रोहित की फोन पर परिजनों से बात भी हुई। जिसमें रोहित ने डेरी संचालक पर गाली-गलौज तथा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था। बताते हैं कुछ समय बाद ही शमसाबद थाना पुलिस द्वारा रोहित की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना दी गई। रोहित की मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिवार के लोग कन्नौज रवाना हो गए। बेटे की मौत की सूचना के बाद परिजनों ने डेरी संचालक पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं समाचार लिखे जाने तक शव घर नहीं लाया जा सका था।

# नशे में वाहन चलाता मिला एक चालक

- तीन ओवरलोड मालवाहन तथा सात ओवरलोड यात्री वाहन भी पकड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


ओवरलोड ट्रक को पकड़ने के बाद जानकारी देते अधिकारी — समृद्धि न्यूज


शराबी चालकों की जांच करते यातायात प्रभारी व अन्य — समृद्धि न्यूज

**सड़क सुरक्षा** पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही में 3 ओवरलोड मालयानों को पकड़कर थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया। इन माल वाहनों पर 2.4 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अतिरिक्त फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र में चलने वाले मैजिक व टेंपो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 7 यात्री वाहनों को चालान कर रूपए 62 हज़ार का जुर्माना लगाया गया है। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार की टीम ने एक दिन में 17 वाहनों को पकड़कर इस प्रकार 4.72 लाख का अर्थ दंड लगाया है । रोडवेज बस अड्डा पर नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चेकिंग कार्यवाही की गई। रोडवेज के चालकों के परीक्षण में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आर सी यादव, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी रजनेश कुमार उपस्थित रहे । रोडवेज के 28 चालकों के परीक्षण में कोई भी नशे की हालत में नहीं पाया गया। रोडवेज के सामने ही चेकिंग करते हुए एक गैस एजेंसी की गाड़ी को पकड़ा गया, तो उसके चालक ने क्षमता से अधिक शराब का सेवन कर रखा था। उसकी गाड़ी को पकड़कर थाना कादरी गेट में सीज कर दिया गया तथा चालक को वाहन स्वामी के हवाले कर दिया गया।

# किसान भाई कोहरे में रवी की फसलों का रखें विशेष ध्यानः जिला कृषि रक्षा अधिकारी


झुलसा रोग का शिकार आलू की फसल — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि कोहरा पड़ना शुरु हो गया है। जिस कारण रवी की प्रमुख फसलें जैसे आलू में झुलसा, सरसों में तुलासिता एवं गेहूं की फसल में पीली गेरुई रोग लगने की सम्भावना है। कीट/रोग से बचाव हेतु नियमित निगरानी करें। कीट/रोग के लक्षण प्रतिलक्षित होने पर तत्काल निम्नलिखित सुझाव एवं संस्तुतियों को अपना फसल को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आलू की फसल में अगेती/पिछेती झुलसा का प्रकोप होने पर पत्तियों पर भूरे व काले रंग के धब्बे बनते हैं तथा तीव्र प्रकोप होने पर सम्पूर्ण पौधा झुलस जाता है। रोग के प्रकोप की स्थिति में कॉपरऑक्सी क्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लूपी 1 किलोग्राम, मैन्कोजेप 75 प्रतिशत डब्लूपी 1 किलोग्राम, जिनेब 75 प्रतिशत डब्लूपी 800 ग्राम 250 लीटर से 300 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।

इसी प्रकार सरसों की फसल में पत्तियों की निचली सतह पर सफेद फफोले बनत हैं। जिसमें उपचार हेतु रिडोमिल एम0जेड0-72, 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से 800 से 1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। इसी प्रकार मटर की फसल में पाउडरी मिल्ड्यू रोग के नियंत्रण हेतु जिनेब 75 प्रतिशत डब्लूपी 2 किलोग्राम अथवा कॉपरऑक्सी क्लोराइड 50 प्रतिशत डब्लूपी 3 किलोग्राम की मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से लगभग 500-600 पानी में घोलकर छिड़काव करें। इसी प्रकार गेहूं में पीली गेरुई रोग के लक्षण सर्वप्रथम पत्तियों पर पीली धारी के रुप में दिखायी देते हैं। जिसे उंगलियों से छूने से पीले रंग का पाउडर लग जाता है। रोग के लक्षण दिखायी देने पर प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ई0सी0, 200 मि0ली0 मात्रा को 250-300 लीटर पानी में घोलकर प्रति एखड़ की दर से छिड़काव करें। उन्होंने कहा कि किसान भाई ज्यादा जानकारी के लिए कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी कृषि तकनीकि सहायक अथवा विकास खण्ड पर राजकीय कृषि रक्षा इकाई से संपर्क कर सकते हैं।

**बैठक** — राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में डीएम ने ली बैठक

- दावा और आपत्तियों की तिथि 12 जनवरी
- नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


बैठक लेते जिला निर्वाचन अधिकारी — समृद्धि न्यूज


बैठक में मौजूद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि — समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के साथ गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के संबंध में चर्चा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से की गयी। बैठक में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा के जिला महामंत्री सुनील रावत, समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शाक्य, कांग्रेस पार्टी से विधि विभाग के वरुण त्रिपाठी, आम आदमी पार्टी के जिला सचिव जितेंद्र सिंह, बसपा के मंडल कोआर्डीनेटर राम नरेश गौतम, कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष शकुंतला गौतम उपस्थित रहीं। सर्व प्रथम डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का बैठक में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों का निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण द्वारा 2024 के संशोधित कार्यक्रम के बारे में सभी को अवगत कराया। संशोधित कार्यक्रम एवं दावा एवं आपत्तियों के निस्तारण 26 दिसंबर मंगलवार तक ही था। अब 12 जनवरी 2024 शुक्रवार तक कर दिया गया है। वहीं निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 01 जनवरी 2024 शुक्रवार को था अब 22 जनवरी 2024 सोमवार तक कियागया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ने बताया कि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में दावा एवं आपत्तियों के निस्तारण की अवधि को बढ़ा दिया गया है।

# रोजगार मेले में 810 प्रशिक्षार्थियों ने लिया भाग

▸ विभिन्न कम्पनियों ने 292 अभ्यर्थियों का किया चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गुरुवार को** विकासखंड बढ़पुर परिसर में आईटीआई कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशलय योजना के तहत विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख सावित्री देवी कठेरिया व विकास खण्ड अधिकारी बलराम सिंह, एडीओ ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने युवाओं को रोजगार के देने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई है। इन रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार का अवसर मिल रहा है। हर वर्ग के उत्थान के लिए सरकार कार्य कर रही है देश का जब युवा आगे बढ़ेगा तभी देश आगे बढ़ेगा। नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह द्वारा मेले में आये अतिथियों को सम्मानित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं को स्वरोजगार परक बनाना मेरा उद्देश्य है। बढ़पुर विकास खण्ड कार्यालय में रोजगार मेले में 46 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 3800 रिक्त सापेक्ष 810 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। 292 अभ्यार्थियों का रोजगार मेले में चयन किया गया। आईटीआई पास आउट 45 हुआ। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। व्यवस्था बृजेश कुमार, शिव बहादुर सिंह, आशीष कुमार, सुभांक मिश्रा, सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो, प्रमोद कुमार व शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।


रोजगार मेले में प्रमाण पत्र के साथ मौजूद अभ्यार्थी — समृद्धि न्यूज

# घने कोहरे व ठंड के चलते माध्यमिक विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग

▸ एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**घने** कोहरे एवं भीषण ठंड के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने जिलाधिकारी से ठंड के कारण माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षण कार्य का समय बदलने की मांग की है। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह व जिला महामंत्री बृजभूषण सिंह एवं प्रांतीय संगठन मंत्री संदीप चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपकर मांग की है कि जनपद में घने कोहरे व ठंड के कारण छात्रों को प्रातः विद्यालय में आने में कठिनाईयां हो रही है। अधिकाश छात्र दूर दराज गांव से आते है, सड़क पर चलने में कोहरे के कारण असुविधा होती है। अभिभावकों ने भी विद्यालय समय परिवर्तन को मांग की है। उन्होंने विपरीत मौसम को देखते हुये 25 जनवरी तक विद्यालय का समय 10:30 से 3 बजे तक करने की मांग की है। इस मौके पर योगेश तिवारी, डा0 विनीत चौहान, अनिल मिश्रा मौजूद रहे।


एडीएम को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य परिषद के लोग

# नवाब काजिम हुसैन ने सपा महानगर अध्यक्ष को इतिहास की पुस्तक की भेंट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद फर्रुखाबाद के संस्थापक नवाब मोहम्मद खां बंगश के वंशज नवाब काजिम हुसैन से सपा नेताओं ने उनके निवास पर जाकर मुलाकात की। सपा महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने मऊदरवाजा स्थित बारादरी निवास पर नवाब काजिम हुसैन खां व उनके बेटे जावेद हुसैन बंगश से मुलाकात की। उन्होंने सपा महा नगर अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया और इतिहास सजोय हुए एक पुस्तक राघव दत्त मिश्रा को भेंट की। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि फर्रुखाबाद को बसाने व उसकी तरक्की के लिए नवाब मोहम्मद बंगश ने गंगा जमुना तहजीब को कायम रखा। आज जरुरत है कि हम सब लोग उस तहजीब को कायम रखें। इस मौके पर खुर्शीद अहमद, सारिक खान आदि लोग मौजूद रहे।


राघव दत्त मिश्रा को किताब भेंट करते काजिम हुसैन

# मेले से पूर्व सड़क को दुरुस्त कराये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परिषद के अध्यक्ष अनिल सिंह ने नगर मजिस्टेट को शिकायती पत्र देकर मेला रामनगरिया मार्ग की समस्याओं को दूर करने की मांग की है। पुलिस चौकी पांचाल घाट चौराहे पर अतिक्रमण हटवाकर टैक्सी स्टेड बनवाया जाये। सड़क पर अतिक्रमण बढ गया है, यहां से भी अतिक्रमण हटवाया जाये। गंगापुल का रास्ता टूटने लगा है, इसके ऊपर पड़ा डामर हटवाकर नये डामर से पुल के फुटपाथो की मरम्मत शीघ्र करवायी जाये। चुंगी घर गिरने वाला है, उसे शीघ्र तड़वाया जाये। दुकानदारों का अतिक्रमण हटवाकर ई-रिक्शा स्टैण्ड बनवाया जाये।

# मुख्यमंत्री से घेरलू गैस सिलेंडर के दाम कम कराने की विकास राजपूत ने की मांग

▸ राजस्थान सरकार की तरह यूपी में भी हो पहल, भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता व समाजसेवी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राजस्थान सरकार की तरह पहल कर उत्तर प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर 450 से 500 रुपये के बीच लोगों को देने की योजना बनाने का आग्रह किया है। जिससे की उत्तर प्रदेश सरका द्वारा नई साल पर प्रदेश की जनता को राम राज्य का एहसास हो सके। जैसा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा पूरे देश में सभी कार्य बहुत ही उत्कृष्ट तरीके से कराए जा रहे है। फिर चाहे वो इंफ्रास्ट्रक्चर का सेक्टर हो या फिर पावर सेक्टर सभी क्षेत्रों में उत्तम विकास कार्य कराए जा रहे है। समाजसेवी विकास राजपूत ने मुख्यमंत्री से प्रदेश की जनता को भी इस बार नई साल के तोहफे के रुप में गैस सिलेंडर के दाम कम करने का आग्रह किया है। जिससे प्रदेश की जनता को राम राज्य का एहसास हो सके। एक बार फिर से हम 2024 में केंद्र भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बना सकें।

## खबरें एक नजर में

### दो महिलाओं ने पिया जहर, भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव नगला मुंशी भगवानपुर निवासी सलोनी मिश्रा व कम्पिल नगर निवासी रिंकी पाठक दोनों ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव पचरौली महादेवपुर निवासी हर्ष व नगरिया निवासी नीतेश घायल हो गए। दोनों घायलों को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद हर्ष को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हार-जीत की बाजी लगाते चार जुआड़ी पकड़े

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामारी कर हारजीत की बाजी लगा रहे चार लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 4370 रुपए नगद व ताश की गड्डी बरामद हुई है। एसआई विपिन कुमार को सूचना मिली कि मोहल्ला तोपखाना में छोटे तालाब के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे रामनरेश व पप्पू निवासी तोपखाना, धर्मेंद्र निवासी कछोरन व अजय कुमार निवासी निरंजनपुर फतेहपुर को पकड़ लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने जामा तलाशी के दौरान 950 रुपये और मालफड़ से 3420 रुपये के साथ ताश की गड्डी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कोतवाली में रखे कबाड़ वाहनों की नीलामी कल

**कालपी (जालौन)।** कोतवाली में कबाड़ हो रहे 10 लावारिस वाहनो की नीलामी 30 दिस बर को होगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अनुसार कोतवाली मे काफी दिनों से 10 वाईक लावारिस हालत में खड़ी थी लेकिन उनका कोई वारिस नही आया था जिसकी रिपोर्ट प्रशासन को भेजी गयी थी जहा से अनुमोदन के बाद कबाड़ हो रहे इन दोपहिया वाहनों को नीलाम किये जाने की तारीख 30 दिस बर निर्धारित की गयी है। उनके मुताबिक इन वाहनो की नीलामी महज कबाड़ के रूप में होगी जिन्हें चलाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

### जेवर, नकदी लेकर विवाहिता प्रेमी साथ हुई रफूचक्कर

**जालौन (उरई)।** जेवर व नगदी लेकर पत्नी अपने प्रेमी के साथ भाग गई। पीड़ित पति ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी भानु ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व कानपुर निवासी खुशबू के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके संबंध कानपुर निवासी एक युवक के साथ हो गए। बीती 26 दिसंबर को वह उसकी पत्नी घर में रखे 10 हजार रुपये नगद और लगभग 80 हजार रुपये के जेवर लेकर घर से भाग गई। काफी तलाश करने के बाद भी पत्नी का कहीं पता नहीं चला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विधायक, पालिकाध्यक्ष का सम्मान आज

**कोंच(जालौन)।** तहसील परिसर में स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय के ठीक सामने टीनसेड का शिलान्यास बार संघ द्वारा संयोजित कार्यक्रम में 29 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन और पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता द्वारा किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते बार संघ के अध्यक्ष हरी सिंह निरंजन ने बताया कि इसके अलावा विधायक सहित पालिकाध्यक्ष का स मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बार के समस्त अधिवक्ताओं से कार्यक्रम में समय से शामिल होने का आह्वान किया है।

### सभी के सहयोग से भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे: गौरीशंकर

**जालौन (उरई)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा व काशीपुरा में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान गांव के निर्धन व निराश्रितों को कंबलों का भी वितरण किया गया। विकासखंड की ग्राम पंचायत सिकरीराजा व काशीपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गौरीशंकर वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है। शीघ्र ही हम विकसित राष्ट्र होंगे। पूर्व में जहां योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को नहीं मिल पाता था। अब सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। मोदी की गारंटी वाली एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# महिलाओं को दिलायी गई मतदाता जागरुकता की शपथ


मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाती हिमलेश शाक्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा महमदपुर गढ़िया विकासखंड राजेपुर में मतदाता जागरुकता की शपथ गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य ने दिलायी। गाइड कैप्टन हिमलेश शाक्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं को मतदान के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी लोग अपने मतदान का प्रयोग कर अच्छी सरकार बनाने में सहयोग करें। सभी लोग शत-प्रतिशत मतदान करें और अपने आसपास जन समुदाय आदि को वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

# कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कांग्रेस पार्टी** के स्थापना दिवस को टाउन हाल स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 12 प्रतिनिधियों ने 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई, वर्तमान में मुम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी। संस्थापक महासचिव एओह्यूम थे। जिन्होंने कलकत्ता के व्योमेश चन्द्र बनर्जी को अध्यक्ष नियुक्त किया था। जिसकी बागडोर आगे चलकर पंडित जवाहर लाल नेहरु ने संभाली। कांग्रेसियों ने शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी के नेतृत्व में टाउन हाल पहुंचकर स्थापना दिवस मनाया और गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने कहा कि 138 साल पहले कांग्रेस की स्थापना हुई थी। उस मिशन को पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध है। कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को पुनः घर-घर पहुंचाकर लोगों को जोड़ा जा रहा है। जनता इस बार समझ चुकी है। भ्रम की स्थिति पैदा करने वालों को करारा जबाव देगी। इस मौके पर पूर्ण प्रकाश शुक्ला पुन्नी, अम्बार अली, शिवाशीष तिवारी, पीएन सक्सेना, महेश चन्द्र वर्मा, काजिम हुसैन, हिलाल सफीकी, प्रभात कटियार, दीपक चतुर्वेदी, मनोज कुमार, आफताब हुसैन, नसरीन, शोभा, राजन, अर्जुन, धर्मेन्द्र, जुबेर, विजेन्द्र मिश्रा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।


गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी — समृद्धि न्यूज

# पू.मा.वि. बलीपुर में मतदाता जागरूकता की दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आगामी लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के अंतर्गत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बलीपुर कमालगंज में मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया तथा इससे पूर्व विद्यालय में स्टाफऔर सभी विद्यार्थियों को स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई तथा वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 हेतु सभी विद्यार्थी अपने-अपने घरों में, मोहल्ले में तथा गांव में टोली बनाते हुए मतदाता दिवस पर शत-प्रतिशत मतदान कराए जाने हेतु गांव वासियों को प्रेरित करेंगे तथा सर्वप्रथम अपने आसपास तथा घरों में जिनका वोट है उनको वोट डालने के लिए प्रेरित करना उनका उद्देश्य रहेगा। ब्लॉक स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा अवगत कराया। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी विद्यार्थी अपने प्रधानाध्यापक के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रैलियां निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करेंगे तथा वोट का महत्व समझाएंगे।


मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते सुधीर कुशवाहा — समृद्धि न्यूज

# नव वर्ष को लोग शालीनता से मनायें: हर्ष दुबे



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नए वर्ष के आगमन, वर्तमान वर्ष बीतने के मध्य होने वाली वेलकम नाइट एवम अन्य तरह से रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन कहां तक उचित है। इस पर विचार करने की अवश्यकता है। भारतीय परवेश जहां पर वैदिक सभ्यता एवम सनातन धर्म का जोरदार समर्थन किया जा रहा है। जगह-जगह पश्चात सभ्यता की आलोचना की जाती है, तब भारतीय परवेश में अंग्रेजी नववर्ष मनाने का कोई औचित्य नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है, यह रंगारंग कार्यक्रम मात्र मादक पदार्थों का इस्तेमाल एवम अश्लीलता को समाज में बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे। जिसका हम युवा वर्ग विरोध करते है और अन्य युवा समूहों से भी अपेक्षा करते है की समाज विरोधी कार्यों को बढ़ावा न दे। यदि अगर यहीं कार्यक्रम आयोजित करने है तो सलीनता के साथ करें। अपने अभिभावक- माता-पिता के देखरेख में आयोजित करें। जिससे युवाओं का एवम सर्वसमाज को सकारात्मक संदेश मिल सके। बदलते साल के साथ-साथ खुद को एवम समाज को बदलने की कोशिश करें। एक सार्थक जन्म के अर्थ को सिद्ध करें।

# आलू के भाव में 31 रुपये की गिरावट 551 से 651 तक में बिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू के भाव में गुरुवार को 31 रुपये की गिरावट आयी। जिससे आलू का भाव 651 रुपये कुंतल तक बिका। वहीं किसानों का कहना है कि लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। जानकारी के अनुसार एशिया प्रसिद्ध सातनपुर आलू मंडी में गुरुवार को आलू की आमद 125 मोटर रही। आलू के भाव में 31 रुपये की गिरावट दर्ज की गयी। आलू 551 से 651 प्रति कुंतल तक बिक्री किया गया। आज निबल आलू चेचक और घुघिया वाले 481 से 521 रुपए कुंतल तक में बिके। किसानों ने बताया कि आलू में मंदी के चलते उन्हें लागत के दाम निकालना मुश्किल हो रहा है। जिसके चलते कई किसानों ने फिलहाल आलू की खुदाई धीमी कर दी है। वहीं किसानों का यह भी कहना है कि यदि आलू खुदाई में ज्यादा विलम्ब करेंगे, तो गेहूं आदि की बुबाई में विलम्ब हो जायेगा। साथ ही जानवरों आदि का चारा भी नहीं बो पायेंगे। फिलहाल आलू के घटते बढ़ते दामों से किसानों के चेहरे मुरझाये हुए हैं।


सातनपुर आलू मंडी में बिक रहा आलू — समृद्धि न्यूज

# प्रबंधक राजेश मसीह व डा. नीतू मसीह ने क्रिसमस सेलीब्रेशन का किया आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**क्रिश्चियन इंटर** कालेज के प्रबंधक राजेश मसीह व रखा बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने फतेहगढ़ स्थित अपने निवास पर क्रिसमस सेलीब्रेशन का आयोजन किया। क्रिसमस पार्टी में उन्होंने अपने मित्र व शिक्षक एवं अधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया। पूरे दिन चली क्रिसमस पार्टी में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राजेश मसीह को क्रिसमस की शुभकामनायें दी। शिक्षक नेता व शिक्षकों ने भी प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस एक ऐसा त्योहार है जो पूरे साल भर में हम लोगों को एक साथ बैठकर मिलने-जुलने का मौका देता है। इस मौके को हम सेलीब्रेशन के रुप में मनाकर लोगों के मन में खुशियां लाये। यही क्रिसमस का उद्देश्य है। इस मौके पर पादरी स्टीफन मसीह, रंजीत मैसी, नीतिका सनी, जयवंत सनी, विशाल, प्रभात दीक्षित, चांदनी कटियार, नेहा मिश्रा, यादवेन्द्र सिंह परिहार, प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। साथ ही लजीज व्यंजनों का स्वाद चखकर लुफ्त उठाया।


क्रिसमस पार्टी में मौजूद राजेश मसीह मौजूद अन्य लोग

### गहोई सेवा समिति कोंच के आनंद सकेरे की धमाकेदार जीत

**कोंच(जालौन)।** गहोई सेवा समिति कोंच के चुनाव प्रक्रिया के तहत बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अध्यक्ष व मंत्री समेत कुल 6 पदों के लिए गहमागहमी के बीच मतदान संपन्न होने के बाद शाम 5 बजे मतगणना आरंभ हुई जो रात 10 बजे पूरी हो सकी और फिर परिणाम घोषित किया गया।

घोषित चुनाव परिणाम में अध्यक्ष पद पर आनंद सकेरे ने 196 मत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुभाष पहारिया को 50 मतों से पराजित कर जीत हासिल की। सुभाष को 146 मत प्राप्त हुए जबकि प्रवीण तरसौलिया को 97 और रामेश्वर अमीन को 23 मत ही प्राप्त हुए।

# लग्जरी होटल को भी मात दे रही अयोध्या की आधुनिक टेंट सिटी

▸ टेंट सिटीज में मिलेट्स, मोटे अनाज व सीजनल साग-सब्जियों से बने परोसे जायेंगे व्यंजन




**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

प्रभु श्रीराम उत्तर प्रदेश समेत देश-दुनिया की आस्था का केंद्र तो है ही, मगर जिस पावन नगरी में खुद श्रीहरि नारायण मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में साकार हुए हों उसका वैभव भला शब्दों में कैसे बयां हो सकता है। यही कारण है कि जिस प्रकार राम नाम की महिमा का बखान करते भक्त नहीं थकते उसी प्रकार अयोध्या भी केवल नगर नहीं बल्कि वैराग्य के वैभव का जीवित प्रतिमान है। राम राज्य की परिकल्पना को साकार होते देखने वाले इस शहर ने कई सदियों तक पराभव का दंश झेला, मगर अब दिन बहुरे तो एक बार फिर अयोध्या का खो चुका वैभव नए प्रारूपों में लौट कर आ रहा है। विकास के पथ पर अग्रसर अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व ही पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा है। ऐसे में, उनकी आवभगत के लिए पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के क्रियान्वयन के फलस्वरूप अयोध्या में कई प्रकार की सुविधाओं का विकास हो रहा है। इन्हीं में से एक है यहां की आधुनिक टेंट सिटी जिसे अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा डेवलप किया जा रहा है। एडीए की ये टेंट सिटीज डबल ऑक्यूपेंसी वाली लग्जरी व सेमी लग्जरी केटेगरी सुइट बेस्ड हैं। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं को प्रकृति की छांव में पौराणिक व आधुनिक अयोध्या के समावेश की अनुभूति होगी।हजारों श्रद्धालुओं के लिए नव्य-भव्य अयोध्या में ठहरने का माध्यम बन रही है टेंट सिटीजअयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर बनाए जा रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय धीरे-धीरे निकट आ रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश-विदेश से लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है।

## कैलाश विजयवर्गीय ने छोड़ा पार्टी महासचिव का पद

**भोपाल, नयी दिल्ली।** मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए गए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया।श्री विजयवर्गीय ने स्वयं इस बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रसाद नड्डा जी से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफ़ा सौपा। मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले श्री अमित शाह जी फिर श्री जेपी नड्डा जी के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न स्थानों पर संगठन को गढ़ने में प्राणप्रण से कार्य किया। अब मुझे पार्टी ने मध्यप्रदेश में एक नई भूमिका के लिए भेजा है। उन्होंने कहा कि अब वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प कि वर्ष 2047 में भारत, विश्व का शक्तिशाली देश बने, इस दिशा में मध्यप्रदेश को शक्तिशाली बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी, अध्यक्ष श्री नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में कार्य करेगें।

# गुना सड़क हादसा हृदय विदारक: प्रधानमंत्री

**भोपाल, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के गुना जिले में सड़क हादसे के दौरान बस में आग लगने के कारण 13 नागरिकों की मृत्यु की घटना को हृदयविदारक बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है, मध्यप्रदेश के गुना में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही इस दुर्घटना में घायल सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। इस बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज गुना जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और पीड़ितों के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने सख्त तेवर दिखाते हुए गुना के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) रवि बरेलिया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीडी करतोलिया को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।उधर गुना जिला कलेक्टर तरुण राठी ने सड़क हादसे के मामले में चार सदस्यीय एक जांच समिति गठित की है, जिससे तीन दिन में जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। इस समिति में गुना के अपर जिला दंडाधिकारी मुकेश कुमार शर्मा, अनुविभागीय दंडाधिकारी दिनेश सावंले, ग्वालियर संभाग के उप परिवहन आयुक्त अरुण कुमार सिंह और विद्युत विभाग के सहायक यंत्री प्राण सिंह राय शामिल हैं।गुना जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में कल रात एक डंपर ने सामने से आ रही यात्री बस को टक्कर मार दी थी।

## खबरें एक नजर में

### पुंछ-राजौरी में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी

**पुंछ।** पुंछ और राजोरी जिले के जंगली इलाकों में छिपे आतंकवादियों की धर पकड़ के लिए सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान गुरुवार को भी जारी है। सुरक्षाबल कई जंगली इलाकों में चप्पे-चप्पे को खंगाल रहे हैं। साथ ही लोगों के घरों में भी पूछताछ की जा रही है, लेकिन कहीं कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आने-जाने वाले सभी रास्तों को बंद रखा है।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा पर लगा 56 लाख रुपये का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड पर अपने दोपहिया कारोबार के संबंध में जीएसटी से पहले की व्यवस्था में उपलब्ध इनपुट सेवा वितरक क्रेडिट को गलत तरीके से जीएसटी-तंत्र में आगे बढ़ाने के लिए 56 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। महिंद्रा ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, खंड-4, अहमदाबाद दक्षिण के कार्यालय के सहायक आयुक्त से महिंद्रा टू-व्हीलर्स लिमिटेड (एमटीडब्ल्यूएल) के दोपहिया वाहन कारोबार के संबंध में 56,04,246 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। इस कारोबार को एमटीडब्ल्यूएल से अलग कर एमएंडएम में विलय कर दिया गया था। इसमें कहा गया, आदेश इस आधार पर पारित किया गया है कि जीएसटी-पूर्व तंत्र में उपलब्ध इनपुट सेवा वितरक (आईएसडी) क्रेडिट की शेष राशि गलत तरीके से जीएसटी-तंत्र में आगे बढ़ाई गई थी। कंपनी ने कहा है कि मूल्यांकन के आधार पर अपील दायर की जाएगी और उसे अपीलीय स्तर पर अनुकूल परिणाम की उम्मीद है और उसे नहीं लगता कि उक्त आदेश से कंपनी पर कोई वित्तीय प्रभाव पड़ेगा।

### बाटा इंडिया को मिला 60.56 करोड़ रुपये का नोटिस

**नयी दिल्ली।** जूता-चप्पल बनाने वाली कंपनी बाटा इंडिया को चेन्नई के अन्ना सलाई असेसमेंट सर्कल के राज्य कर अधिकारी से 60.56 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि नोटिस 2018-19 वित्त वर्ष के लिए अंतिम ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए कई मुद्दों से संबंधित है। नोटिस पर 27 दिसंबर 2023 की तारीख है। अंतिम ऑडिट रिपोर्ट 25 दिसंबर को पेश की गई थी। रिपोर्ट में मासिक जीएसटी रिटर्न में बाहरी आपूर्ति पर टर्नओवर में अंतर, जीएसटीआर-9 तथा जीएसटीआर-9सी रिटर्न में बाहरी आपूर्ति पर कर में अंतर आदि जैसे मुद्दे उठाए गए थे। कंपनी ने कहा कि उसे शुरुआत में 27 अप्रैल 2023 को एक ऑडिट नोटिस मिला था और उसने जवाब में प्रासंगिक दस्तावेज जमा कर दिए हैं।

### श्रीमद रामायण टीम ने शुरू की जन्मस्थान की यात्रा



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद रामायण' की टीम ने भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या की तीर्थयात्रा शुरू की, जो उनकी रचनात्मक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पल है। इस यात्रा ने उन्हें उनकी कहानी की ऐतिहासिक जड़ों से गहराई से जुड़ने का अवसर दिया। टीम की खोज में राम जन्मभूमि, कनक भवन और हनुमान गढ़ी जैसे पवित्र स्थल शामिल थे, जिन्होंने उन्हें शहर के आध्यात्मिक माहौल और ऐतिहासिक महत्व से जोड़ा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के बिज़नेस हेड, नीरज व्यास ने इस यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला अयोध्या की हमारी यात्रा भगवान राम की कहानी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम आज की दुनिया में उनकी प्रासंगिकता पर ज़ोर देते हुए, उनके कालातीत आदर्शों और शिक्षाओं को प्रस्तुत करने के लिए समर्पित हैं।

# लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करेगी टीएमसी: ममता बनर्जी

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) और कांग्रेस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि टीएमसी आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में भाजपा के खिलाफ लड़ाई की अगुवाई करेगी।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपाविपक्षी दलों के नेताओं पर चोर का ठप्पा लगा रही है। उन्होंने कहा कि देश में एक ऐसी व्यवस्था बन गयी है जहां लोकतंत्र का संचालन केंद्रीय एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है। ममता ने कहा, माकपा, भाजपा और कांग्रेस



ने पश्चिम बंगाल में गठबंधन बनाया है और सक्रिय रूप से हमारे खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) राष्ट्रव्यापी स्तर पर भाजपा का मुकाबला करेगा जबकिपश्चिम बंगाल में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। मुख्यमंत्री ने उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश मूल के लोगों की बड़ी आबादी तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए नागरिकता के मुद्दे में हेरफेर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,भाजपा नागरिकता के मुद्दे का इस्तेमाल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए कर रही है। भाजपा इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रही है। पहले, जिलाधिकारी नागरिकता से जुड़े मामलों का फैसला करते थे, लेकिन अब उनसे ये शक्तियां छीन ली गई हैं।

यदि लोगों के पास नागरिकता नहीं होगी, तो वे सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ कैसे उठा पाएंगे? ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नागरिकता को लेकर दिए गए एक बयान के जवाब में यह टिप्पणी की है। अमित शाह ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के कार्यान्वयन को कोई नहीं रोक सकता क्योंकि यह देश का कानून है। शाह ने बनर्जी पर इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया था।

# नगर निगम में हंगामे के बाद नेता प्रतिपक्ष समेत चार सदस्य निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की गुरुवार की बैठक में हंगामा के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने नेता प्रतिपक्ष सहित चार सदस्यों को 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया। इनमें नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह तथा योगेंद्र वर्मा, गजेंद्र सिंह और रवि नेगी शामिल हैं। दिल्ली नगर निगम की सदन की बैठक में भाजपा ने कथित दवाई घोटाले के विरोध में हंगामा किया था।

भाजपा पार्षदों के विरोध पर दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय का कहना है कि अगर प्रतिपक्ष के सदस्य सवाल उठाना चाहते हैं तो उठा सकते हैं लेकिन टेबल के ऊपर खड़े होकर बैनर दिखा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वे वहां अपना प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम चर्चा शुरू करते हैं तो राय और इनपुट देते हैं लेकिन कुर्सी पर बैठते ही वे हंगामा शुरू कर देते हैं। यह सब पूर्व नियोजित है। शैली ओबराय ने कहा कि एमसीडी के नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह 2-3 सत्रों से सत्र शुरू होने से पहले ही हंगामा करना शुरू कर देते हैं और अपने पार्षदों को सदन के अंदर हंगामा करने के लिए उकसाते हैं। वे लोगों के मुद्दों पर चर्चा नहीं चाहते हैं। मेयर ने कहा कि ये ऐसे मुद्दे उठाते हैं, जिसका एमसीडी से कोई लेना-देना नहीं है। शैली ओबराय ने कहा कि राजा इकबाल सिंह, योगेन्द्र वर्मा, गजेंद्र सिंह और रवि नेगी इन चारों सदस्यों को सदन से निलंबित करने से पहले भी कई बार चेतावनी भी दी गई थी। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि हमें यह नहीं बताया गया कि आज गुरुवार को सदन क्यों बुलाया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाएं दी जा रही हैं। हम मांग करते हैं कि सौरभ भारद्वाज को गिरफ्तार किया जाए।

## कांग्रेस ने 'दान' जुटाने के लिए कुर्सियों पर लगाए क्यूआर कोड

**नयी दिल्ली/नागपुर।** कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 साल पूरा होने पर लोगों से 'देश के लिए दान' देने का अभियान शुरु किया है और इस मौके पर नागपुर में आयोजित रैली में हर कुर्सी के पीछे बार कोड का स्टीकर लगाया है ताकि कार्यकर्ता आसानी से दान दे सकें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही 'देश के लिए दान दें' अभियान की शुरुआत कर चुके हैं जिसके तहत दानदाताओं से पार्टी के लिए 138 रुपए, 1338 रुपए, 13800 रुपए और इसी तरह के अंकों में इससे अधिक राशि दान देने की मांग की गई है। कांग्रेस के स्थापना दिवस पर नागपुर में हो रही रैली में लगी कुर्सियों पर क्यूआर कोड लगाए गये हैं ताकि कार्यकर्ताओं को दान देने में आसानी हो। पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कांग्रेस के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित नागपुर रैली में, हर कुर्सी के पीछे एक बार कोड का स्टीकर लगा है। उसको स्कैन कर आप 138, 1380, 13800, 138000 या उससे भी अधिक कांग्रेस को दान स्वरूप दे सकते हैं।

# फोन चलाना नहीं छोड़ पा रहे बच्चे तो ये गलतियां हो सकती हैं जिम्मेदार



पहले जमाने में जहां बच्चे खिलौने से खेलना पसंद करते थे आज वहीं बदलते समय और तकनीक के साथ बच्चों के हाथों में मोबाइल की जगह फेन दिख रहे हैं। स्मार्टफेन, टीवी, लैपटॉप जैसी चीजों के बच्चे इतने ज्यादा आदि हो गए हैं कि इसके कारण उन्हें मोटापा, डिप्रेशन, कमजोर आईसाइट जैसी समस्याएं हो रही हैं। हालांकि इन सभी में बच्चों के साथ-साथ कहीं न कहीं पेरेंट्स भी जिम्मेदार हैं। क्योंकि पेरेंट्स अपने बच्चों से ही कई सारी बातें सीखते और करते हैं। आज आपको कुछ ऐसी गलतियां बताते हैं जिनके कारण आपके बच्चे फेन के आदि हो रहे हैं।

**ज्यादा फोन इस्तेमाल करना**

यदि आप खुद फेन ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो बच्चों को फेन से कैसे दूर रख सकते हैं। क्योंकि आपको देखकर ही बच्चे अच्छी और बुरी आदतें सीखेंगे। यदि आप खुद सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं या फिर बच्चों के सामने फेन का इस्तेमाल करते हैं तो बच्चे भी ऐसे ही करेंगे। ऐसे में यदि आप चाहते हैं कि बच्चे फेन से दूर रहे हैं तो उन्हें फेन देने का एक समय रखें। जब बच्चे आपके आस-पास हों तो उन्हें समय दें और फेन को एक तरफ रख दें।

**खुद फोन दे देना**

एक्सपर्ट्स की मानें तो बच्चे को किसी भी चीज से दूर रखने के लिए उसे लालच देना ठीक नहीं है। हालांकि ज्यादातर पेरेंट्स बच्चों को कंट्रोल रखने के लिए यही तरीका आजमाते हैं। पेरेंट्स बच्चों की जिद्द पूरी करने के लिए उन्हें फेन चलाने के लिए दे देते हैं। हालांकि बच्चे आगे चलकर जिद्दी बन जाते हैं और बात भी नहीं मानते। इसलिए यदि उन्हें स्क्रीन से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं। अपनी बात मनवाने के लिए बच्चों को लालच बिल्कुल भी न दें। ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताने के कारण बच्चों पर बुरा असर हो सकता है।

**बच्चे को एक्टिविटीज न करवाना**

पेरेंट्स बच्चों के बोर होने पर उन्हें हाथ में फोन पकड़ा देते हैं या फिर टीवी चला देते हैं लेकिन यह आदत सही नहीं है इसके कारण बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ता है। फेन की जगह आप बच्चे से इंडोर एक्टिविटीज करवाएं। इसके अलावा आप चाहें तो बच्चों को ऐसी मेमोरी गेम्स करवा सकते हैं जिससे उनका दिमाग विकसित हो।

**बच्चों को समय न दे पाना**

जब पेरेंट्स बच्चों को समय न दें तो भी वह अपना समय बिताने के लिए तरीका ढूंढ लेते हैं। लेकिन सही परवरिश वही है जिसमें आप बच्चों को समय दें। ये अच्छी परवरिश की तरफही पहला कदम होता है। बच्चों को यदि आप समय नहीं देंगे तो वह ऐसी आदतों के शिकार हो जाएंगे जो उनके लिए हानिकारक हो सकती हैं। पेरेंट्स के समय न देने के कारण ही बच्चे मोबाइल फेन के आदि हो सकते हैं।

# साल 2023 : 40 लाख करोड़ का निवेश, 1 करोड़ से ज्यादा रोजगार अवसरों का सृजन

उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का सपना देखने वाली योगी सरकार ने वर्ष 2023 में अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि जल्द ही यह सपना हकीकत की शक्ल लेने वाला है। मु यमंत्री योगी की विजनरी नीतियों और कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप प्रदेश में अब तक 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। वर्ष 2023 के फरवरी महीने में ग्लोबल इनवेस्टर समिट के आयोजन के उपरांत प्रदेश में निवेश की सतत प्रक्रिया जारी है। सरकार का दावा है कि इससे प्रदेश में एक करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का कार्य भी तेजी से जारी है और वर्ष 2024 के शुरुआती महीनों में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 2024 के प्रथम चरण के जरिए 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी है। आइए, जानते हैं उन परियोजनाओं के बारे में जिन्होंने वर्ष भर सुर्खियां बटोरीं और तेजी से धरातल पर उतरने की ओर अग्रसर हैं...

**बल्क फार्मा व ड्रग पार्क, ललितपुर**

ललितपुर के कुल 5 गांवों में 1472 एकड़ में फैले बल्क ड्रग फार्मा पार्क में दो फेज में विकास का खाका खींचा गया है। फिलहाल, पहले फेज के तहत 300 एकड़ क्षेत्र में डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मैपिंग, सॉयल सैंपलिंग व अवसंरचनात्मक विकास की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। फिल्म सिटी, लॉजिस्टिक्स पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर, डेडिकेटेड एमएसएमई एपेरेल, हैंडीक्रा ट व टॉय पार्क, ग्रेटर नोएडा ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का विकास विभिन्न चरणों में जारी है। लॉजिस्टिक्स पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा सेंटर पार्क व इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर्स में निवेशकों को भूमि आवंटन व अवसंरचनात्मक विकास की प्रक्रिया जारी है। इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर में दिग्गज कंपनियों को संयंत्र स्थापित करने के भूमि आवंटन व अन्य प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर फोकस किया जा रहा है। वहीं, डेडिकेटेड एमएसएमई एपेरल, हैंडीक्रा ट टॉय पार्क में



इंडस्ट्रियल व कमर्शियल स्पेसेस के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन प्रोजेक्ट्स से संबंधित भूमि आवंटन स्की स व विकास की तमाम प्रक्रियाओं को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्ण किया जा रहा है।

**एआई सिटी, लखनऊ**

लखनऊ के नादरगंज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिटी के विकास की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) ÷यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति (यूपीईएमपी)÷ के अंतर्गत इस प्रस्तावित शहर का विकास करेगा जिसके पहले फेज में 40 एकड़ के लैंड पार्सल में एआई बेस्ड साइबर सिटी का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के तहत आईटी कंपनियों के लिए ग्रेड-ए सर्टिफाइड कमर्शियल स्पेस, स्टेट ऑफ द आर्ट डाटा सेंटर, ग्रेड-ए लेक्सिबल वर्क प्लेसेस व टेक लैब्स के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं, कमर्शियल स्पेसेस के साथ लग्जरी व अफोर्डेबल हाउसिंग रेसिडेंशियल कॉ पलेक्स, रीक्रिएशन एरिया, हरित क्षेत्र समेत कई वर्ल्ड क्लास एमिनिटीज के निर्माण का रास्ता भी साफ होगा।

**गीडा प्लास्टिक व टॉय पार्क, गोरखपुर**

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) द्वारा प्लास्टिक व टॉय पार्क के विकास की प्रक्रिया भी कई चरणों में जारी है। यहां कई संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं जबकि कइयों के विकास का काम जारी है। प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2023 में कई प्लॉट आवंटन स्की स के जरिए इस परियोजना में निवेशकों को संयंत्र लगाने के लिए प्लॉट आवंटित किए गए हैं तथा यहां संयंत्र लगाने वाले निवेशकों को राज्य सरकार की ओर से तमाम प्रोत्साहन व अन्य जरूरी सहूलियतें उपलब्ध कराई जा रही है।



**उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर**

देश की रक्षा जरूरतों को पूरा करने व इस क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत ब्राह्मोस मिसाइल्स से लेकर विभिन्न प्रकार के डिफेंस इक्विप्मेंट्स की मैनुफैक्चरिंग आने वाले वर्षों में की जाएगी। इस उद्देश्य से वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे तथा एयर, वॉटर व सॉयल टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इनके पूर्ण होने के बाद उ मीद की जा रही है कि वर्ष 2024 में परियोजनाओं को गति मिलेगी।

**पूर्वांचल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 5 एक्सप्रेसवे के किनारे 5800 हेक्टेयर में 30 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स के विकास की प्रक्रिया वर्ष 2023 में शुरू की गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे व गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे इन कॉरिडोर्स का विकास किया जा रहा है। इसमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे 5 साइट्स की 1586 हेक्टेयर भूमि पर 2300 करोड़ रुपए की लागत से पूर्वांचल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है। इसी प्रकार, गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 11 साइट्स की 1522 हेक्टेयर भूमि पर 2300 करोड़ रुपए की लागत से, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 साइट्स की 1884 हेक्टेयर भूमि पर 1500 करोड़ रुपए की लागत से, आगरा-लखनऊ






एक्सप्रेसवे के किनारे 5 साइट्स की 532 हेक्टेयर भूमि पर 650 करोड़ रुपए की लागत से तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे 2 साइटों की 345 हेक्टेयर भूमि पर 320 करोड़ रुपए की लागत से इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल सिटी (बीडा)**

बुंदेलखंड के विकास को लक्षित करते हुए वर्ष 2023 में झांसी के पास नोएडा के तर्ज पर एक अन्य औद्योगिक शहर व प्राधिकरण के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) की शक्ल में इस शहर को झांसी के 33 गांवों की भूमि समाहित कर 35000 एकड़ में बसाने की प्रक्रिया जारी है। साथ ही, प्राधिकरण के संचालन के लिए प्रशासनिक संगठनात्मक प्रक्रिया भी जारी है। उ मीद है वर्ष 2024 में यह परियोजना तेजी से धरातल पर उतरने की ओर बढ़ेगी। योगी सरकार द्वारा 5000 करोड़ रुपए की लागत से इस शहर के विकास प्रक्रिया को गति दी जाएगी।

**अशोक लेलेंड ई-बस मैनुफैक्चरिंग प्लांट**

राजधानी लखनऊ में देश के सबसे बड़े कमर्शियल व्हीकल निर्माता कंपनियों में शुमार अशोक लेलेंड की ई-बस मैनुफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना व विकास का कार्य जारी है। उल्लेखनीय है कि सितंबर माह में कंपनी ने सीएम योगी से मुलाकात करके प्लांट लगाने के लिए एमओयू प्राप्त किया था जिसके अंतर्गत 70 एकड़ क्षेत्र में इसका विकास निर्धारित किया गया था। 2025 में होने वाले महाकुंभ में वह राज्य सरकार को यहां निर्मित 5000 ई-बसें उपलब्ध कराएगा। माना जा रहा है कि वर्ष 2024 के मध्य तक यह प्लांट पूरी क्षमता से कार्य करने लगेगा।



**फूजी सिल्वरटेक प्लांट**

जापान की इस कंपनी द्वारा उत्तर प्रदेश में बड़े निवेश के तहत वर्ष 2023 में संयत्र स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ करार किया था। प्रदेश में नई एफडीआई पॉलिसी का लाभ पाने वाली यह पहली कंपनी बनी थी और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 25 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जा रही है। यह कंपनी विशिष्ट प्रकार के बड़े कॉन्क्रीट मिक्सर व्हीकल्स बनाती है और उत्तर प्रदेश में तीन चरणों में संयंत्र का पूरी तरह से विकास करेगी। इस संयंत्र के स्थापित होने से 700 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मुहैया हो सकेगा।